नई दिल्ली

गुरुवार, 11 जुलाई 2024

आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष, पंचमी वर्ष : 28, अंक : 91

पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम

अधि. 38

न्यून. 28

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

Muthoot Finance

गोल्ड लोन पाएं घर पर



1800 313 1212


## ऑस्ट्रिया से भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया को दिया शांति का संदेश

### वियना में चांसलर नेहमर संग हुई द्विपक्षीय बैठक में दोहराया, यह युद्ध का समय नहीं मासूमों की जान की हानि स्वीकार्य नहीं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रूस के बाद यूरोपीय देश ऑस्ट्रिया से भी बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया के लिए अपने शांति के संदेश को मजबूती के साथ दोहराया है। इसमें खासतौर पर यूक्रेन और इजरायल-हमास संघर्ष को लेकर उन्होंने कहा कि यह युद्ध का समय नहीं है। समस्याओं का समाधान रणभूमि में नहीं हो सकता है।

कहीं भी हो मासूम लोगों की जान की हानि स्वीकार्य नहीं है। वैश्विक संघर्षों का मामला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ऑस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहमर की वियना में हुई द्विपक्षीय बैठक में भी प्रमुखता से शामिल रहा। बैठक के बाद मीडिया के समक्ष दिए साझा वक्तव्य में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 19वीं सदी में जिस ऐतिहासिक जगह पर वियना कांग्रेस ▶▶ शेष पेज 7 पर

### पीएम मोदी के स्वागत में ऑस्ट्रिया कलाकारों ने गाया 'वंदे मातरम'



रूस के दो दिवसीय दौरे के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक दिवसीय दौरे पर ऑस्ट्रिया पहुंचे। एयरपोर्ट पर ऑस्ट्रिया के विदेश मंत्री एलेक्जेंडर शालेनबर्ग ने पीएम मोदी का भव्य स्वागत किया। वहां से मोदी होटल रिट्ज-कार्लटन पहुंचे। वहां ऑस्ट्रियाई कलाकारों ने उनका स्वागत करते हुए 'वंदे मातरम' गाया। पीएम मोदी के सामने वंदे मातरम गाने वाले ऑस्ट्रियाई कलाकार इब्राहिम ने इस खास मौके पर अनुभव साझा किया। उन्होंने कहा कि यह ऑस्ट्रिया और ऑस्क्रेट्रा के लिए सम्मान की बात है। पीएम मोदी के साथ बातचीत पर उन्होंने कहा कि यह अद्भुत था। आप देख सकते हैं कि उन्हें वास्तव में ▶▶ शेष पेज 7 पर

## पर्यटक वीजा पर रूस पहुंचे भारतीय मामला वाणिज्यिक, राजनीतिकरण नहीं होना चाहिए: रोमन बबुशकिन

भारतीयों की जल्द स्वदेश वापसी पर रूस के वादे के ठीक अगले दिन नई दिल्ली में बोले रूस के 'चार्ज डी अफेयर्स' रोमन बबुशकिन।

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत और रूस के राष्ट्राध्यक्षों के मध्य मॉस्को में हुई हालिया अनौपचारिक बातचीत में यूक्रेन संघर्ष के बीच रूसी सेना में सेवाएं दे रहे भारतीय नागरिकों की भर्ती पर रोक लगाते हुए उनकी शीघ्र स्वदेश वापसी पर प्रदान की गई सहमति ▶▶ शेष पेज 7 पर

### पर्यटक वीजा पर पैसे कमाने पहुंचे रूस

बबुशकिन ने कहा, हालांकि इस मामले पर हम भारत सरकार के साथ हैं और उम्मीद करते हैं कि इसका जल्द समाधान निकले। लेकिन कई भारतीय वाणिज्यिक फ्रेमवर्क के तहत भर्ती किए गए हैं। जिसमें उनका उद्देश्य केवल पैसे कमाना था। अभी इनकी संख्या 50, 60 और 100 है। जो कि बड़े विवाद के बीच काफी कम है। ▶▶ शेष पेज 7 पर

### संविदा शर्तों से तय होगा मुआवजा

उन्होंने संघर्ष के बीच मारे गए भारतीयों को मुआवजा या उनके परिवारों को रूस की नागरिकता दिए जाने से जुड़े सवाल के जवाब में कहा कि यह सभी चीजें संविदा शर्तों से जुड़ी हुई हैं। यहां बता दें कि बीते 9 जुलाई को भारत के विदेश सचिव विनय क्वात्रा ▶▶ शेष पेज 7 पर

### सुप्रीम कोर्ट की बड़ी टिप्पणी : पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के कार्यकाल में बने एक बेहद विवादित कानून को बड़ा झटका

*नए कानून में कहा गया कि मुस्लिम महिला तलाक के बाद सिर्फ इद्दत के 90 दिनों तक गुजारा भत्ता पाने की हकदार होती है। 2001 में सुप्रीम कोर्ट ने भी इस कानून पर अपनी मुहर लगाई थी*

# मुस्लिम महिलाएं पति से ले सकती हैं गुजारा भत्ता, यह कोई दान नहीं... हक

- मुस्लिम महिलाएं भी सीआरपीसी की धारा 125 के तहत राहत मांगने की हकदार
- ऐसे ही फैसले को पलटने के लिए राजीव गांधी सरकार ने 1986 में कानून लाया था

*सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम महिला (तलाक संबंधी अधिकारों का संरक्षण) कानून, 1986 की सीमाओं को तोड़ते हुए कहा कि महिला चाहे किसी भी धर्म की हो, उसे शादी टूटने पर पति से गुजारा-भत्ता मांगने का हक है।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के कार्यकाल में बने एक बेहद विवादित कानून को बड़ा झटका दिया है। शीर्ष कोर्ट ने तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को भी आपराधिक दंड संहिता (सीआरपीसी) की धारा 125 के तहत गुजारा भत्ते की मांग करने का हकदार ▶▶ शेष पेज 7 पर

**भारतीय पुरुष गृहिणियों की भूमिका और उनके त्याग को जरूर समझें**



*जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि कुछ पतियों को पता ही नहीं कि पत्नियां जो गृहिणी है, वो उन पर भावनात्मक और अन्य दूसरे रूप से भी उन्हीं पर निर्भर होती हैं। समय आ गया है कि भारतीय पुरुष गृहिणियों की भूमिका और उनके त्याग को जरूर समझें।*





### याचिकाकर्ता का दावा- सीआरपीसी से बेहतर है 1986 का कानून

समद के वकील ने कहा कि मुस्लिम महिला अधिनियम, 1986 की धारा 3 में मेहर, दहेज और संपत्ति की वापसी से संबंधित प्रावधान हैं और यह किसी भी मुस्लिम महिला के लिए ज्यादा फायदेमंद है। उन्होंने कहा कि 1986 का कानून के तहत मुस्लिम महिला के लिए ताउम्र 'उचित और निष्पक्ष' प्रावधान हैं जो सीआरपीसी की धारा 125 के तहत नहीं है।

### क्या है सीआरपीसी की धारा 125?

सीआरपीसी की धारा 125 में पत्नी, संतान और माता-पिता के भरण-पोषण को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई है। इस धारा के अनुसार पति, पिता या बच्चों पर आश्रित पत्नी, मां-पिता या बच्चे गुजारे-भत्ते का दावा केवल तभी कर सकते हैं, जब ▶▶ शेष पेज 7 पर

### सीआरपीसी की धारा 125 सभी धर्मों पर लागू

ताजा मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सीआरपीसी की धारा 125 सभी धर्म की महिलाओं पर लागू होता है यानी यह एक धर्मनिरपेक्ष प्रावधान है। कोर्ट ने अपने फैसले में स्पष्ट कह दिया है कि यह फैसला हर धर्म की महिलाओं पर लागू होगा और मुस्लिम महिलाएं भी इसका सहारा ले सकती हैं। दरअसल, यह पूरा मामला तेलंगाना के एक व्यक्ति अब्दुल समद और उसकी तलाकशुदा पत्नी से जुड़ा हुआ है। फैमिली कोर्ट ने अब्दुल समद को 20 हजार रुपए प्रति माह गुजारा भत्ता देने को कहा था। समद ने इसे तेलंगाना हाई कोर्ट में चुनौती दी। तब हाई कोर्ट ने गुजारा भत्ते की रकम आधी करके 10 हजार रुपए प्रति माह कर दी। ▶▶ शेष पेज 7 पर

### जब भी कांग्रेस सत्ता में रही है, संविधान खतरे में रहा है: त्रिवेदी

## सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के लिए सबसे बड़े खतरों में से एक को खत्म किया: भाजपा

भाजपा ने मुस्लिम महिलाओं के तलाक के बाद अपने पतियों से गुजारा भत्ता पाने की हकदार होने के फैसले का किया स्वागत



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने बुधवार को कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के लिए सबसे बड़े खतरों में से एक को खत्म कर दिया है। उन्होंने कहा कि जब भी कांग्रेस सत्ता में रही है, संविधान खतरे में रहा है। यह (राजीव गांधी सरकार का) एक निर्णय था जिसने संविधान पर शरिया को प्रधानता दी।

गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक फैसले में कहा है कि मुस्लिम महिलाएं तलाक के बाद अपने पतियों से गुजारा ▶▶ शेष पेज 7 पर

### 13 जुलाई को आएंगे परिणाम

## 7 राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर 63.23% पड़े वोट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बुधवार को 7 राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हुए। वोटिंग सुबह 7 बजे शुरू हुई, जो शाम 6 बजे तक चली। 13 विधानसभा सीटों में 63.23% वोट पड़े। सबसे ज्यादा 78.71 फीसदी मतदान मप्र की अमरवाड़ा सीट पर हुआ है। वहीं, उत्तराखंड की बद्रीनाथ सीट पर सबसे कम 47.68 लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया है। 13 सीटों पर उतरे सभी 121 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई। इस चुनाव में हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखू ▶▶ शेष पेज 7 पर

### लाशें देख पुलिसकर्मी बेहोश

## टैंकर में बस ने पीछे से मारी टक्कर, 18 की मौत, 30 घायल



एजेंसी ▶▶ उन्नाव

उप्र के उन्नाव में भीषण सड़क हादसा हुआ है। ल ख न ऊ - आ ग रा एक्सप्रेस-वे पर आपनी गति से जा रहे दूध के टैंकर में पीछे ▶▶ शेष पेज 7 पर


### पीएम ने किया 2-2 लाख की सहायता का ऐलान

पीएम नरेंद्र मोदी ने इस हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए कहा है कि जिन्होंने अपने परिजन को खोया है ईश्वर उन्हे इस कठिन समय में संबल प्रदान करे और घायलों को जल्द ठीक करे। उन्होंने एक्स पर मृतकों ▶▶ शेष पेज 7 पर

## बाजार में हाहाकार: 900 अंक फिसला सेंसेक्स

- 80 हजार के स्तर के पार हुआ क्लोज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय शेयर बाजार में जहां बीते कारोबारी दिन मंगलवार को जोरदार तेजी देखने को मिली थी और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 80,000 के स्तर के पार क्लोज हुआ था। बुधवार को ये तेजी जारी नहीं रह सकी और शेयर बाजार खुलने के कुछ ही मिनटों बाद धराशायी हो गया। हालांकि, बीएसई सेंसेक्स ने जैसे ही कारोबार शुरू

किया अपना नया ऑल टाइम रिकॉर्ड लेवल छू लिया और अगले ही पर बिखरने लगा। सेंसेक्स 900 अंक से ज्यादा फिसलकर कारोबार कर रहा था, जबकि एनएसई निफ्टी 240 अंक से ज्यादा गिरावट के साथ ट्रेड कर रहा था।

### मप्र के कृषि मंत्री ऐंदल सिंह ने शिवराज के साथ की बैठक

## केन्द्र सभी राज्यों में उड़द, अरहर और मसूर की शत-प्रतिशत खरीद के लिए प्रतिबद्ध

- यूपी के कृषि मंत्री शाही ने भी की चौहान से मुलाकात

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने देश में कृषि क्षेत्र की तीव्र प्रगति के उद्देश्य से राज्यवार चर्चाओं की शुरुआत की है। इसी पहल के तहत केंद्रीय मंत्री ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित कृषि भवन में मध्य प्रदेश के कृषि मंत्री ऐंदल सिंह कंसाना के साथ बैठक की। यूपी के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के नेतृत्व में उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने भी चौहान के साथ बैठक कर कृषि क्षेत्र के मुद्दों पर चर्चा की।

केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार राज्यों को हरसंभव सहायता प्रदान करती रहेगी। बैठक में फसलों के विविधीकरण को बढ़ावा देने, सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग, डिजिटल फसल सर्वेक्षण, किसान रजिस्ट्री, ई-नाम, किसान उत्पादक संगठनों को मजबूत बनाने, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और कृषि यंत्रीकरण आदि सहित ▶▶ शेष पेज 7 पर

### लोकोपायलट से मिलना, विषय को उठाने को बताया नाटकबाजी

## रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव का राहुल गांधी पर तीखा प्रहार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने नई दिल्ली स्टेशन पर भारतीय रेल के ड्राइवर्स जिन्हें लोकोपायलट कहते हैं पिछले दिनों बात मुलाकात कर उनकी स्थिति की जानकारी ली थी। मुख्य रूप से ओवरटाइम ड्यूटी की शिकायत निकल कर सामने आई तो राहुल गांधी ने केंद्र सरकार को इस ओर ध्यान आकृष्ट किया था। उस दिन उत्तर रेलवे के प्रवक्ता ने बयान जारी कर राहुल गांधी से मुलाकात करने वाले लोकोपायलट को 'बाहरी' बताते हुए मूल मुद्दे पर रेलवे का पक्ष रखने के बजाय विषय को घुमाने की कोशिश की थी। बुधवार को इस मसले पर खुद रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव ने मोर्चा संभाला। राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए उन्होंने लोकोपायलट द्वारा राहुल गांधी के समक्ष दर्ज की गई शिकायतों को 'फर्जी खबर' की संज्ञा दी। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए विपक्ष पर फर्जी खबरों से रेलवे परिवार का मनोबल गिराने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने बतौर रेलमंत्री सफाई देते हुए इस बात को साफ इंगित किया कि नरेंद्र मोदी सरकार केंद्र में आने के बाद लोकोपायलट की स्थिति कैसे बेहतर हुई है! ▶▶ शेष पेज 7 पर

### कैंपस प्लेसमेंट घटा, प्लेसमेंट हुआ तो उचित वेतन नहीं

## राहुल ने दुखती नब्ज पर रखा हाथ आईआईटी पास युवा भी बेरोजगार



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

आम की बात क्या करें, इन दिनों खास भी नौकरी को लेकर कैसे परेशान हैं इसकी बानगी है कि आईआईटी जैसे संस्थानों से पढ़कर निकल रहे युवाओं को बेरोजगारी का सामना करना पड़ रहा है। जी हां आप सही पढ़ रहे हैं, युवाओं का ▶▶ शेष पेज 7 पर


अन्नदाता की पहली पसंद शक्ति पम्पस्

SHAKTI PUMPING LIFE

40% अधिक डिस्चार्ज

अन्नदाता की शक्ति

शक्ति सोलर पम्प

पीएम कुसुम योजना में सम्पूर्ण देश में सबसे अधिक और हरियाणा में 32,000 से ज्यादा पम्प लगाने वाली एकमात्र कंपनी।

पीएम कुसुम योजना के तहत हरियाणा के किसान भाईयों के लिये 75% सब्सिडी के साथ सोलर पम्प पाने का सुनहरा मौका



5 वर्षों की वॉरंटी | बिजली बिल से मुक्ति | न्यूनतम मेंटेनेंस | 4G रिमोट मॉनिटरिंग सिस्टम

क्षमता व लाभार्थी का हिस्सा

| पम्प की क्षमता | प्रकार | उपभोक्ता द्वारा देय राशि |
|---|---|---|
| 3 HP DC | सरफेस (मोनोब्लॉक) | ₹ 53,926 |
| 7.5 HP DC | सबमर्सिबल | ₹ 1,13,629 |
| 10 HP DC | सबमर्सिबल | ₹ 1,42,170 |
| 10 HP AC | सबमर्सिबल | ₹ 1,40,759 |
| 10 HP DC | सबमर्सिबल (USPC के साथ) | ₹ 2,02,253 |
| 10 HP AC | सबमर्सिबल (USPC के साथ) | ₹ 2,06,486 |

ऑनलाईन पोर्टल https://saralharyana.gov.in पर जाएं एवं सबसे पहले नंबर पर शक्ति पम्पस् का चयन करें

पोर्टल की समय सीमा 11 जुलाई से 25 जुलाई 2024

आप किसी भी फ़ोन, कंप्यूटर व लैपटॉप से खुद अप्लाई कर सकते हैं। जानकार एवं जागरूक बनें और स्वयं कंपनी का चयन करें।

अधिक जानकारी के लिए मिस्ड कॉल करें 91799 99944

## सुल्तानपुरी: आरोपी पिता को क्राइम ब्रांच ने दबोचा

# नवजात जुड़वा बच्चियों को पिता ने मारकर दफनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सुल्तानपुरी इलाके के पूठ कलां गांव में बेटे की चाहत पूरी नहीं हुई तो नवजात जुड़वा बेटियों की एक पिता ने हत्या कर दी। इसके बाद उनके शवों को दफना भी दिया। मामले में महीनेभर से फरार चल रहे आरोपी नीरज सोलंकी (32) को सांपला, हरियाणा से पकड़ लिया गया है।

डीसीपी अमित गोयल के अनुसार 3 जून को सुल्तानपुरी थाने को एक पीसीआर कॉल मिली थी। कॉलर ने बताया कि उसके जीजा ने अपनी तीन दिन की जुडवां बेटियों को मारकर शमसान घाट में दफना दिया है। पुलिस ने एसडीएम से अनुमति लेकर दोनों नवजातों की लाश को बाहर निकाला। छह जून को नवजातों का पोस्टमार्टम कराने के बाद बॉडी मामा के हवाले कर दी गई। इसके बाद रोहतक निवासी बच्चियों की मां की शिकायत पर हत्या का केस दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी पिता की तलाश शुरु की तो वह फरार मिला। कई जगह रेड करने के बाद आखिर में उसे रोहतक से ही दबोच लिया गया।




आरोपी नीरज सोलंकी डीयू से ग्रेजुएट है। वर्तमान में वह कुछ नहीं कर रहा था। उसकी जीविका प्रॉपर्टी से मिलने वाले किराए से चल रही थी। पुलिस ने आगे बताया कि 30 मई को रोहतक स्थित एक अस्पताल में महिला ने दो जुड़वां बच्चियों को जन्म दिया था। महिला के ससुराल वाले इस बात से खुश नहीं थे कि बहू ने बेटियों को जन्म दिया है। महिला के पति नीरज को भी बेटा चाहिए था। एक जून को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद महिला ने रोहतक के इस्माइला गांव अपने मायके जाने का फैसला किया। इसके बाद नीरज और उसके परिवार के लोग अस्पताल पहुंचे और बच्चियों को लेकर चले गये। महिला को दूसरी कार में पीछे आने को कहा गया। नीरज ने इसी के चलते बीच में ही रास्ता बदल लिया और कहीं और चला गया। जब महिला के भाई ने नीरज से संपर्क किया तो उसे कोई जवाब नहीं दिया। बाद में महिला के भाई को पता चला कि दोनों बच्चियों की हत्या के बाद उन्हें दफनाया जा चुका है। केस में नीरज के पिता विजेन्द्र सोंलकी को पहले ही अरेस्ट किया जा चुका है।

## गाजीपुर: पड़ोसियों के बीच झगड़े में हत्या, पिता और पुत्र गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पूर्वी जिले के गाजीपुर इलाके में पड़ोसियों के झगड़े में दो लोगों को चाकुओं से गोद दिया गया। एक शख्स की मौत हो गई। मर्डर के दो आरोपी पिता पुत्र अरेस्ट किये गए हैं। इनके नाम जीडी कॉलोनी निवासी सारांश (22) और उसका पिता प्रदीप (58) है। वारदात में इस्तेमाल चाकू भी बरामद हो गया है। पुलिस के मुताबिक 9 जुलाई मंगलवार को गाजीपुर थाने को झगड़े में दो लोगों के चाकू से घायल होने की सूचना मिली थी। पुलिस बी ब्लॉक जीडी कॉलोनी पहुंची, जहां एक इमारत की पहली और दूसरी मंजिल की सीढ़ियों पर खून बिखरा मिला। घायलों को एंबुलेंस से एलबीएस अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने घायल विक्की को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे घायल रिकी को जीटीबी अस्पताल के लिये रेफर किया गया। इलाज के बाद रिकी को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। घायल युवक की बहन ने पुलिस को बयान दिया कि उनका परिवार



पहली मंजिल पर रहता है। आरोपी सारांश अपने पिता प्रदीप, मां और भाई अपूर्व के साथ दूसरी मंजिल पर रहता है। सारांश का उसके भाइयों के साथ विवाद था। मंगलवार को जब विक्की खाना खाकर अपने कमरे से बाहर आया तो सारांश ने उस पर हमला कर दिया और दूसरी मंजिल पर भाग गया। इसके बाद विक्की ने अपने पिता को इसकी सूचना दी। फिर सारांश, प्रदीप और विक्की के बीच झगड़ा हो गया। सारांश ने विक्की पर चाकू से वार किये। उसके भाई रिकी ने बचाने का प्रयास किया तो उसे भी चाकू मारा गया। आरोपी सारांश बेरोजगार है। जबकि आरोपी प्रदीप गार्ड की नौकरी करता है।

## नाइजीरियाई नागरिक की हत्या में तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

निहाल विहार इलाके में हुई नाइजीरियाई नागरिक की हत्या का खुलासा बाहरी जिला पुलिस ने कर दिया है। पुलिस ने इस केस में तीन आरोपी अरेस्ट किए हैं। इनके नाम मोहित, राजेश और अभिषेक है। इनसे एक स्कूटी जब्त की गई है। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि रुपए लेने के बाद भी विदेशी ड्रग्स



नहीं दे रहा था। इसी वजह से वारदात को अंजाम दिया गया था। डीसीपी जिम्मी चिरम ने बताया कि 6 जुलाई को एक नाईजीरियन मूल के नागरिक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस बाबत हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरु की गई। घटनास्थल के आसपास लगे सैंकड़ों कैमरे चैक किए गए थे। लोकल इंटेलीजेंस के जरिए आरोपियों का पता लगाया गया। मिले इनपूट पर इन्हें उत्तम नगर इलाके से पकड़ा गया। आरोपी मोहित नशे का आदी है। तीनों पहले भी अलग अलग मामले में अरेस्ट हो चुके है। इनकी मुलाकात जेल के अंदर हुई थी।

## रघुवीर नगर : युवक को चाकुओं से गोदकर मौत के घाट उतारा

**नई दिल्ली।** रघुवीर नगर इलाके में एक युवक की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गई। मृतक युवक का नाम लक्ष्य (21) बताया गया है। वह एक पार्लर एकेडमी में काम करता था और घर का इकलौता बेटा था। पिता का कहना है कि उनके बेटे का किसी से झगड़ा नहीं था। मिली जानकारी के अनुसार वारदात मंगलवार रात करीब 10 बजे सामने आई। मृतक के पिता संजय ने पुलिस को बताया कि उनके बेटे को एक युवक घर से बुलाकर ले गया था। गली में उस पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला किया गया है। पुलिस आसपास के एरिया में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल आरोपियों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए हरिनगर स्थित दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल की मोर्चरी भिजवाया गया है। मृतक लक्ष्य की घर का इकलौता कमाने वा ला था। उसके पिता दिव्यांग हैं।डीसीपी विचित्र वीर ने बताया कि गुरु गोविंद सिंह अस्पताल से पुलिस को सूचना दी गई थी। बताया गया कि लक्ष्य नामक युवक को चाकू मारे जाने पर अस्पताल लाया गया था। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वारदात उसके घर के पास ही जेजे कालोनी इलाके में अंजाम दी गई। संदिग्धों की धरपकड़ के लिये कई टीमों का गठन किया गया है।



## उत्तर पश्चिम दिल्ली के कुतुब गढ़ स्थित सर्वोदय कन्या विद्यालय की छात्राओं का भविष्य अधर में

# उपराज्यपाल ने मॉडल गांव के स्कूल में शुरू कराई सांइस स्ट्रीम, पीजीटी सांइस टीचर्स एक भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ खानापूर्ति के लिए टीजीटी टीचर्स ही 11वीं और 12वीं कक्षा की छात्राओं को जैसे तैसे पढ़ा रहीं सांइस विषय

दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना के मॉडल गांव कुतुब गढ़ की अनेक बेटियां आजकल परेशान हैं। कुतुबगढ़ स्थित सर्वोदय कन्या विद्यालय की 11वीं और 12वीं कक्षा की छात्राओं ने स्कूल में साइंस स्ट्रीम से पढ़ने का हौसला तो दिखाया पर स्कूल में पीजीटी सांइस विषयों के टीचर ही नहीं हैं। अभिभावकों के पास चिंता करने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है। उनका कहना है कि उपराज्यपाल के आदेश पर सर्वोदय कन्या विद्यालय में पिछले साल से सांइस स्ट्रीम शुरू की गई थी लेकिन आज तक यहां मैथ्स, फिजिक्स, कैमिस्ट्री और बॉयोलॉजी



विषय के पीजीटी टीचर्स की नियुक्ति नहीं हो पायी है। खानापूर्ति के लिए टीजीटी टीचर्स ही 11वीं और 12वीं कक्षा की छात्राओं को जैसे तैसे पढ़ा रहीं हैं। नियमानुसार टीजीटी टीचर सिर्फ 10वीं कक्षा तक ही पढ़ा सकते/सकती हैं। हद तो ये है कि टीचर नहीं होने की वजह से इस साल सांइस पढ़ने की इच्छुक बहुत सी छात्राओं को कला विषयों में दाखिला लेना पड़ा है। शिक्षा निदेशालय के अधिकारी कुतुब गढ़ गांव में उपराज्यपाल के दौरे के समय तो बहुत चुस्ती दिखाते हैं पर पीजीटी टीचर नियुक्त करने की बात आती है तो कुंभकर्णी नींद सो जाते हैं। गौरतलब है कि दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना का ड्रीम प्रोजेक्ट रहा है दिल्ली के गांवों का विकास।

इसी के चलते उपराज्यपाल ने दिल्ली देहात के कुछ गांवों को मॉडल गांव बनाने की योजना शुरू की थी। सक्सेना ने मॉडल गांव बनाने के लिए करीब दो साल पहले उत्तर पश्चिम दिल्ली के बवाना विधानसभा क्षेत्र के कुतुब गढ़ गांव को सबसे पहले चुना था। उन्होंने कुतुब गढ़ में अपने प्रथम आगमन के दौरान एक भव्य कार्यक्रम में गांव के सर्वोदय कन्या विद्यालय में सांइस सट्रीम शुरू करने का ऐलान किया था। ग्रामीणों ने उनकी इस पहल का भरपूर स्वागत भी किया पर यह पहल छात्राओं के भविष्य के साथ धोखा ही साबित हुई। छात्राओं ने डॉक्टर और इंजीनियर बनने के सपने के साथ साइंस स्ट्रीम में दाखिला तो ले लिया पर उन्हें टीचर ही नहीं मिल पाये।

### बिना टीचर सांइस स्ट्रीम शुरू करने का क्या औचित्य: यूएफडी

यूनिटी फॉर डवलपमेंट संस्था के अध्यक्ष आनंद राणा ने बताया कि साइंस स्ट्रीम में 11वीं 12वीं की छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। जब शिक्षा निदेशालय दिल्ली सरकार को यहां पीजीटी सांइस टीचर्स नियुक्त नहीं करने थे तो साइंस की पढ़ाई शुरू ही क्यों की गई। बेकसूर छात्राओं के साथ यह अन्याय है। राणा ने कहा कि सर्वोदय कन्या विद्यालय कुतुबगढ़ में पीजीटी टीचर नहीं होने से परीक्षाओं में छात्राओं के फेल होने का अंदेशा नजर आ रहा है, अगर ऐसा होता है तो जिम्मेदारी कौन लेगा? यूनिटी फॉर डवलपमेंट संस्था ने उपराज्यपाल वी के सक्सेना से मांग की है कि जल्द से जल्द पीजीटी साइंस स्ट्रीम विषयों के टीचर्स की नियुक्ति इस विद्यालय में की जाए, जिससे 11वीं 12वीं कक्षा में सांइस विषयों की पढ़ाई सुचारू रूप से हो सके।

## आप विधायक और जेल अधीक्षक को धमकी देने वाला गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** द्वारका पुलिस ने कुख्यात राजेश नाहरी, मंजीत महाल व नफे सिंह उर्फ मंत्री गैंग से जुड़े बदमाश को अरेस्ट किया है। यह हत्या, हत्या की कोशिश, डकैती और फायरिंग जैसे 10 मामलों में शामिल रहा है। आरोपी सोमबीर फायरिंग केस में एक साल से ज्यादा समय से फरार था। इसे भगौड़ा भी घोषित किया जा चुका था। पुलिस के अनुसार आठ जुलाई को बदमाश के बारे में इनपुट मिला था। पता चला था कि कापसहेड़ा थाने में दर्ज फायरिंग केस का वांटेड व भगौड़ा बदमाश द्वारका सेक्टर 10 आएगा। इसके बाद पुलिस ने ट्रैप लगाकर इसे दबोच लिया। 39 साल का आरोपी सोमबीर ककरौला गांव का रहने वाला है। आरोप है कि इसने उतम नगर के विधायक नरेश बालियान और सोनीपत जेल के अधीक्षक को धमकी भरी कॉल भी की थी।

**प्रतिभा इंडस्ट्रीज लिमिटेड (ऋणशोधन में)**
ऋणशोधक का पता : 106, प्रथम तल, कनाकिया एट्रियम 2, क्रॉस रोड ए, कोर्टयार्ड मैरियट के पीछे, चकाला, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई-400093
Contact :+ 8693053567; Email : liquidator.pratibha@gmail.com

**ई-नीलामी- आईबीसी, 2016 के तहत परिसम्पत्तियों की बिक्री**
**नीलामी की तिथि व समय :** 06 अगस्त 2024 (मंगलवार) अप. 12:00 बजे से अप. 1:00 बजे तक
(5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार सहित)

ऋणशोधन प्रक्रिया नियमनों के नियमन 33 के साथ पठित आईबीसी 2016 की धारा 35 (एफ) के तहत ऋणशोधन सम्पदा का भाग बनाते हुये प्रतिभा इंडस्ट्रीज लिमिटेड (ऋणशोधन में) द्वारा मालिकाना प्राप्त परिसम्पत्तियों की बिक्री। ई-नीलामी **"जैसा है जहां है"**, **"जैसा है जो है आधार"**, **"जो भी है वहां है आधार"** और **"आवलंब नहीं आधार"** पर आयोजित की जाएगी।

बिक्री ई-नीलामी सेवाप्रदाता **नेशनल ई-गवर्नेंस सर्विसेज लिमिटेड** के माध्यम से वेबसाइट https://www.pda.nesl.co.in के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जाएगी।

| क्र. सं. | परिसम्पत्तियों का वर्णन | आरक्षित मूल्य | धरोहर राशि जमा | इंक्रीमेंटल बिड |
|---|---|---|---|---|
| पार्सल्स में परिसम्पत्तियों की बिक्री<br>नीलामी की तिथि व समय : 06 अगस्त 2024 (मंगलवार) अप. 12:00 बजे से अप. 1:00 बजे तक | | | | |
| 1. | मुंडका नई दिल्ली में स्थित 3 टनल बोरिंग मशीन ईपीबी-सीएपी 6600 एमएम जिसका नं. एस-723, एस-883 और एस-890 | 5,43,00,000 | 54,30,000 | 5,00,000 |

**बोली दस्तावेजों को जमा करवाने हेतु अन्तिम तिथि :** 25 जुलाई 2024 (बृहस्पतिवार)
**निरीक्षण हेतु अन्तिम तिथि :** 01 अगस्त 2024 (बृहस्पतिवार)
**ईएमडी जमा की अन्तिम तिथि :** 03 अगस्त 2024 (शनिवार) अप. 5.00 बजे तक
**ई-नीलामी की तिथि व समय :** 06 अगस्त 2024 (मंगलवार) अप. 12:00 बजे से अप. 1:00 बजे तक

टिप्पणी :- विस्तृत नियम व शर्तें, ई-नीलामी बोली दस्तावेज, घोषणा और ऑनलाइन नीलामी बिक्री के अन्य विवरण https://pda.nesl.co.in पर और प्रतिभा इंडस्ट्रीज लिमिटेड की वेबसाइट https://www.pratibhagroup.com पर उपलब्ध हैं।

किन्हीं स्पष्टीकरणों के मामलों में, कृपया अधोहस्ताक्षरी से liquidator.pratibha@gmail.com पर सम्पर्क करें।

दिनांक : 11 जुलाई 2024
स्थान : मुम्बई

हस्ता/-
एविल मेनेजेज
प्रतिभा इंडस्ट्रीज लिमिटेड के ऋणशोधक के तौर पर
असाइनमेंट हेतु अधिकार 27 नवम्बर 2024 तक वैध
पंजीकरण नं.IBBI/IPA-001/IP-P00017/2016-17/10041
पंजी. पता : 106, प्रथम तल, कनाकिया एट्रियम 2, क्रॉस रोड ए, कोर्टयार्ड मैरियट के पीछे, चकाला, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई-400093
**Email:** liquidator.pratibha@gmail.com

# दुर्लभ प्रजातियों के कछुओं की तस्करी, एक धरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

शाहदरा जिले की गीता कॉलोनी पुलिस ने कछुओं की दुर्लभ प्रजातियों की तस्करी करने वाले एक युवक को अरेस्ट किया है। इसके पास से अलग अलग प्रजातियों के 100 कछुए बरामद हुए हैं। गिरफ्तार शख्स का नाम गढ़मुक्तेश्वर निवासी 38 वर्षीय भीम बताया गया है। यह अपने सहयोगी के साथ मिलकर इन कछुओं की देशभर में सप्लाई करता था।

गढ़मुक्तेश्वर स्थित गंगा से मछुआरों की मदद से कछुओं को पकड़ा जाता था। एक कछुए के लिए उसे आठ से 10 हजार रुपए मिल जाते थे। डीसीपी सुरेन्द्र चौधरी ने बताया कि गीता कॉलोनी थाने को एनजीओ के लिए काम करने वाले



गौरव गुप्ता की ओर से शिकायत मिली थी। बताया गया कि कुछ लोग कछुओं की तस्करी में लिप्त हैं। इसके बाद नकली ग्राहक बनकर कछुओं का सौदा किया गया। गौरव ने डील की और आरोपी सौ कछुए लाने के लिए तैयार हो गया। आरोपी एक बड़े बैग में कछुए लेकर पहुंचा, जिसे पुलिस ने राजाराम कोली मार्ग, पुश्ता रोड पर दबोच लिया गया। आरोपी लंबे समय से कछुओं की तस्करी के धंधे में लिप्त था। पुलिस अब इसके सहयोगी की तलाश में जुटी है।

## एनएसयूआई ने की डूसू अध्यक्ष के कथित फर्जी अंकपत्र के जांच की मांग

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) ने बुधवार को दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) के अध्यक्ष तुषार डेढ़ा पर विश्वविद्यालय में प्रवेश पाने के लिए कथित तौर पर बारहवीं कक्षा का फर्जी अंकपत्र का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया और प्रशासन से इस मामले की त्वरित जांच की मांग की। डूसू के राष्ट्रीय सचिव अक्षय लाखड़ा ने कांग्रेस की छात्र शाखा एनएसयूआई के मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह आरोप लगाया। उन्होंने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) से संबद्ध तुषार डेढ़ा द्वारा 2016 में नियमित छात्र के तौर पर दो अलग-अलग बोर्ड (उत्तर प्रदेश बोर्ड और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड) से एक साथ प्राप्त की गई बारहवीं के अंकपत्र की वैधता पर सवाल उठाया। सीबीएसई परीक्षा नियमों का हवाला देते हुए लाखड़ा ने कहा कि परीक्षा में बैठने के लिए कम से कम 75 फीसदी उपस्थिति अनिवार्य है।

## मारपीट के मामले में हाईकोर्ट ने बिभव कुमार की जमानत पर फैसला सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को कहा कि वह इस बारे में आदेश 12 जुलाई को सुनाएगा कि आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ कथित मारपीट मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहायक बिभव कुमार को जमानत दी जाए या नहीं। न्यायमूर्ति अनूप कुमार मेंदीरत्ता ने कुमार के वकील तथा दिल्ली पुलिस एवं मालीवाल की ओर से पेश वकीलों की दलीलें सुनने के बाद कुमार की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया। न्यायमूर्ति ने कहा कि फैसला शुक्रवार के लिए सुरक्षित रखा जाता है। पुलिस की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता ने जमानत अर्जी का विरोध करते हुए कहा कि जांच जारी है और 16 जुलाई को या उससे पहले आरोपपत्र दाखिल कर दिया जाएगा। पुलिस का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता संजय जैन ने कहा कि 16 जुलाई को या इससे पहले हम आरोपपत्र दाखिल कर देंगे। हम जांच के मध्य में हैं।

## डिलीवरी के बाद महिला की मौत पर परिजनों ने अस्पताल में की तोड़फोड़

### केस दर्ज कर महिला का पिता, पति और जेठ दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

जीटीबी अस्पताल में डिलीवरी के बाद एक महिला की मौत हो गई। इसके बाद मृतका के परिजनों ने हॉस्पिटल में जमकर बवाल काटा। न सिर्फ तोड़फोड़ की गई बल्कि



डॉक्टरों के साथ भी बदसलूकी हुई। मामला पुलिस के पास पहुंचा तो अस्पताल प्रशासन व डॉक्टरों की शिकायत पर केस दर्ज कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें महिला का पिता, पति और जेठ शामिल है। पुलिस के मुताबिक नौ जुलाई को जीटीबी एंक्लेव थाने को एक पीसीआर कॉल मिली, जिसमें बताया गया कि हीना नाम की एक महिला की डिलीवरी के बाद मौत हो गई थी। उससे गुस्साए परिजन जीटीबी हॉस्पिटल में तोड़फोड़ कर रहे हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंच स्थिति को कंट्रोल किया। इसके बाद डॉक्टर रचना ने घटना को लेकर एक शिकायत दी, जिस पर पुलिस ने बीएनएस की सम्बंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर तीनों आरोपियों को अरेस्ट कर लिया। गिरफ्तार किये गये लोगों में मंडोली एक्सटेंशन निवासी जुबैर (20), उसका सगा भाई मोहम्मद शोएब (24) और मुस्तफाबाद निवासी मृतका का पिता मोहम्मद नौशाद (57) शामिल है।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | यमुनानगर जिले में जगाधरी में लघु सचिवालय में मौजूदा मंजिला प्रशासनिक ब्लॉक के ऊपर अतिरिक्त तृतीय तल। | 09.07.2024 18.07.2024 | 365.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1732237834 pwd-eepd-yamunanagar@hry.nic.in |
| 2 | पंचायती राज करनाल | गांव बाहरी, ब्लॉक असंध, जिला करनाल में मेन फिरनी से शिव मंदिर (सतपाल के मकान के निकट) तक आईएलपीबी गली का निर्माण, स्कीम वीएएनजीवाई। | 08.07.2024 27.07.2024 | 2.16 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज करनाल | गांव बस्तारा में स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के प्रशिक्षण केन्द्र का निर्माण। | 09.07.2024 19.07.2024 | 209.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज कैथल | शादीपुर, गांव शादीपुर, ब्लॉक गुहला, जिला कैथल में शमशान घाट में शैड का निर्माण + 3 कार्य। | 08.07.2024 15.07.2024 | 73.94 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज कैथल | गांव जाजनपुर में बाल्मिकी शमशान घाट की चारदिवारी का निर्माण + 8 कार्य। | 08.07.2024 15.07.2024 | 58.03 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज कैथल | कठवार – गांव कठवार में टीक रोड से देशा के खेत तक सूखी ईंट रास्ता का निर्माण + 2 कार्य। | 08.07.2024 15.07.2024 | 21.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज कुरुक्षेत्र | लोटनी 11.11 – गांव लोटनी (ईस्माईलाबाद) जिला कुरुक्षेत्र में शमशान घाट में बरामदा शैड ब्लॉक का निर्माण + 8 कार्य। | 10.07.2024 17.07.2024 | 75.99 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज पुन्हाना, नूह | गांव बिसरू ब्लॉक पुन्हाना, जिला नूह (हरियाणा) में पार्ला मोहल्ला निकट तीन कमरों और बरामदे का निर्माण + 11 कार्य। | 09.07.2024 16.07.2024 | 51.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8168771845 sdoprpunhana@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज यमुनानगर | यमुनानगर जिले के विभिन्न गांवों में 82 अदद निर्माण कार्यों हेतु ई-टेंडरिंग। | 09.07.2024 16.07.2024 | 484.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896419740 prexeen.ynr@hry.nic.in |
| 10 | स्वास्थ्य विभाग हरियाणा हिसार | औषधि, कंज्यूमेबल्स, छोटे उपकरणों और एक्स-रे फिल्मों की अधिप्राप्ति हेतु दर अनुबंध। | 10.07.2024 24.07.2024 | ईएमडी 2 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812343757 dhs.cshsr@hry.nic.in |
| 11 | स्वास्थ्य विभाग हरियाणा जीन्द | जीन्द जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों हेतु ड्रग्स और अन्य मदों को खरीदना। | 08.07.2024 22.07.2024 | ईएमडी 2 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8901777799 cds.jind@gmail.com |
| 12 | पंचायती राज सोनीपत | गांव खानपुर कलां में फिरनी की आईपीबी टाइल्स सहित मरम्मत कार्य। | बंद होने की तिथि 15.07.2024 | 95.18 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 13 | पंचायती राज सोनीपत | गांव कथूरा, ब्लॉक कथूरा में सामुदायिक हॉल का निर्माण। | बंद होने की तिथि 15.07.2024 | 39.52 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 14 | पंचायती राज सोनीपत | गांव सेवली, ब्लॉक राई में जयभगवान पुत्र लालचंद के खेत से सुरेश पुत्र मांगे के खेत तक आईपीबी रास्ता की पेवमेंट। | बंद होने की तिथि 15.07.2024 | 54.72 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 15 | पंचायती राज चण्डीगढ़ | हरियाणा पंचायत भवन, सेक्टर-28ए, चण्डीगढ़ में एक वर्ष की अवधि के लिए सिक्योरिटी गार्ड स्टाफ, गार्डनिंग, पेस्ट कंट्रोल, जलापूर्ति, वैद्युत सेवाओं और अग्निशमन समेत हाउसकीपिंग सेवाओं के प्रावधान हेतु निविदा। | 10.07.2024 24.07.2024 | 3 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8837773935 hrdfboard@rediffmail.com |
| 16 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव भागवी, ब्लॉक व जिला चरखी दादरी (शिवधाम) भागवी में शिवधाम (कॉमन) में चारदिवारी का निर्माण + 28 कार्य। | 05.07.2024 12.07.2024 | 188.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416427275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 17 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव बलकारा, ब्लॉक व जिला चरखी दादरी (एडब्ल्यूसी) में एडब्ल्यूसी का पुनरोद्धार + 6 कार्य। | 04.07.2024 12.07.2024 | 21.29 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416427275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 18 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव रामनगर कपूरी, ब्लॉक व जिला चरखी दादरी (फिरनी) में कपूरी में आईपीबी सहित फिरनी की पेवमेंट। | 04.07.2024 12.07.2024 | 13.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416427275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 19 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 1 से 41 निहित सूची (41 मदों का सिंगल लॉट)। | 11.07.2024 12.08.2024 | | https://etenders.hry.nic.in https://dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 20 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 1 से 06 निहित सूची (06 मदों का सिंगल लॉट)। | 11.07.2024 12.08.2024 | | https://etenders.hry.nic.in https://dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 21 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 1 से 115 निहित सूची (115 मदों का सिंगल लॉट)। | 11.07.2024 12.08.2024 | | https://etenders.hry.nic.in https://dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 22 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 1 से 30 निहित सूची (30 मदों का सिंगल लॉट)*। | 11.07.2024 12.08.2024 | | https://etenders.hry.nic.in https://dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2025/440/27688/I/88/7 दि. 10.07.24

# दिल्ली सरकार ने काफी पहले से ही बाढ़ को लेकर शुरू कर दी तैयारियां : आतिशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में पिछले साल यमुना का जलस्तर पिछले 40 सालों में सबसे ऊपर गया था और इस कारण यमुना के निचले इलाकों में बाढ़ की समस्या आ गई थी। इसे देखते हुए इस बार दिल्ली सरकार ने इस साल काफ़ी पहले से ही बाढ़ को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है। ताकि यदि बाढ़ आये तो हम उससे निपटने और राहत-बचाव कार्यों के लिए तैयार रहे। दिल्ली की राजस्व मंत्री आतिशी ने बुधवार को यमुना नदी पर स्थिति पुराना लोहा पुल और यमुना बाजार इलाके में बाढ़ को लेकर संबंधित विभागों की तैयारियों का जायजा लेने के बाद यह बातें कही। इस दौरान राजस्व विभाग और बाढ़ एवं सिंचाई नियंत्रण विभाग के उच्चाधिकारी भी मौजूद रहे। आतिशी ने कहा कि दिल्ली सरकार दिल्ली में संभावित बाढ़ को लेकर युद्धस्तर पर तैयारियाँ कर रही है ताकि यदि बाढ़ की स्थिति उत्पन्न भी हो तब भी लोगों की परेशानी का सामना न करना पड़े। वहीं, निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने राजस्व मंत्री से साझा करते हुए कहा कि, बाढ़ को लेकर विभागों की तैयारियाँ पूरी है। बाढ़ की स्थिति में मोटर बोट, गोताखोर और मेडिकल टीमें किसी भी एक्शन के लिए तैयार रहेंगी। साथ ही बाढ़ की स्थिति में राजस्व विभाग द्वारा राहत शिविर लगाने संबंधित तैयारियाँ भी पूरी है।



- खतरे के निशान पर पहुंचते ही निचले इलाकों से लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया जाएगा
- पुराना लोहा पुल और यमुना बाजार इलाके में किया निरीक्षण

### यमुना के ऊपरी हिस्सों में भी रख रहे हैं नज़र

आतिशी ने कहा कि, मानसून के दौरान तेज बारिश के कारण देश के विभिन्न हिस्सों में बादल के फटने जैसी स्थिति हो जाती है। इस दौरान कुछ ही समय में इतनी ज्यादा बारिश हो जाती है कि बाढ़ की स्थिति पैदा हो जाती है। ऐसे में हमने यमुना के ऊपरी हिस्सों में भी पूरी तरह नज़र रख रहें है। ताकि दिल्ली सरकार बाढ़ के किसी भी संभावित ख़तरे से निपटने के लिए तैयार रहे।

### वर्तमान में जलस्तर है खतरे के निशान से बहुत नीचे

आतिशी ने कहा कि इस साल दिल्ली सरकार तैयार है। उन्होंने कहा कि संभावित बाढ़ की स्थिति में यदि कम समय में भी निचले इलाक़ों से लोगों को निकालना पड़ा तो सरकार उसके लिए भी तैयार है। पिछली बार यमुना का जलस्तर 208 मीटर से ऊपर गया था। वर्तमान में ये 202.6 मीटर है, जो खतरे के निशान से बहुत नीचे है। लेकिन फिर भी दिल्ली सरकार सतर्क और सचेत है। यदि बाढ़ की स्थिति बनती भी है तो हम राहत और बचाव कार्य के लिए पूरी तरह तैयार है। ताकि दिल्लीवालों को कम से कम परेशानी हो।

## खबर संक्षेप

### आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर मिलेगी अब मेट्रो की क्यूआर टिकट

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) की क्यूआर कोड वाली टिकट अब भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम लिमिटेड (आईआरसीटीसी) की वेबसाइट और मोबाइल एप पर भी उपलब्ध होगी। इतना ही नहीं आप चाहे तो करीब चार माह (120 दिन) पहले भी अपनी टिकट बुक कर सकते हैं। इस सुविधा के लिए आईआरसीटीसी, डीएमआरसी और रेलवे सूचना प्रणाली केंद्र (क्रिस) ने एक समझौता किया है, यह टिकट का बीटा संस्करण होगा। इस बारे में डीएमआरसी के अधिकारियों का कहना है कि इस नई पहल से भारत सरकार की एक भारत-एक टिकट पहल को और बढ़ावा मिलेगा। इस पहल के बाद अब लोग दिल्ली मेट्रो का टिकट आईआरसीटीसी की वेबसाइट और मोबाइल एप पर भी बुक कर सकते है। यात्रियों को रेलवे की तरह मेट्रो की टिकट को यात्रा से 120 दिन पूर्व ही आरक्षण की तरह अग्रिम मेट्रो टिकट खरीदने की सुविधा मिलने लगेगी।

### कांग्रेस नेता ने एलजी से की अनाधिकृत कॉलोनियों को लेकर पीएमएवाई में बदलाव की अपील

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. नरेश कुमार ने बुधवार को दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को ज्ञापन के जरिए अनधिकृत कॉलोनी को नियमित करने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) में बदलाव की मांग की। इस बारे में प्रवक्ता डॉ. नरेश ने बताया कि दिल्ली की अनाधिकृत कॉलोनी को नियमित करने के लिए पीएमएवाई में बदलाव बेहद जरुरी है। करीब 6-7 साल पहले इस योजना को केंद्र सरकार के द्वारा डीडीए के माध्यम से लांच किया गया था। योजना में यह प्रावधान है कि डीडीए को कन्वर्जन चार्ज दे कर उसमें प्लॉटों को पहले फ्री होल्ड करवाकर रेगुलाइज करवाया जाए। लेकिन आज सालों बाद भी उक्त योजना वास्तव में कहीं नजर नहीं आती। क्योंकि पहली बात तो यह है कि कोई आदमी कन्वर्जन चार्ज देना नहीं चाहता। जबकि दूसरी तरफ जो देना भी चाहता है वह डीडीए की लंबी प्रक्रिया कि वजह से हिम्मत नहीं करता। उन्होंने कहा कि हमारी एलजी से अपील है कि जिस प्रकार तत्कालीन कांग्रेस सरकार में दिल्ली की अनधिकृत कॉलोनियों को रेगुलर किया गया था बिना कन्वर्जन चार्ज लिए।

### करीब तीन माह तक रहेगी लागू

# दिल्ली में महंगी होगी बिजली, निजी वितरण कंपनियां वसूलेगी पीपीएसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में बिजली की दरें महंगी हो गई है, जो करीब तीन माह तक लागू रहेगी। बीएसईएस व टाटा पावर डीडीएल की नई दरों के साथ बढ़ा हुआ बिजली का बिल भी इसी महीने से उपभोक्ताओं को मिल जाएगा। लेकिन इस बढ़ोत्तरी का 200 यूनिट खर्च करने वाले उपभोक्ताओं को फ्री बिजली की सुविधा पर कोई असर नहीं पड़ेगा, वह पहले की तरह जारी रहेगी। जानकारी अनुसार निजी बिजली वितरण कंपनी बीएसईएस के आपूर्ति क्षेत्र के उपभोक्ताओं की जेब पर बोझ बढ़ गया है। क्योंकि कंपनी ने अपने अधिकार वाले क्षेत्र के उपभोक्ताओं से बिजली खरीद समायोजन लागत (पीपीएसी) वसूलेगी। बीएसईएस की इकाइयां बीएसईएस यमुना पावर (बीवाईपीएल) ने 6.15 प्रतिशत, बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड (बीआरपीएल) और नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) में 8.75 प्रतिशत पीपीएसी की वृद्धि की गई है। टीपीडीडीएल आपूर्ति क्षेत्र में 8.75 पीपीएसी की वृद्धि की गई है। यानी अब टीपीडीडीएल 46.63 प्रतिशत, बीआरपीएल 44.58 प्रतिशत और बीवाईपीएल 43.9 प्रतिशत पीपीएसी वसूलेगा। दरें बढ़ने के बावजूद प्रतिमाह दो सौ यूनिट तक बिजली खपत करने वाले उपभोक्ताओं को पहले की तरह निशुल्क बिजली मिलती रहेगी।

यानी हर माह केवल दो सौ यूनिट बिजली खर्च करने वाले उपभोक्ताओं के लिए चिंता की कोई बात नहीं है। बता दें कि अभी डीईआरसी की तरफ से बिजली की नई दरों को कोई नया टैरिफ लागू नहीं किया गया है। लेकिन बिजली कंपनियों को गर्मियों के दौरान पीक डिमांड के दौरान महंगी बिजली खरीदने पर हुए नुकसान की भरपाई के लिए बिजली खरीद समायोजन लागत (पीपीएसी) वसूलने की छूट होती है।

जिसके तहत कंपनियां पीपीएसी वसूलती है। इस बारे में डिस्कॉम का कहना है कि नौ नवंबर 2021 को बिजली मंत्रालय द्वारा जारी निर्देश के अनुसार सभी राज्यों के विद्युत विनियामक आयोग को यह व्यवस्था बनानी है, जिससे कि बिजली के दाम बढ़ने पर डिस्कॉम को बिना आवेदन के पीपीएसी वसूलने की अनुमति मिल जाए। दिल्ली में यह पीपीएसी वसूलने की व्यवस्था वर्ष 2012 से लागू है।

### पीपीएसी के नाम पर दिल्ली में बिजली की कीमतें बढ़ाए जाने की अफवाह फैला रही है भाजपा : आतिशी

नई दिल्ली। दिल्लीवालों को भाजपा गुमराह कर रही है और पॉवर परचेज एडजस्टमेंट चार्जेस (पीपीएसी) के नाम पर दिल्ली में बिजली की कीमतें बढ़ाए जाने की अफवाह फैला रही है। दिल्ली की बिजली मंत्री आतिशी ने राष्ट्रीय राजधानी में बिजली की बढ़ती कीमतों के बारे में झूठी अफवाहें फैलाने के लिए भाजपा की आलोचना की और कहा कि भाजपा शासित राज्यों में बिजली की कीमतें सबसे ज्यादा है और लोग वहां बिजली कटौती से परेशान हैं। जबकि सीएम अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली सबसे कम क़ीमतों पर 24/7 बिजली देती है। मंत्री आतिशी ने दिल्ली विद्युत नियामक आयोग (डीईआरसी) के आदेश का हवाला दिया, जिसमें कहा गया है कि वर्तमान पीपीएसी में कोई बदलाव नहीं होगा। मंत्री आतिशी यह भी बताया कि, 2003 के विद्युत अधिनियम के अनुसार, डिस्कॉम बढ़ी हुई मांग को पूरा करने के लिए गर्मियों में पीपीएसी को 10 प्रतिशत तक बढ़ा सकते हैं, ये प्रावधान संसद में 2003 से अधिनियम पारित होने के बाद से लागू है। दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की सरकार है जो दिल्लीवासियों को 24 घंटे और देश में सबसे सस्ती बिजली मुहैया कराती है। साथ ही दिल्ली में लाखों लोगों को मुफ्त बिजली मिलती है। दिल्ली की बिजली मंत्री आतिशी ने कहा कि जहां भी भाजपा सत्ता में है, वो राज्य देश में सबसे महंगी बिजली देते हैं, इतना ही नहीं बल्कि महंगे बिजली बिल चुकाने के बाद भी लोगों को भीषण गर्मी में 8-8 घंटे की बिजली कटौती का सामना करना पड़ता है। दिल्ली के बिजली मंत्री ने आगे कहा कि हरियाणा में गुड़गांव, फरीदाबाद; उत्तर प्रदेश के नोएडा और ग्रेटर नोएडा में इस गर्मी में 8 घंटे की बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है।

### बिजली कंपनियों का ऑडिट क्यों नहीं किया : लवली

भाजपा के वरिष्ठ नेता सरदार अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि केजरीवाल जवाब दें कि गत 10 साल में वादों के बावजूद बिजली कंपनियों का ऑडिट क्यों नहीं किया गया है। दिल्ली के मुख्यमंत्री के जेल में बंद होने के कारण डीईआरसी के मेंबर का अपॉइंटमेंट नहीं हो पा रहा है और बिजली कंपनियां अपनी मनमानी कर रही है। लवली ने कहा कि डिस्कॉम कंपनी अपने सेवानिवृत कर्मियों को देने वाली पेंशन की रकम भी दिल्ली की जनता से पेंशन ट्रस्ट के नाम पर वसूल कर रही है।

### बिजली कंपनियां पीपीएसी के रूप में वसूल रही है मोटी रकम : भाजपा




**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार की शह पर बिजली कंपनियां पीपीएसी (पावर परचेज एडजस्टमेंट चार्ज) के रूप में दिल्ली की जनता से एक मोटी रकम वसूल कर रही है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता सरदार अरविंदर सिंह लवली ने बुधवार को एक संयुक्त प्रेसवार्ता कर दिल्ली सरकार द्वारा बिजली बिल के माध्यम से लगातार दिल्ली में एक और लूट का खुलासा करते हुए दिल्ली सरकार पर यह आरोप लगाए। सचदेवा ने सीएम अरविंद केजरीवाल और मंत्री आतिशी ने पूछा है कि दिल्ली सरकार ने गर्मी में अतिरिक्त बिजली खरीदने का कोई इंतजाम नहीं किया और ना ही बिजली प्रबंधन का समर एक्शन प्लान तक नहीं बनाया और आरोप लगाते हुए कहा कि जब अप्रैल 2024 में गर्मी अपने पीक पर पहुंची तो पॉवर कट होने लगे जिसके बाद पॉवर डिस्कॉम और दिल्ली सरकार ने अपना खेल शुरु किया। वहीं, प्रेसवार्ता का संचालन कर रहे मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि यह केजरीवाल सरकार का खेल है कि वह प्रति यूनिट रेट नहीं बढ़ाती वह पीपीएसी एवं मीटर भार जैसे चार्ज बढ़ा कर वसूली करती है। सचदेवा ने कहा कि दिल्ली सरकार के कहने से बीएसईएस राजधानी ने एक पत्र 25 अप्रैल 2024 को डीईआरसी सचिव को लिखा कि हम पुराने परिपत्र के आधार पर पीपीएसी में 8.75 प्रतिशत की वृद्धि मई 2024 से जुलाई 2024 तक कर रहे हैं। इसके लिए डीईआरसी से अनुमति लेने की जगह बिजली कंपनी ने एक सूचना पत्र देकर नई वृद्धि को लागू कर दिया। सचदेवा ने कहा कि सरकार एवं डिस्कॉम ने सांठगांठ की और 8.75 बढ़ा कर पीपीएसी 43.79 प्रतिशत करने की इच्छा व्यक्त की है जिससे बिजली उपभोक्ताओं के बिल बढ़ रहे हैं।

### पीपीएसी के नाम पर बिजली के रेट बढ़ाना जनता की जेबों पर डाका : बिधूड़ी

दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने पीपीएसी के नाम पर दिल्ली में बिजली के बिलों में बेतहाशा बढ़ोतरी को खुली लूट बताया है। उन्होंने कहा है कि आम आदमी पार्टी सरकार की मिलीभगत से बिजली कंपनियों ने जनता पर करोड़ों रुपए का बोझ डाल दिया है। बिजली की दरों में कोई बढ़ोतरी न करने के नाम पर जनता के साथ एक बार फिर बड़ा धोखा किया गया है।

## भाजपा पार्षदों ने नहीं होने दी बैठक में चर्चा : महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- निगम एक्ट के विरुद्ध थी बैठक, भाजपा पार्षदों ने किया विरोध

भाजपा के निगम पार्षद जनता के किसी भी मुद्दे पर चर्चा नहीं होने देना चाहते हैं। दिल्ली नगर निगम की महापौर डॉ. शैली ओबरॉय ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर अपना वीडियो साझा करते हुए भाजपा पर निशाना साधा और कहा कि बुधवार को बारिश के चलते कई जगहों पर जलभराव हुआ। इसे देखते हुए स्वच्छता और साफ सफाई को लेकर नेता सदन मुकेश गोयल की उपस्थिति में सेंट्रल जोन में सभी जोनल अधिकारियों और पार्षदों की एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई थी लेकिन हमेशा की तरह बुधवार को भी भाजपा के पार्षदों ने बैठक नहीं चलने दी और इसमे रखे जाने वाले विषयों पर चर्चा नहीं होने दी।

### रोहिणी जोन पर निगम कर्मियों ने किया प्रदर्शन

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम के रोहिणी जोन उपायुक्त कार्यालय पर बुधवार को एंटी मलेरिया एकता कर्मचारी यूनियन ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। यूनियन अध्यक्ष देवानंद शर्मा ने बयान जारी कर कहा कि डीबीसी, सीएफडब्ल्यु और एमटीएस कर्मियों की पिछले 4 महीने से वेतन नहीं दिया गया है। इसके अलावा दो साल से एरियर नहीं दिया गया साथ ही इपीएफ की जानकारी नहीं होने का भी मामला इन मांगों में शामिल था।

### राशन के ट्रकों को वाटरप्रूफ तिरपाल से ढका जाए : हुसैन

नई दिल्ली। बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए राशन के ट्रकों को वाटर प्रूफ तिरपाल से ढका जाए और जानबूझकर राशन आपूर्ति में देरी करने वाले ट्रांसपोर्टरों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही ट्रकों की आवाजाही की लाइव ट्रैकिंग के लिए मॉनिटरिंग टीम की तैनाती की जाए। दिल्ली के खाद्य-आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन ने बुधवार को दिल्ली राज्य नागरिक आपूर्ति निगम (डीएससीएससी) के जनरल मैनेजर के साथ भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के गोदामों से राशन की दुकानों तक सुचारू और पारदर्शी तरीके से खाद्यान्नों के ट्रांसपोर्टेशन और समय पर वितरण को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए। इमरान हुसैन ने राशन वितरण की पारदर्शिता को लेकर की समीक्षा बैठक में कहा कि बिना जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम के दिल्ली की सड़कों पर कोई ट्रक राशन लेकर न उतरे।

### दूसरे दिन हल्की बारिश हुई दर्ज, अगले दो तीन दिन हो सकती है दिल्ली में अच्छी बरसात

**नई दिल्ली।** लगातार दूसरे दिन राजधानी दिल्ली में हल्की बारिश दर्ज हुई। हालांकि बारिश के बाद भी लोगों को भारी उमस से राहत नहीं मिली है। मौसम विभाग ने अनुमान जताया कि गुरुवार से अगले दो तीन दिन दिल्ली में अच्छी बारिश देखने को मिल सकती है। बुधवार को सुबह से ही मौसम सुहावना बना रहा, और दिन में कहीं कहीं हल्की बारिश ने दस्तक दी। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे के दौरान दिल्ली में 10.1 एमएम बारिश दर्ज की गई।

## विधानसभा चुनावों की तैयारियां शुरू, देवेंद्र यादव ने कांग्रेस संगठन में किया बदलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- अब 68 विधानसभा में 280 की जगह 250 ब्लॉक कमेटी, नई दिल्ली और दिल्ली कैंट में 4-4 ब्लाक

आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर प्रदेश कांग्रेस एक्शन मोड़ में आ गई है। बुधवार को प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने विधानसभा चुनावों को लेकर संगठन की अहम बैठक बुलाई, जिसमें तैयारियों के साफ निर्देश जारी किए। बैठक में देवेंद्र यादव ने संगठन में बड़ा बदलाव किया है। देवेंद्र यादव के अनुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों की संख्या घटा दी गई है। जहां पहले 70 विधानसभाओं में कुल 280 ब्लॉक कमेटियां होती है, अब उनको कम किया गया है। देवेंद्र ने बताया कि वर्तमान में 280 ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों को अब वार्ड अनुसार घटाकर 250 ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बना दिया है। जबकि दो विधानसभा सीटों नई दिल्ली और दिल्ली कैंट में भी 4-4 ब्लाक कमेटियां होंगी। यानी इस प्रकार 70 विधानसभा सीटों में पहले 280 ब्लाक कमेटियों की जगह कुल 258 ब्लॉक कमेटियां होंगी। उन्होंने बताया कि नए फॉर्मेट में 22 ब्लॉक कमेटियां कम हो जाएगी। ब्लाक संगठन का फॉरमेट तैयार हो गया है और सभी जिला अध्यक्षों और जिला आर्ब्जवरों को बांट दिया गया है।

उन्होंने कहा कि बैठक में संगठन को चौतरफा मजबूत बनाने के साथ आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के लिए नई तेजी दी गई है। बैठक में पिछले एक महीने से चल रही जिला कार्यकारिणी की बैठकों, ब्लॉक व जिला की मासिक बैठकों में कार्यकर्ताओं से मिले फीडबैक, संगठन मजबूत के विचार और उनकी भावनाओं को समाहित करके सभी जिला अध्यक्षों और जिला आर्ब्जवरों ने प्रदेश अध्यक्ष के समक्ष भविष्य के लिए कांग्रेस संगठन की रणनीति और भाजपा और आम आदमी पार्टी के खिलाफ चलाये जाने वाले अभियान के लिए सुझाव और चर्चा की।

देवेंद्र ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव में रणनीति को धारदार बनाने के लिए 15 जुलाई को प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक भी होगी। हमें कांग्रेस को हर हाल में मजबूत बनाने और हमारे नेता राहुल गांधी के विजन को पूरा करने के लिए नए युवा चेहरों को, अनुभवी लोगों के साथ आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि सभी जिला अध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्रों में शुरुआत में 50-50 ऑटों पर हाथ बदलेगा अब दिल्ली में भी हालात के नारे वाले पोस्टर लगाएं।

### भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री और प्रदेश अध्यक्ष ने किया स्वागत

# आप विधायक और दिल्ली के पूर्व मंत्री ने थामा भाजपा का दामन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह, दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा एवं भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया सह प्रमुख संजय मयूख की उपस्थिति में बुधवार को दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री राजकुमार आनंद, छतरपुर से विधायक करतार सिंह तंवर एवं वीणा आनंद, निगम पार्षद उमेद सिंह, दिल्ली सचिवालय के पूर्व निदेशक और हिमाचल प्रदेश में 'आप' के पूर्व प्रदेश प्रभारी रत्नेश गुप्ता एवं सह प्रभारी सचिन राय ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। अरुण सिंह ने पार्टी का पटका पहना कर एवं वीरेंद्र सचदेवा ने पुष्प गुच्छ के साथ सभी सदस्यों का भाजपा में स्वागत किया। अरुण सिंह ने पार्टी में सभी नए सदस्यों का स्वागत किया और कहा कि आज हम सबके लिए दो-दो गर्व के विषय हैं एक तरफ भाजपा में नए सदस्यों के आने से भाजपा परिवार बढ़ा है तो दूसरी तरफ रूस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार से नवाजा गया है। आजादी के बाद पहली बार हुआ है कि जब एक व्यक्ति के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सरकार बनी है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन चुनाव में अगर कांग्रेस की सीटों को जोड़ कर देखें तो वह भी भाजपा के इस बार के 240 के बराबर नहीं होती हैं।

अरुण सिंह ने कहा कि दिल्ली के अंदर तो कांग्रेस और आम आदमी पार्टी दोनों को दिल्ली की जनता ने नकार दिया क्योंकि आम आदमी पार्टी शराब माफियाओं के समर्थन की पार्टी है। वहीं, सचदेवा ने कहा कि पूर्व मंत्री राजकुमार आनंद के आने से केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ हमने जो मुहिम चलाई है उसमें हमें और सहयोग मिलेगा। वहीं मंत्री राजकुमार आनंद ने कहा कि अपनी राजनीति चमकाने के लिए केजरीवाल सरकार ने दलित बच्चों के विकास के लिए आए करोड़ो रूपये उड़ा दिए। विधायक करतार सिंह तंवर ने कहा कि पिछले 20 से 25 वर्षों में मैं समाजिक हितों में काम कर रहा हूं। दिल्ली की जनता ने मेरा साथ दिया लेकिन पिछले 2 वर्षों में दिल्ली बदहाल हो चुकी है और भ्रष्टाचार में पूरी तरह लिप्त हो चुकी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में देश का सबसे बड़ा भ्रष्टाचार हुआ है। आज दिल्ली की हालत बहुत खराब है जो सरकार की नीति है उसके अनुसार काम हम कुछ नहीं कर पाते हैं। काम की जगह सिर्फ आरोप का खेल पिछले तीन महीनों से चल रहा है।

### राजनीतिक पार्टी आप को मनी लॉन्ड्रिग केस में बनाया आरोपी : भाजपा

नई दिल्ली। मनी लॉन्ड्रिग केस में व्यक्तियों पर तो मामला दर्ज होता ही रहता है लेकिन आम आदमी पार्टी पार्टी (आप) पहली राजनीतिक पार्टी बनी है जिस पर यह आरोप लगा है। भारत के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि जब किसी राजनीतिक पार्टी को आरोपी बनाया गया है। दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और नई दिल्ली से भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने बुधवार को संयुक्त प्रेस वार्ता कर ईडी द्वारा सप्लीमेंट्री चार्ज शीट दाखिल किए जाने और उस चार्जशीट में आम आदमी पार्टी को मुख्य आरोपी बनाए जाने पर यह बातें कही। उन्होंने कहा कि जितनी तेजी से आम आदमी पार्टी के नेता अपने आपको राष्ट्रीय पार्टी बताकर पीठ थपथपा रहे थे, आज भारतीय इतिहास में वह पहली पार्टी भी बन गई जिसने सबसे कम समय में सबसे अधिक भ्रष्टाचार किया है। सचदेवा ने कहा कि जांच एजेंसी द्वारा दाखिल चार्जशीट में अरविंद केजरीवाल द्वारा बार-बार अपने बयानों से मुकरने का भी जिक्र किया गया है। वहीं, बांसुरी स्वराज ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ना ही सिर्फ व्यक्तिगत तौर पर शराब घोटाले में करोड़ों रुपए लेने के आरोपी हैं बल्कि वह इस पूरे मामले के किंगपिंग है। दिल्ली भाजपा इस पूरे मामले में आतिशी, सौरभ भारद्वाज एवं दुर्गेश पाठक की भागीदारी की भी जांच की मांग करती है। वहीं, प्रेसवार्ता का संचालन कर रहे प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि आम आदमी पार्टी आज देश की सबसे भ्रष्ट पार्टी है।

KAMAL INSTITUTE OF HIGHER EDUCATION AND ADVANCE TECHNOLOGY
(Approved by AICTE and Affiliated to G.G.S.I.P. University, New Delhi.)
K-1 Extension, Mohan Garden, N.Delhi - 59

ADMISSION NOTICE
FOR MANAGEMENT QUOTA
ACADEMIC SESSION-2024-25
Applications are now being acceptedin both online and offline modes for the following courses:
(BBA ,BCA) Ist & IInd Shift
B.COM (H), B.Ed.
Prospective students can download the admission form from our website
URL: https://www.kamalinstitute.com/wp-content/uploads/2024/07/MQ-Admission-Form-2.pdf
or collect them in person from the Institute Reception between 10:00 AM and 3:00 PM.
Eligibility & Reservations will be followed as per Statutory Policy of GNCT of Delhi / GGSIPU
Start date of issue of form: 11/07/2024
Last date of issue of form: 30/07/2024
Last date of form submission: 31/07/2024
For further Details, Pls.Contact us at:
info@kamalinstitute.com
kamalinstitutehighereducation@gmail.com
8851735219, 9716754246
www.kamalinstitute.com

# 'एक पेड़ मां के नाम अभियान' के तहत सर्वाधिक पौधरोपण करने वाली आरडब्ल्यूए को स्वतंत्रता दिवस समारोह में करेंगे सम्मानित, बढ़-चढ़कर भाग लें सभीः उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

औद्योगिक नगरी को हरा-भरा बनाने के लिए उपायुक्त विक्रम सिंह ने विशेष रूप से रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों से सहयोग की अपील की है। साथ ही उन्होंने स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देते हुए घोषणा की कि इस सीजन में सर्वाधिक पौधरोपण करने वाली आरडब्ल्यूए को राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस समारोह में 15 अगस्त को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने सभी आरडबल्यूए का आह्वान किया कि वे बढ़-चढ़कर पौधरोपण करें।

उपायुक्त ने कहा कि फरीदाबाद में आरडब्ल्यूए विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक हिस्सा लेती आई हैं। पौधरोपण अभियान में भी उनसे यही उम्मीदें हैं कि वे आगे बढ़कर पौधरोपण करवाएं। इसके लिए जिला प्रशासन ने सबसे ज्यादा पौधरोपण करवाने वाली आरडब्ल्यूए को सम्मानित करने का निर्णय लिया है। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए। पौधरोपण समय की मांग है। बढ़ते प्रदूषण तथा पर्यावरण के संतुलन के लिए अधिकाधिक पौधारोपण करना चाहिए। सुखद एवं सुरक्षित भविष्य के लिए पौधरोपण बेहद जरूरी है। इस आवश्यकता को गंभीरता से समझने की जरूरत है।

**खास बातें**

- बढ़ते प्रदूषण तथा पर्यावरण के संतुलन के लिए करें पौधरोपण
- सुखद एवं सुरक्षित भविष्य के लिए पौधरोपण बेहद जरूरी
- हर व्यक्ति कम से कम एक पौधा लगाए



### पौधा लगाकर पालन पोषण करें

हर व्यक्ति को कम से कम एक पौधा लगाकर उसका पूर्ण पालन-पोषण करने का संकल्प लेना चाहिए। उपायुक्त ने कहा कि औद्योगिक नगरी के सौंदर्यीकरण के लिए पौधरोपण जरूरी है। इससे स्वच्छता बढ़ेगी और वातावरण भी हरा-भरा बनेगा। जिले के विभिन्न प्रवेश मार्गों पर विशेष रूप से पौधरोपण की आवश्यकता है। सबके एकजुट सहयोग से पौधरोपण अभियान को सफल बनाया जाएगा।

## मानव सेवा समिति का पौधा लगाओ, उसे हरा-भरा पेड़ बनाओ अभियान जारी, बुधवार को लगाए 15 पौधे




**फरीदाबाद।** मानव सेवा समिति ने पौधा लगाओ, उसे हरा भरा पेड़ बनाओ अभियान के तहत बुधवार को सेक्टर-9 के जागृति पार्क व सेक्टर-10 के गोवर्धन पार्क में 6, 7 फुट के पीपल, नीम, बरगद, बेल, गुलमोहर, जामुन, आंवला, मोरश्रीएकदम, कड़ी पत्ता, हार सिंगार, अमलतास के 15 पौधे लगाए। इस पुण्य कार्य में सुभाष शर्मा व सूरजभान मोर ने पूरा सहयोग प्रदान किया। समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा, चेयरमैन प्रोजेक्ट संजीव शर्मा, सचिव रमा सरना, प्रभारी पर्यावरण सेल प्रतिमा गर्ग व सावित्री मोर, राजराठी, सुरेश कौशिक, सुनील सचदेवा, पीके सिंह, रेखा शर्मा, सुमन, परमेश्वरी, ऊषा भाटिया, यशवंत मलिक, सीमा राजपूत, शीला फोगाट, रतन शर्मा, उमा गर्ग, नीरू मोर मौजूद रहे। समिति के महासचिव सुरेंद्र जग्गा ने कहा है पूरी जुलाई महीने में समिति का यह अभियान जारी रहेगा।

---

**खबर संक्षेप**

### वाहन चोरी करने वाला गिरफ्तार, ऑटो बरामद



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर-56 प्रभारी की टीम ने वाहन चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी रोहित पलवल के पहाड़ी गांव का रहने वाला है जो फिलहाल संजय कॉलोनी में रह रहा था। आरोपी को चोरी के ऑटो के साथ समयपुर चुंगी से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने ऑटो को मुल्ला होटल के पास मार्केट से चोरी किया था।

### बस में लगी आग, बाल बाल बचे 30 छात्र



**फरीदाबाद।** ग्रेटर फरीदाबाद के सेक्टर 76 पार्क फ्लोर 2 के सामने एक स्कूल की निजी बस में अगले हिस्से में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। उस समय बस में 30 बच्चे सवार थे। पार्क फ्लोर 2 के सिक्योरिटी गार्ड व मेंटेनेंस स्टाफ ने सभी बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला। आग बुझाने वाले यंत्रों से बस की आग पर काबू पाया। आग से बस को अधिक नुकसान नहीं हुआ है।

### टक्कर के बाद महिला के पति से मारपीट




**गुरुग्राम।** न्यू कॉलोनी थाना एरिया में हुई रोडरेज में बुलेट बाइक पर सवार युवक द्वारा महिला की स्कूटी में टक्कर मारने के बाद अपने साथियों के साथ मिलकर महिला के पति से मारपीट करने का मामला सामने आया है। महिला स्कूल से अपने बेटे को लेकर स्कूटी से घर जा रही थी। टक्कर लगने से महिला व उसका बच्चा सड़क पर गिर गए। महिला को अस्पताल भर्ती कराया गया।

### कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन



**फरीदाबाद।** जिला कांग्रेस कमेटी लीगल सैल के जिला अध्यक्ष मनीष वर्मा एडवोकेट एवं प्रदेश कार्यकारिणी लीगल सैल के सदस्य राजेश खटाना एडवोकेट ने नगराधीश अंकित कुमार को जिले की कानून व्यवस्था पर चिंता जताते हुए राज्यपाल हरियाणा के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जिलाध्यक्ष मनीष वर्मा एडवोकेट ने अपराध पर लगाम लगाने को कहा।

### लापता छात्र कोलकाता से सकुशल बरामद




**फरीदाबाद।** सेक्टर तीन रेजिडेंट वेलफेयर फेडरेशन ने तीन सप्ताह से लापता 17 वर्षीय छात्र संजय पाल की कोलकाता से सकुशल तलाशी पर संतोष व्यक्त किया है। फेडरेशन के प्रधान सुभाष लांबा व सचिव रतनलाल राणा ने क्राइम ब्रांच केट, सेक्टर-8 थाना प्रभारी मनोज कुमार व सेक्टर तीन चौकी प्रभारी स्वीटी के नेतृत्व में गठित टीमों की प्रशंसा की।

---

### राज्यमंत्री असीम अरुण ने विकास कार्यों को लेकर सरकारी विभागों की ली बैठक

# कहा- अधिकारी जनसुनवाई में शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करें, कोई गलत काम न हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

प्रदेश के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) समाज कल्याण ने बुधवार को यहां कहा कि अधिकारी जनसुनवाई तत्काल करें। जनसुनवाई में आई शिकायतों का त्वरित निस्तारण करें। साथ ही इस बात का भी ध्यान रखें कि कोई काम गलत न हो। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि वे किसी भी विभाग में भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं करेंगे। असीम अरुण बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। असीम अरूण के कलेक्ट्रेट पहुंचने पर उनको गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। पुलिस आयुक्त अजय कुमार मिश्रा, जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह सहित अन्य गणमान्यों द्वारा उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

बैठक में राज्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में आने वाली शिकायतों का त्वरित गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। कोई भी शिकायतकर्ता अपनी शिकायत के निस्तारण के लिए परेशान न हो। उन्होंने कहा कि ज्यादातर मामले पुलिस विभाग से जुड़े हेतु हैं। अतः पुलिस अधिकारियों को इस ओर ध्यान देने की बेहद आवश्यकता है।

**खास बातें**

- किसी भी विभाग में भ्रष्टाचार नहीं हो
- ईमानदारी से अपने दायित्वों को निवर्हन करें
- पुलिस से जुड़े मामलों पर ध्यान देने की आवश्यकता
- विश्वकर्मा श्रम सम्मान के लाभार्थियों को चेक प्रदान किया




### शिकायतों को ध्यान से सुनें

अरुण ने कहा कि पुलिस विभाग, जीडीए, नगर निगम, विकास विभाग, जिला प्रशासन सहित अन्य किसी भी विभाग में भ्रष्टाचार नहीं पनपना चाहिए, इसके लिए उच्च अधिकारी इस बात का ध्यान रखें। सभी लोग ईमानदारी से अपने दायित्वों को निवर्हन करें। राज्यमंत्री ने कहा कि यदि कोई जन प्रतिनिधि या जनसेवी आपके कार्यालय पर आता है तो उसकी शिकायत को ध्यान से सुना जाए। वह जनप्रतिनिधि या जनसेवी, किसी भी पार्टी, संस्था या आम आदमी ही क्यों न हो वह सम्मानित हैं क्योंकि वह समाज/ जनहित में कार्य कर रहा है। आपको अपना कार्य ईमानदारी से करना है यदि कोई आपसे गलत कार्य करने के लिए कहें तो बिलकुल न करें।




### योजनाओं के तहत टूलकिट दिए

ओडीओपी एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान प्रशिक्षण योजनान्तर्गत लाभार्थियों रवि कुमार शर्मा को रेलवे पार्टस मैन्यूफैक्चरिंग को रूपए एक करोड़ नवासी लाख सैंतालीस हजार का सांकेतिक चैक दिया गया। साथ ही ओडीओपी प्रशिक्षण एवं टूलकिट में मुरारी लाल शर्मा, विश्कर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत श्रीमती सीमा शर्मा (दर्जी), मो. यासीन (राजमिस्त्री), चरन सिंह (राजमिस्त्री) को टूलकिट प्रदान की गई।

### आरटीई के छात्रों से लें फीडबैक

राज्यमंत्री ने आरटीई के तहत किए जा रहे दाखिले के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने बताया कि अभी 261 दाखिले शेष हैं जिन्हें जल्द ही करवा दिया जाएगा। पूर्व में आरटीई के तहत जिन छात्रों का दाखिला करवाया गया है। उनसे फीडबैक ली जाए कि उनके साथ स्कूल प्रबंधन कोई भेदभाव तो नहीं कर रहे हैं। यदि ऐसा पाया जाता है तो स्कूल के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करें।

---

### नागर ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं

# सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

तिगांव विधायक राजेश नागर ने गांव भतोला में लोगों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने मौके पर मौजूद नगर निगम के जेई परवेज आलम एवं लखमी चंद को जनहित में कार्य करने की सीख दी। गांव के लोगों ने मुख्य रूप से सफाई की समस्या बताई और इस बारे में निगम के सुस्त रवैये को लेकर नाखुशी जताई। विधायक राजेश नागर ने मौके पर पहुंचे नगर निगम के अधिकारियों को आदेश देते हुए कहा कि जल्द से जल्द सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए। इसके लिए नाली सीवर की सफाई का भी पक्का बंदोबस्त किया जाए। नागर ने कहा कि अनेक बार छोटी चीज की देखरेख नहीं होने पर वह बड़ी चीज को खराब कर देती है और यह सब नजरअंदाजगी के कारण होता है। उन्होंने कहा कि नगर निगम में शामिल हुए गांववासियों को शहरी व्यवस्थाएं प्रदान करने के लिए सरकार पूरी तरह से कटिबद्ध है।

### सफाई जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा

राजेश नागर ने कहा कि सफाई हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। पीएम नरेंद्र मोदी ने पूरे देश में सफाई की अलख जगाई और स्वच्छता अभियान चला कर लोगों के मन में स्वच्छता के प्रति विश्वास बढ़ाया। आज लोग अपने घर और बाहर साफ सफाई पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। ऐसे में निगम अधिकारियों को भी पहले से अधिक काम करना होगा। सभी लोग यह ध्यान रखें कि कूड़ा खुले में न डालें और कूड़े का उठान समय पर हो जिससे कि लोगों को गुजरते हुए शहर में अच्छी व्यवस्थाएं मिल सकें। इस अवसर पर वीर सिंह नंबरदार, अजय वीर सरपंच, सुरेश चंदीला, नेत्रपाल चंदीला, सुभाष चंदीला, जेपी चंदीला, बेगराज चंदीला, चतर चंदीला, अजब चंदीला, वीर सिंह नागर, ओमप्रकाश चंदीला, करतार नागर, सतीश कुमार, किरण चंदीला आदि मौजूद रहे।

### मनोरंजन के लिए चलाए जा रहे झूलों व छोटी ट्रेन तथा स्टाल की अनुमति लेना जरूरी

**फरीदाबाद।** बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिगत उपायुक्त विक्रम सिंह ने फरीदाबाद में स्थापित मॉल, बड़े पार्कों व होटलों में चलाये जा रहे झूलों व छोटी ट्रेन तथा दुकानों की जांच के लिए सभी एसडीएम को आदेश दिए हैं। अपने आदेशों में उन्होंने झूले व छोटी ट्रेन चलाने के लिए निर्धारित नार्म्स की अनुपालना की विशेष रूप से जांच करने के लिए कहा है। साथ ही उन्होंने दो दिन के भीतर जांच रिपोर्ट प्रेषित करने के आदेश दिए हैं।

---

### बड़ौली को अध्यक्ष बनाने पर जताया आभार

## संगठनात्मक कुशलता के अनुभव का मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम





गुरुग्राम। भाजपा महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष नेहा शालिनी दुआ ने मोहन लाल बड़ौली को हरियाणा भाजपा का प्रदेशाध्यक्ष बनाए जाने पर खुशी व्यक्त की है। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, पूर्व सीएम एवं केंद्र में उर्जा मंत्री मनोहर लाल, प्रदेश के सीएम नायब सिंह सैनी सहित तमाम नेतृत्व का आभार जताया। उन्होंने कहा कि बड़ौली के अध्यक्ष बनाए जाने से उनकी संगठनात्मक कार्यकुशलता के अनुभव का पार्टी को भरपूर लाभ मिलेगा। उनके पास संगठन का अच्छा अनुभव है। उनके पास पार्टी में प्रदेश महामंत्री जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी उनके पास लंबे समय तक रही। आने वाले विधानसभा चुनाव में सीएम सैनी और मोहन लाल की जोड़ी कमाल करेगी।

### ग्रामीण ट्यूबवेल ऑपरेटर ने ज्ञापन सौंपा

## नियमितीकरण पॉलिसी में सभी को शामिल किया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



पब्लिक हेल्थ ग्रामीण ट्यूबवेल ऑर्गेनाइजेशन संबंधित भारतीय मजदूर ग्रामीण ट्यूबवेल ऑपरेटर ने सेक्टर 12 डीसी ऑफिस धरना प्रदर्शन करके पंचायत मंत्री महिपाल ढांडा के नाम से ज्ञापन दिया। जिसमें ग्रामीण ट्यूबवेल ऑपरेटर की महत्वपूर्ण मांगे थीं। इसमें सभी जल कर्मियों को नियमितीकरण पॉलिसी में शामिल किया जाए। सभी जल कर्मियों को पब्लिक हेल्थ विभाग में 8 घंटे ड्यूटी की जाए। ग्रामीण जल कर्मियों का रोजगार सुरक्षित किया जाए। पीएफ, ईएसआई लागू करवाया जाए। सभी प्रकार के मेंटेनेंस कार्य पब्लिक हेल्थ को दिए जाएं। किसी भी कर्मचारी को हटाया नहीं जाए। जल कर्मियों का मिनिमम वेज 26 हजार किया जाए यदि किसी जलकर्मी की मृत्यु ड्यूटी के दौरान होती है उसके परिवार को नौकरी दी जाए।

### कांवड यात्रा को लेकर मंथन

## जिला पुलिस ने कानून व यातायात व्यवस्था संबंधी जानकारी साझा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



पकावड़ यात्रा को सकुशल संपन्न करने के मद्देनजर बुधवार को गाजियाबाद पुलिस लाइन के परमजीत हाल में दिल्ली पुलिस, गाजियाबाद पुलिस, नोएडा पुलिस तथा आसपास के अन्य जनपदों की पुलिस की संयुक्त बैठक संपन्न हुई। जिसमें कानून व्यवस्था यातायात व्यवस्था तथा मार्ग परिवर्तन को लेकर गहन मंथन किया गया और एक दूसरे को इससे संबंधित जानकारी साझा की गई । बैठक में मेरठ बुलंदशहर बागपत और हापुर पुलिस के अधिकारी भी शामिल हुए और आपस में समन्वय स्थापित करने को लेकर भी बातचीत हुई।

बैठक के बाद गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के संयुक्त पुलिस आयुक्त दिनेश कुमार पी ने बताया कि दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे तथा एनएच 9 के पास शिविर नहीं लगने देने का निर्णय लिया गया। साथ ही कावड़ यात्रा केवल परंपरागत मार्ग से ही निकाली जाएगी। एनएचएआई ने 30 अतिरिक्त एम्बुलेंस तैनात रखने की जानकारी भी दी गई। यात्रा को सकुशल संपन्न करने के मद्देनजर तीन कंट्रोल रूम स तथा एक कंट्रोल यातायात कंट्रोल रूम स्थापित करने का निर्णय लिया।

---

### भारत विकास परिषद ने मनाया 62वां स्थापना दिवस

# फ्री मेडिकल कैंप व लाइफ स्किल प्रोग्राम किया आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

भारत विकास परिषद के 62वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को शहीद भगत सिंह शाखा के सेवा प्रकल्प के निमित मेगा फ्री मेडिकल हेल्थ चेकअप कैंप व लाइफ स्किल प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इसमें एचसीडब्ल्यूए फाउंडेशन का सहयोग रहा।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बसई में यह आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारत विकास परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष अनिल बंसल, विशिष्ट अतिथि प्रांतीय महासचिव ऋषि अग्रवाल, रेड क्रॉस सचिव विकास कुमार, विद्यालय की प्रधानाचार्य सविता अहलावत रहे। कार्यक्रम के संयोजक भाविप की शहीद भगत सिंह शाखा के अध्यक्ष अमित गोयल, आरके अग्रवाल व हनीष बजाज रहे। इस दौरान लगाए गए शिविर में अनेक लोगों ने हेल्थ चेकअप कराते हुए इस आयोजन की सराहना की। अध्यक्ष अमित गोयल ने बताया कि भारत विकास परिषद का मुख्य उद्देश्य समाज व राष्ट्र की सेवा ही है। वह किसी भी रूप में की जा सकती है।

**खास बातें**

- परिषद भारत के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित
- विवेकानंद की शिक्षाओं और आदर्शों से प्रेरित
- बच्चों में संस्कारों का समावेश करना जरूरी



### बच्चों को मिलते हैं संस्कार

रेड क्रॉस सचिव विकास कुमार ने कहा कि भारत विकास परिषद ने समाज को सदा सकारात्मक तौर पर आगे बढ़ाया है। परिषद की सेवाएं विश्वविख्यात हैं। बच्चों में संस्कारों का समावेश करना भी परिषद के कार्यों में सम्मिलित है। विद्यालय की प्रधानाचार्य सविता अहलावत ने कहा कि भारत विकास परिषद के इस कार्यक्रम से स्कूल भी लाभान्वित होगा और यहां के बच्चों को भी संस्कार मिलेंगे। ऐसे कार्यक्रम सरकारी शिक्षण संस्थानों में होते रहने चाहिए।

### लक्ष्य स्वस्थ, समर्थ एवं संस्कृत भारत

प्रांतीय अध्यक्ष अनिल बंसल ने अपने संबोधन में कहा कि भारत विकास परिषद एक सेवा एवं संस्कार-उन्मुख अराजनैतिक, सामाजिक-सांस्कृतिक स्वयंसेवी संस्था है। यह मानव-जीवन के सभी क्षेत्रों (संस्कृति, समाज, शिक्षा, नीति, अध्यात्म, राष्ट्रप्रेम आदि) में भारत के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित है। इसका लक्ष्य वाक्य है-स्वस्थ, समर्थ, संस्कृत भारत। प्रांतीय महासचिव ऋषि अग्रवाल ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

### 24वां सर्वजातीय परिचय सम्मेलन

## महाराजा अग्रसेन विवाह समिति द्वारा 19-20 अक्टूबर को आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

इस वर्ष भी महाराजा अग्रसेन विवाह समिति फरीदाबाद रजि. 24वां सर्वजातीय परिचय सम्मेलन व सामूहिक विवाह बड़ी धूमधाम से करेगी। यह जानकारी महाराजा अग्रसेन विवाह समिति के प्रधान डॉ. ब्रह्मप्रकाश गोयल ने दी। समिति की मीटिंग गोपी प्लाजा मथुरा रोड मुख्य कार्यालय में आयोजित की की गई।

मीटिंग की अध्यक्षता संरक्षक अनिल गुप्ता ने की। डॉ. गोयल ने कहा कि इस वर्ष भी 24वां सर्वजातीय परिचय सम्मेलन 19 व 20 अक्टूबर को व सर्वजातीय सामूहिक विवाह 1 दिसम्बर को दशहरा मैदान सेक्टर-16ए फरीदाबाद में कराया जाएगा। लगभग 300 पंजीकरण कार्यालय बनाए जाएंगे। जिसमें प्रोफेशनल, व्यापारी, अपाहिज, विधवा, तलाकशुदा, विकलांग व अनपढ़, नौकरी करने वाले युवक-युवतियां आदि अपने फार्म भर सकते हैं। बैठक में कोषाध्यक्ष मनोहर लाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बलराज गुप्ता व अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।




हरियाणा सरकार
"स्वामित्व योजना, सिर्फ कानूनी दस्तावेज़ देने की योजनाभर नहीं है, बल्कि ये आधुनिक टेक्नॉलॉजी से देश के गांव-शहर में विकास और विश्वास का नया मंत्र भी है।"
- नरेन्द्र मोदी
लाल डोरा से मुक्ति
अपनी संपत्ति की शक्ति
मुख्यमंत्री शहरी स्वामित्व योजना
के तहत रजिस्ट्री वितरण
एवं
शहरी लाल डोरा संपत्ति प्रमाण-पत्र वितरण
राज्य स्तरीय समारोह
मुख्य अतिथि
श्री नायब सिंह
मुख्यमंत्री, हरियाणा
गरिमामयी उपस्थिति
श्री सुभाष सुधा
राज्य मंत्री, शहरी स्थानीय निकाय (स्व. प्र.), हरियाणा
दिनांक - 11 जुलाई, 2024
समय - प्रातः 11 बजे
स्थान - डी.सी.पी. कार्यालय के सामने, आई.एम.टी. चौक, मानेसर, गुरुग्राम
कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें
सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana



**डॉक्टर सजेशन**

**डॉ. आर. पी. सिंह** सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## बिना डॉक्टर से कंसल्ट किए
# ना करें किसी दवा का सेवन



**मेरी उम्र 45 वर्ष है। मुझे कुछ दिनों से थकान-कमजोरी महसूस हो रही है। इसलिए रोज मल्टीविटामिन कैपस्यूल लेता हूं। क्या इसके कुछ साइड-इफेक्ट्स भी हो सकते हैं?**

**-पवन, कांकेर**

जैसा आप बता रहे हैं कि पिछले कुछ दिनों से आपको थकान और कमजोरी लग रही है। सबसे पहले आपको शरीर में खून की जांच यानी एचबी की जांच करानी चाहिए, जिससे पता चलेगा कि कमजोरी किस वजह से हो रही है? कई बार खून की कमी की वजह से भी यह समस्या देखी जाती है, इसके बाद कोई उपचार किया जा सकेगा। वैसे तो मल्टीविटामिन कैप्सूल लेने से कोई साइड इफेक्ट नहीं हैं, लेकिन एक बार डॉक्टर से संपर्क करने के बाद ही कोई दवा लेनी चाहिए।

**मेरी उम्र 38 वर्ष है। हर साल बारिश के मौसम में मुझे अकसर जुकाम-खांसी की समस्या होने लगती है। इससे बचाव के लिए मुझे क्या करना चाहिए?**

**-नीरज, भोपाल**

यह समस्या कई लोगों में देखी जाती है। जिन लोगों को एलर्जी होती है उनको बरसात में सर्दी-जुकाम होता रहता है। इसके लिए आपको अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ानी चाहिए, विटामिन सी वाले यानी खट्टे फल खाने चाहिए। साथ ही घर से बाहर निकलते समय मास्क लगाकर निकलें।

**मेरी उम्र 52 वर्ष है। मेरे तलवों और एड़ियों में अकसर कुछ चुभने जैसा तेज दर्द होता है। ऐसा क्यों होता है और इसका क्या समाधान है, कृपया बताएं।**

**-गजेंद्र प्रताप, रायगढ़**

यह समस्या उस समय होती है, जब एड़ी की हड्डी बढ़ जाती है। इसके लिए आपको ऑर्थोपेडिक डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। वे एक्सरे कराएंगे, जिससे पता चलेगा हड्डी बढ़ी हुई है या नहीं। इसके बाद आपको वह गाइड करेंगे कि बचाव के लिए क्या करना चाहिए।

**मेरी उम्र 21 वर्ष है। पिछले डेढ़-दो महीने से पढ़ते वक्त मेरी आंखों से पानी आने लगता है, साथ ही तेज सिर दर्द भी शुरू हो जाता है। इस प्रॉब्लम से छुटकारा पाने के लिए मुझे क्या करना चाहिए?**

**-राकेश, रायपुर**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपकी आंखों की रोशनी कमजोर हो रही है, जिस वजह से यह समस्या आ रही है। सबसे पहले आपको आंखों की जांच करानी चाहिए, अगर आंखें कमजोर हो रही हैं तो चश्मा बनवाना चाहिए। हां अगर आंख की रोशनी ठीक है तो जरूर आपको एक बार मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर जांच करानी चाहिए, जिससे सिर दर्द का कारण पता चलेगा।

**मेरी उम्र 34 वर्ष है। मेरे चेहरे और नाक पर कई मस्से उभर आए हैं। मस्सा हटाने के लिए मुझे कोई होम-रेमेडी अपनानी चाहिए या मेडिकल ट्रीटमेंट करवाना चाहिए? कृपया उचित सलाह दें।**

**-आदित्य, भोपाल**

इसके लिए आपको त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क करना चाहिए, वही मस्से देखकर बताएंगे कि ये रिमूव हो सकते हैं या किसी क्रीम से ठीक हो सकते हैं। बगैर देखे कुछ भी कहना उचित नहीं होगा।

**मेरी उम्र 62 वर्ष है। दो साल पहले मैंने अपने घुटने का ऑपरेशन करवाया था। पिछले 2-3 महीनों से मेरे घुटने में फिर से दर्द हो रहा है। चलने-फिरने में काफी तकलीफ होने लगी है। ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**

**-प्रमोद, हिसार**

आपने यह स्पष्ट नहीं किया कि घुटनों का ऑपरेशन किसलिए हुआ था। क्या नी सर्जरी हुई थी या कोई चोट लगी थी? हालांकि ऑपरेशन के कुछ समय बाद तक कई बार ऐसी समस्या देखी जाती है, लेकिन आपको 2 साल हो चुके हैं, इसलिए बेहतर होगा कि आप उस डॉक्टर से संपर्क करें, जिन्होंने आपका ऑपरेशन किया था, वह ही जांच कर इसकी वजह पता लगाएंगे और उपचार करेंगे।

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल**
sehatharibhoomi@gmail.com **पर ई-मेल कर सकते हैं।**

**हेल्थ एडवाइस**

**विवेक कुमार**

इसमें कोई दो राय नहीं है कि आज युवा वर्ग अपने स्वास्थ्य को लेकर काफी हद तक जागरूक हो चुका है। यही कारण है कि छोटे शहर हों या बड़े, हर जगह जिमों की भरमार देखी जा सकती है। शहरों में शायद ही कोई ऐसा मोहल्ला हो, जहां आज की तारीख में कोई जिम ना मौजूद हो और जहां युवाओं की अच्छी-खासी भीड़ ना देखी जाती हो। लेकिन इसके बावजूद इस दौर में युवाओं को जितनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हैं, उतनी अब के पहले कभी नहीं रहीं।

जंक फूड हो या फास्ट फूड, इसका अधिक सेवन हमें कई बीमारियों से ग्रस्त कर सकता है। बावजूद इसके, आज के दौर में यंगस्टर्स इसे सबसे ज्यादा पसंद करते हैं। इससे यंगस्टर्स में मोटापा, डायबिटीज, हार्ट डिजीज समेत कई अन्य रोग फैल रहे हैं। इनके अधिक सेवन से किस तरह के नुकसान हो सकते हैं, इस बारे में हर युवा को पता होना चाहिए।

## यंगस्टर्स को बना रहा बीमार
# जंक फूड-फास्ट फूड







### युवाओं में बढ़ता मोटापा

आज पूरी दुनिया में 3.2 करोड़ से ज्यादा युवा औसत से काफी ज्यादा मोटे हैं और मोटापे की यह रफ्तार युवाओं के बीच पूरी दुनिया में बढ़ रही है। मोटापा किस तरह एक वैश्विक समस्या बनता जा रहा है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, भूटान, मालदीव जैसे देशों में भी जहां यूरोप और अमेरिका के मुकाबले कोल्ड ड्रिंक कम पी जाती है, पिज्जा और बर्गर भी कम खाए जाते हैं, फिर भी इन देशों में मोटापा 7 से 10 फीसदी सालाना की रफ्तार से बढ़ रहा है। साल 2000 के आस-पास भारत में जहां करीब 8 फीसदी युवा जरूरत से ज्यादा मोटे थे, वहीं आज 17 से 18 फीसदी युवा तकनीकी रूप से सामान्य से ज्यादा मोटे हैं और करीब 7 से 9 फीसदी तो बहुत ज्यादा मोटे हो रहे हैं। स्कूल जाने वाली लड़कियां भी 20 साल पहले के मुकाबले आज 15 से 17 फीसदी ज्यादा ओवरवेटेड हैं। युवाओं में तेजी से बढ़ते इस मोटापे का सबसे बड़ा कारण है-जंक फूड का अत्यधिक सेवन।

### जंक फूड अधिक करते हैं पसंद

आज की तारीख में भारतीय युवाओं के पास जेब खर्च आज के 30 साल पहले के मुकाबले 5 से 6



गुना ज्यादा है, जिसका सबसे बड़ा नुकसान यह हुआ है कि आज फास्ट फूड भारतीय युवाओं के बेहद करीब पहुंच गया है। चूंकि आज कम उम्र के युवा भी कमाते हैं, इसलिए जंक फूड खाना उन्हें अपना हक लगता है। यह इसलिए भी उन्हें परेशान नहीं करता, क्योंकि उन्हें लगता है कि वे जंक फूड खाने से उन्हें जो स्वास्थ्य संबंधी नुकसान होंगे, उनकी भरपाई वे जिम में ज्यादा पसीना बहाकर कर लेंगे। लेकिन यह सही नहीं है। इसका सबसे बड़ा नुकसान दो साल पहले कोरोना महामारी के दौरान तब देखने को मिला था, जब बड़ी संख्या में युवाओं में रोग प्रतिरोधक क्षमता की बेहद कमी देखने को मिली थी।

### होती हैं कई प्रॉब्लम्स

जंक फूड खाने से कोई एक तरह की समस्या नहीं होती, सिर्फ मोटापा ही जंक फूड का अकेला नुकसान नहीं है। सच बात तो यह है कि जंक फूड युवाओं की समूची सेहत पर जंग लगा रहा है। ऐसा स्वाभाविक है, क्योंकि जंक फूड में एक नहीं अनेक हानिकारक तत्व होते हैं। जैसे- इसमें बेहिसाब कैलोरी होती है, इसे नियमित खाने से इसकी लत पड़ जाती है। यह हमारे समूचे पाचनतंत्र को खराब कर डालता है। नियमित रूप से जंक फूड खाने पर हड्डियां कमजोर हो जाती हैं और हृदय संबंधी कई तरह की समस्याएं पैदा हो जाती हैं। यह अकारण नहीं है कि पिछले एक दशक में युवाओं में हृदय संबंधी बीमारियां तेजी से बढ़ी हैं। आज भारत के हृदय रोगियों में 12 से 15 फीसदी युवा हैं। अब के पहले इतने युवा हृदय संबंधी बीमारियों से पीड़ित कभी नहीं होते थे। हाल के दिनों में चलते-फिरते बहुत से लोगों की जो मौत, हार्ट अटैक आने के कारण देखने को मिली है, उनमें बड़ी संख्या में युवा भी शामिल रहे हैं।

### डायबिटीज की बड़ी वजह है जंक फूड



जंक फूड युवाओं को भी उसी तरह से मधुमेह या शुगर का मरीज बना रहा है, जैसे पिछले कुछ दशकों में अधेड़ों पर डायबिटीज ने अपना शिकंजा कसा है। युवाओं में आमतौर पर जो टाइप-2 मधुमेह की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है, उसका कारण मुख्य रूप से यही जंक फूड है। सबसे बड़ी बात यह है कि जंक फूड हमारे फैटी लिवर के लिए तो जिम्मेदार है ही, इससे कई तरह के कैंसर होने की भी समस्याएं बढ़ रही हैं। कुल मिलाकर देखा जाए तो जंक फूड युवाओं पर बेहद घातक असर डाल रहा है। जंक फूड के कारण ना सिर्फ युवा बड़े पैमाने पर आलसी हो रहे हैं, उनमें मोटापा बढ़ रहा है बल्कि वे बड़ी तेजी से चिड़चिड़े भी हो रहे हैं।

### पड़ जाती है जंक फूड की लत

जंक फूड खाने से इतनी सारी समस्याएं होने की वजह जंक फूड में मौजूद चीनी, नमक, मसाले और वसा की अधिकता का होना है। जंक फूड में निर्धारित मात्रा से कहीं ज्यादा कैलोरी, ट्रांसफैट चीनी और नमक होता है। जंक फूड के कारण वजन बढ़ता है, डायबिटीज हो जाती है और अधेड़ों की तरह युवाओं में जोड़ों का दर्द भी जंक फूड के कारण ही बढ़ रहा है। चूंकि इसके खाने के बाद इसका प्रभाव युवाओं के डोपामाइन सिस्टम को हाईजैक कर लेता है, इसलिए युवाओं को जंक फूड की ना सिर्फ लत पड़ जाती है बल्कि उन्हें लगने लगता है कि वे जंक फूड खाए बिना खुश रह ही नहीं सकते। जंक फूड खाने से हमारे पेट में लंबे समय तक प्रोसेस्ड फूड जमा रहता है। इस कारण भूख लगने में कमी आती है और हमारा पाचनतंत्र डिस्टर्ब हो जाता है। जंक फूड में मौजूद शुगर हमारी हड्डियों को नुकसान पहुंचाता है। इसलिए जंक फूड से दूर रहने में ही भलाई है। *

### युवाओं की डाइट हो ऐसी


**ऐसे में** सवाल है, आखिर युवाओं के खान-पान में कैसा कॉम्बिनेशन हो, जो उन्हें भरपूर एनर्जी भी दे, उत्साही भी रखे और किसी तरह की स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां भी ना पैदा हों। इसके लिए विशेषज्ञ कहते हैं कि 15 से 25 साल तक के युवाओं के खान-पान में अधिकतम 5 फीसदी ही जंक फूड या मीठा होना चाहिए। उनकी डाइट में 40 फीसदी अनाज, 35 फीसदी फल और सब्जियां, 20 फीसदी प्रोटीन और 5 फीसदी फास्ट फूड या मिठाई होनी चाहिए। ये 5 प्रतिशत जंक फूड भी वही युवा ले सकते हैं, जो नियमित रूप से एक्सरसाइज करते हैं। जो युवा रेग्युलर एक्सरसाइज नहीं करते, उन्हें बिल्कुल भी जंक फूड या फास्ट फूड नहीं खाना चाहिए, क्योंकि इससे वे कई रोगों के शिकार हो सकते हैं।



**हर्बल जोन**

**रेखा देशराज**

## मौसमी रोगों से बचाए
# गिलोय



मानसून का मौसम खांसी, जुकाम, मलेरिया, चिकनगुनिया के साथ-साथ कई तरह के संक्रमणों की आशंका लेकर आता है। इसलिए इस दौरान बड़ी संख्या में लोग बीमार पड़ते हैं। इस मानसूनी संक्रमण से बचने के लिए अच्छी डाइट के साथ-साथ कुछ विशेष जड़ी-बूटियों का इस्तेमाल भी करना चाहिए, जो हमें इस मौसम में बीमार होने से बचाती हैं। गुडुची या गिलोय एक बहुत ही फायदेमंद जड़ी-बूटी है। इसको देसी भाषा में अमृता भी कहते हैं और इस नामकरण के पीछे इसके अमृत जैसे गुण ही हैं। इसे गिलोय इसलिए कहते हैं क्योंकि इसमें गिलोइन नामक ग्लूकोसाइट और टिनोस्पोरिन, पामेरिन और टिनोस्पोरिक एसिड भी पाए जाते हैं। गिलोय में कॉपर, आयरन, फास्फोरस, जिंक, कैल्शियम और मैग्नीज का भी पर्याप्त भंडार होता है।

**कई रोगों में कारगरः** गिलोय हमें ना सिर्फ कई तरह के संक्रमणों से बल्कि कब्ज और गैस जैसी खान-पान संबंधी बीमारियों से भी बचाती है। इसमें हमारे इम्यून सिस्टम को मजबूत करने का जबरदस्त गुण होता है। इसलिए कोरोना के दौरान लोगों ने इसका बहुत ज्यादा सेवन किया था। चूंकि मानसून का मौसम बेहद संक्रामक होता है, इसलिए इस मौसम में स्वस्थ रहने के लिए गुडुची का इस्तेमाल जरूर करना चाहिए। यह डायबिटीज की समस्या में भी हमारे लिए मददगार होती है। चूंकि इसकी तासीर गर्म होती है, इसलिए मानसून के मौसम में सुबह शाम चाय के रूप में इसके काढ़े का सेवन हमें दिनभर एनर्जेटिक बनाए रखता है और हम जो कुछ खाते हैं, वह आराम से पच जाता है। गुडुची के नियमित इस्तेमाल से हमारी भूख भी बढ़ती है। गिलोय का जूस हमारे दिल की सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है। इसके इस्तेमाल से डेंगू, स्वाइन फ्लू और मलेरिया जैसी संक्रामक बीमारियों से बचाव होता है। इसका जूस सिर्फ बीमार होने पर या संक्रमित हो जाने पर ही असरकारी नहीं होता बल्कि सामान्य स्थितियों में भी इसके इस्तेमाल से हमारा शरीर फोड़े, फुंसियों, रक्तविकार और कई तरह की त्वचा संबंधी परेशानियों से बचा रहता है।

**बरतें सावधानीः** गिलोय बहुत उपयोगी जड़ी-बूटी है, फिर भी अपने मन से इसका सेवन करना नुकसानदायक हो सकता है। इसलिए इस बेल के पत्तों का या इसके तने का या इसके किसी भी हिस्से का इस्तेमाल करने से पहले एक बार जड़ी-बूटियों के जानकार अनुभवी वैद्य या आयुर्वेद विशेषज्ञ से राय जरूर ले लें। *



**प्रिवेंशन**

**विनीता**

बारिश के मौसम में एसिडिटी की समस्या से अधिकतर लोग परेशान रहते हैं। क्यों होता है ऐसा और इससे कैसे करें अपना बचाव, यहां बता रहे हैं डिटेल में।

# एसिडिटी से ऐसे बचें

महानगरीय अस्त-व्यस्त जीवनशैली और खान-पान में लापरवाही की वजह से जो स्वास्थ्य समस्याएं पनप रही हैं, एसिडिटी भी उनमें से एक है। अगर सही समय पर इसका उपचार ना किया जाए तो यह समस्या आगे चलकर गंभीर रूप धारण कर सकती है।

**क्या होती है एसिडिटीः** फूड पाइप के ठीक नीचे खाने की थैली होती है, जिसे स्टमक कहा जाता है। इसकी भीतरी दीवारों की कोशिकाओं से हाइड्रोक्लोरिक एसिड का स्राव होता है, जो भोजन को पचाने का काम करता है, लेकिन कई बार स्टमक जरूरत से अधिक मात्रा में एसिड बनाने लगता है, जिसकी वजह से आपको एसिडिटी की समस्या हो सकती है।

**प्रमुख लक्षणः** एसिडिटी के प्रमुख लक्षणों में सीने में जलन, पेट के ऊपरी हिस्से में दर्द, जी मिचलाना, उल्टियां आना, गला सूखना, भोजन में अरुचि, खट्टी डकारें आना, पेट में भारीपन, कब्ज, बेचैनी और सांस लेने में तकलीफ शामिल हैं।

**समस्या की वजहः** सुबह नाश्ता ना करना, लंबे समय तक खाली पेट रहना या ओवर ईटिंग, चावल, घी-तेल, मिर्च-मसाले का अधिक मात्रा में सेवन, क्रोध या मानसिक तनाव के कारण भी एसिड का सीक्रेशन बढ़ जाता है। चाय, कॉफी, एल्कोहल और सिगरेट का अधिक मात्रा में सेवन, भोजन को अच्छी तरह नहीं चबाना, खान-पान की अनियमित हैबिट, पर्याप्त नींद ना लेना, एक्सरसाइज-शारीरिक गतिविधियों में कमी, दर्द निवारक दवाओं का लगातार या अधिक मात्रा में सेवन करने से एसिडिटी की समस्या



बढ़ सकती है। इनके अलावा कुछ और फैक्टर्स होते हैं, जिससे एसिडिटी की समस्या बढ़ जाती है।

**जॉब नेचरः** जिन लोगों को ज्यादा देर तक बैठकर काम करना पड़ता है, उनके पाचन की क्रिया धीमी हो जाती है, इस वजह से उन्हें भी एसिडिटी हो जाती है। ऐसे में उन्हें हर दो घंटे के अंतराल पर सीट से उठकर पांच मिनट के लिए टहल लेना चाहिए। पैदल चलें, लिफ्ट के बजाय सीढ़ियों का इस्तेमाल करें। अगर फील्ड जॉब में हों तो बिस्किट, फल, सैंडविच और जूस जैसी चीजें अपने साथ रखें, ताकि बीच में भूख लगने पर आपको बाहर की नुकसानदायक चीजें खानी ना पड़ें।

**प्रेग्नेंसीः** इस अवस्था में महिलाओं के शरीर से कुछ हार्मोन का स्राव तेजी से होने लगता है, इसी वजह से लिवर के काम करने की गति धीमी हो जाती है। इससे भोजन पचने में काफी समय लगता है और पेट में गैस बनने लगती है। प्रेग्नेंसी के आखिरी तीन महीनों में गर्भाशय का आकार बड़ा हो जाता है, जिससे स्फिंक्टर (फूड पाइप के निचले हिस्से) व आंतों पर दबाव पड़ता है और अनपचा भोजन ऊपर की तरफ वापस आने लगता है, इससे गर्भावस्था में भी एसिडिटी और कब्ज की समस्या होती हैं। ऐसी समस्या से बचाव के लिए एक ही बार ज्यादा खाने के बजाय हर दो घंटे के अंतराल पर थोड़ा-थोड़ा खाएं। भोजन अच्छी तरह चबाकर करें।

**बढ़ती उम्रः** बुढ़ापे में पाचन शक्ति कमजोर हो जाती है, जिससे एसिडिटी और गैस की समस्या परेशान करने लगती है। इससे बचाव के लिए अपनी डाइट में फाइबर युक्त चीजों, जैसे- सूजी, दलिया, ओट्स, हरी सब्जियों और फलों को प्रमुखता से शामिल करें। अपनी दिनचर्या में योग और एक्सरसाइज को जरूर शामिल करें। *

**(सर गंगाराम हॉस्पिटल, दिल्ली में एचओडी-गैस्ट्रोलॉजी, डॉ. सौमित्र रावत से बातचीत पर आधारित)**

बारिश के मौसम में संक्रमण से बचाव के लिए न्यूट्रिशस डाइट और हेल्दी लाइफस्टाइल के साथ-साथ अगर आप नियमित अर्ध-मत्स्येंद्रासन का अभ्यास करें, तो भी संक्रमण से बचे रह सकते हैं। इसकी विधि और सावधानियों के बारे में जानिए।

## मानसूनी संक्रमण से बचाने में कारगर अर्ध-मत्स्येंद्रासन



**योगोपचार**

**दिव्यज्योति 'नंदन'**

बारिश के मौसम में कई तरह के इंफेक्शन की आशंका बढ़ जाती है, क्योंकि बारिश के कारण वातावरण में हल्की ठंडक के साथ उमस भी रहती है। ऐसे मौसम में वायरस और बैक्टीरिया खूब फलते-फूलते हैं। इसलिए इन दिनों में अपनी सेहत को लेकर अतिरिक्त रूप से सजग रहने की जरूरत होती है। अगर इस दौरान हर दिन नियमित रूप से कुछ आसन, जैसे- अर्ध-मत्स्येंद्रासन (हाफ फिश पोज), हलासन, पवनमुक्तासन और सुप्त व्रजासन किए जाएं, तो ये हमें स्वस्थ रखने में मददगार होते हैं। वैसे तो ये सभी आसन महत्वपूर्ण हैं, लेकिन इनमें सबसे आसान और सबसे कारगर अर्ध-मत्स्येंद्रासन है। इसलिए अगर मानसून के मौसम में नियमित रूप से अर्ध-मत्स्येंद्रासन किया जाए, तो हम कई तरह की शारीरिक परेशानियों जैसे मांसपेशियों की जकड़न और बार-बार होने वाले वायरल इंफेक्शन से बचे रह सकते हैं।

**क्यों महत्वपूर्ण है अर्ध-मत्स्येंद्रासनः** महान योगी मत्स्येंद्रनाथ के नाम पर बना अर्ध-मत्स्येंद्रासन, मानसून के मौसम में हमारे शरीर को कई तरह के फायदे पहुंचाता है। यह हमारे ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर बनाता है। मानसून के मौसम में मांसपेशियां जकड़ जाती हैं, वहीं नियमित रूप से यह आसन करने से इस मौसम में भी मांसपेशियों में अकड़न या जकड़न नहीं आती। इस मौसम में पाचन संबंधी समस्या होती है, नियमित रूप से अर्ध-मत्स्येंद्रासन करके हम इस समस्या से मुक्त हो सकते हैं। नियमित रूप से इस आसन को करने से हमारी रीढ़ की हड्डी मजबूत और लचीली बनती है। इससे पीठ के निचले हिस्से की मांसपेशियां दर्दरहित आराम में रहती है। इस सबके अलावा मानसून में नियमित रूप से अर्ध-मत्स्येंद्रासन करने पर हम इस मौसम में होने वाले विशेष तनाव से भी बचे रहते हैं।

**आसन करने का तरीकाः** अर्ध-मत्स्येंद्रासन करने के लिए योगा मैट पर अपने दो पैरों को सामने की ओर फैलाकर बैठ जाएं। ध्यान रखें, इस दौरान दोनों पैर साथ हों और रीढ़ की हड्डी बिल्कुल सीधी हो। इसके बाद बाएं पैर को मोड़ें और इस पैर की एड़ी को दाहिने कूल्हे के पास ले जाएं। अब दाहिने पैर को बाएं घुटने के ऊपर से सामने की तरफ रखें। कमर, कंधों और गर्दन को दाहिनी तरफ से मोड़ते हुए इसी तरफ के कंधे के ऊपर से देखें। इस अवस्था को आसानी से जितनी देर बनाए रखना संभव हो बनाए रखें, फिर लंबी और गहरी सांस लें। सांस छोड़ते ही पहले दाहिने हाथ को ढीला छोड़ें, फिर कमर, छाती और गर्दन को क्रमशः ढीला छोड़ें। इस मुद्रा में भी 20 से 30 सेकेंड तक रहें और फिर इसी प्रक्रिया को विपरीत दिशा से दोहराएं।

**बरतें सावधानीः** अर्ध-मत्स्येंद्रासन करते समय कुछ बातों को ध्यान रखना जरूरी होता है। मसलन, शरीर को अंतिम मुद्रा में मोड़ते समय सुनिश्चित करें कि आप सांस बाहर की तरफ छोड़ रहे हैं। ऐसा करने से आपको झुकने में आसानी रहेगी। इस बात का भी ध्यान रखें कि इस मुद्रा को खोलते समय धीरे-धीरे लेकिन गहरी सांस लें। चूंकि अर्ध-मत्स्येंद्रासन करते समय रीढ़ की हड्डी काफी मुड़ती है, इसलिए बड़ी सजगता और सावधानी से आसन करें, सिर्फ एक तरफ ना करें, दूसरी तरफ भी करें। अगर सिर्फ एक तरफ करेंगे तो इससे रीढ़ की हड्डी को परेशानी होगी। जब दोनों तरफ से करेंगे तो रीढ़ की हड्डी ज्यादा संतुलित और स्वस्थ रहेगी।

**इन बातों का भी रखें ध्यानः** कोशिश करें कि अर्ध-मत्स्येंद्रासन सुबह के समय करें और सुबह भी बहुत जल्दी, जब तक सूरज ना निकला हो। अगर बहुत सुबह आपके लिए संभव नहीं है तो दिन में कभी भी आसन कर सकते हैं। लेकिन ध्यान रखें, इसे खाली पेट या भोजन करने के चार से छह घंटे बाद ही करें।

अगर हृदय, पेट, हड्डी या मस्तिष्क में से किसी की भी सर्जरी हुई हो तो अर्ध-मत्स्येंद्रासन करने से परहेज करें। यदि पेप्टिक अल्सर या हार्निया से पीड़ित हों, तो भूलकर भी यह आसन ना करें। रीढ़ की हड्डी में कभी चोट लगी हो तो अर्ध-मत्स्येंद्रासन करने से बचें। बहुत हल्का स्लिप डिस्क हो तो इस आसन से कुछ फायदा हो सकता है, लेकिन गंभीर हो तो भूलकर भी ना करें। आसन करने से पहले डॉक्टर से कंसल्ट जरूर कर लें। *

राम मंदिर में स्थापित होने वाली मूर्तियों पर शुरू हुआ मंथन

# प्रसिद्ध चित्रकार कामत के नेतृत्व में चार लोगों की टीम अध्ययन कर रही मूर्तियों का निर्माण मकराना के श्वेत मार्बल से कराए जाने पर बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अयोध्या

अयोध्या में राम मंदिर में स्थापित होने वाली शेष 25 मूर्तियां बैठी या खड़ी मुद्रा में होंगी? इस सवाल पर मंथन शुरू हो गया है। मंदिर में पुणे के प्रसिद्ध चित्रकार वासुदेव कामत के नेतृत्व में चार प्रतिष्ठित चित्रकारों की टीम अध्ययन कर रही है। फिलहाल, यह तय हो गया है कि मूर्तियों का निर्माण जयपुर में मकराना के श्वेत मार्बल से ही होगा। इससे पहले वियतनाम के मार्बल का सुझाव दिया गया था। यह सस्ता भी था, ट्रस्ट ने उसे खारिज कर दिया।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र महासचिव चंपत राय ने कहा कि राम दरबार सहित दो दर्जन मूर्तियों के निर्माण के लिए चार मूर्तिकारों को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है। क्योंकि कोई एक मूर्तिकार निश्चित समय में सभी मूर्तियों का निर्माण नहीं कर पाएगा। उन्होंने कहा कि सभी मूर्तियां दिसंबर 2024 से पहले तैयार कर ली जाएंगी। परिसर में लगने के लिए प्रस्तावित ये 25 मूर्तियां बैठी हो या खड़ी मुद्रा में होंगी, इस पर चिंतन किया जा रहा हो। मूर्तियों की मुद्रा पर चर्चा इसलिए हो रही है क्योंकि भगवान रामलला की प्रतिमा खड़ी मुद्रा में है। राम मंदिर में बनने वाली 25 मूर्तियों में 6 राम परिवार की होंगी, जिसमें भगवान राम, मां सीता, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न और हनुमान जी की होंगी। मंदिर के परकोटे में चारों कोनों पर भगवान शिव, गणपति, दुर्गा और सूर्य देव और बीच में हनुमान और अन्नपूर्णा की मूर्ति रहेगी।

**खास बातें**

- सभी मूर्तियां दिसंबर 2024 से पहले तैयार होंगी
- 25 मूर्तियों में 6 राम परिवार की होंगी
- मंदिर के परकोटे में चारों कोनों पर मूर्तियां होंगी
- सप्त मंडपम में ऋषियों के अलावा शबरी और निषाद राज की मूर्तियां लगेंगी



## ये मूर्तियां मंदिर के बाहर स्थापित की गईं

इसी तरह सप्त मंडपम में अगस्त, वशिष्ठ, बाल्मीकि और विश्वामित्र इन चार ऋषियों के अलावा शबरी और निषाद राज की मूर्तियां लगेंगी। इसके अलावा गोस्वामी तुलसीदास भगवान विष्णु के शेष अवतार और कूर्म अवतार की मूर्तियां भी लगाई जानी है इसमें भगवान शेष अवतार की मूर्ति होगी। यहां चर्चा हुई है कि भगवान विष्णु हमेशा विश्राम की मुद्रा में होते हैं। ऐसे में यहां उनकी लेटे हुई मुद्रा में मूर्ति लगाई जानी चाहिए। सप्तऋषि की मूर्तियां आशीर्वाद मुद्रा और तपस्या की मुद्रा में हो सकती हैं। मूर्तिकार मूर्ति के सभी प्रकारों पर चर्चा कर रहे हैं। अयोध्या और देश के अन्य भागों में खड़ी और बैठी हुई दोनों प्रकार के मूर्तियों के पूजन की परंपरा है।

### नोएडा की कंपनी डिजाइन करेगी तुलसी दास मंदिर

चित्रकारों की एक टीम राम मंदिर में रामायण के प्रसंग उकेरने का काम शुरू कर चुकी है। परकोटे में ही 6 मंदिरों का भी निर्माण चल रहा है। सप्त मंडपम के फर्श निर्माण का काम तेज कर दिया गया है। नोएडा की डिजाइन एसोसिएट कंपनी को गोस्वामी तुलसी दास मंदिर का डिजाइन तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### शिखर पर लगेगा तड़ित चालक

मंदिर में 14 फीट चौड़ा कॉरिडोर भी निर्माणाधीन है। यह कॉरिडोर राम मंदिर का बाहरी परिक्रमा पथ भी होगा। ट्रस्ट ने परकोटा निर्माण को पूरा करने का लक्ष्य मार्च 2025 तय किया है, जबकि राम मंदिर के तीनों तल के साथ शिखर का निर्माण दिसम्बर 2024 में तय है। तीर्थ क्षेत्र महासचिव का कहना है, राम मंदिर के शिखर पर तड़ित चालक भी लगाया जाना है। इसके अलावा एक लाइट भी लगाई जाएगी, जिससे ऊपर आकाश में उड़ रहे हवाई जहाज के पायलट को नीचे मंदिर होने का एहसास रहे।

**खबर संक्षेप**

### सड़क हादसे में 5 की मौत, 8 लोग घायल



**बेगूसराय।** बिहार के बेगूसराय जिले में कार और ऑटो-रिक्शा के बीच टक्कर में 5 लोगों की मौत हो गई और 8 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि बेगूसराय शहर के एफसीआई थाना क्षेत्र में रतन चौक के पास बुधवार सुबह कार और तिपहिया वाहन की आमने-सामने की टक्कर हो गई। सीएम नीतीश कुमार ने इन मौतों पर शोक व्यक्त करते हुए घायलों का उपचार करने के निर्देश दिए।

### नक्सलियों ने रेलवे ट्रैक तोड़ा, अलर्ट पर आरपीएफ



**जमशेदपुर।** झारखंड में नक्सलियों ने बैनर-पोस्टर लगा कर रेलवे ट्रैक को क्षतिग्रस्त कर दिया। इस घटना के बाद ट्रैक से गुजरने वाली ट्रेनें खड़ी रहीं। दरअसल चक्रधरपुर रेलमंडल के मनोहरपुर-जराइकेला रेलवे ट्रैक के थर्ड लाइन पर मंगलवार रात नक्सलियों ने बैनर लगा दिया। इसके बाद रेलवे का परिचालन ठप करना पड़ा। पोल संख्या 378/35ए और 378/31ए-35ए के पास दो जगहों पर बैनर लगाया गया था।

लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर हृदय विदारक सड़क हादसा

# सो रहे थे और मौत ने अपनी आगोश में ले लिया 18 यात्री देख नहीं पाए सवेरा, 60 यात्री थे सवार

एजेंसी, उन्नाव

बिहार से दिल्ली जा रही बस बुधवार सुबह उन्नाव जिले में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर गांव गढ़ा में सामने चल रहे दूध के टैंकर से टकरा गई। बस में 57 लोग सवार थे जिनमें से 18 की मौत हो गई, 20 से अधिक लोग घायल हो गए।

बिहार से दिल्ली को चली डबल डेकर स्लीपर बस में रात को सोए 18 यात्री सबेरा नहीं देख सके। जिन लोगों ने सुबह देखा वह इस मंजर को कभी भुला नहीं सकते। बस में 60 लोग सवार थे। रात एक बजे के बाद लगभग सभी सवारियां सो गई थी। बस बुधवार सुबह उन्नाव जिले में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर गांव गढ़ा पहुंची ही थी कि बस चालक ने सामने चल रहे दूध के टैंकर को ओवरटेक करने की कोशिश की। इस प्रयास में डबल डेकर बस दूध के टैंकर से टकरा गई। टकराने के बाद हाईवे पर बस कई बार पलटी। दर्दनाक हादसे में 18 यात्रियों की जान चली गई, जबकि 20 से अधिक यात्री घायल हो गए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, डबल डेकर बस (यूपी95 टी 4720) बिहार के शिवगढ़ से राजधानी दिल्ली जा रही थी। जैसे ही स्लीपर बस लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर बेहटा मुजावर थाना इलाके में हवाई पट्टी पर पहुंची तो दूध से भरे टैंकर में भिड़ गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस के परखच्चे उड़ गए। जिस जगह पर हादसा हुआ, वहां लाशों का अंबार लग गया। सड़क पर लाश ही लाश दिखाई दे रहीं थीं। मौके पर चीख-पुकार मच गई। शुरुआती जांच में पता चला है कि बस की स्पीड अधिक थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया स्लीपर बस अनियंत्रित होकर टैंकर से टकराई थी, जिससे यह दर्दनाक हादसा हुआ है। हादसा इतना भीषण था कि इसे देखकर घटनास्थल पर मौजूद लोग सहम गए।

**खास बातें**

- 14 पुरुष, 3 महिलाएं और एक बच्चा शामिल
- 18 में से 10 शवों की पहचान हो चुकी
- बस की रफ्तार अधिक थी
- 20 लोग मामूली रूप से जख्मी



### मेरठ के एक ही परिवार के 6 सदस्य

बांगरमऊ के क्षेत्राधिकारी अरविंद कुमार ने बताया कि मरने वाले 18 लोगों में से 10 की पहचान हो चुकी है। मरने वालों में मेरठ के एक ही परिवार के छह सदस्य अशफाक (45), रूबी (40), गुलनाज (12), सुहैल (4), सोनू (32) तथा सोनी (28) शामिल हैं। इस घटना में मारे गये बस चालक की पहचान बिहार के निवासी अखलाक (49) तथा दूध कैंटर के चालक की शिनाख्त रायबरेली के सुनील कुमार (35) के रूप में हुई है। क्षेत्राधिकारी कुमार ने बताया कि दो अन्य की पहचान बिहार के दीपक कुमार (27) व बिहार के ही शिवदयाल (28) के रूप में हुई है।

### टक्कर में बस और टैंकर दोनों पलटे

उन्नाव के पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीणा ने बताया कि बिहार से दिल्ली जा रही इस निजी बस में करीब 60 यात्री सवार थे जो अलग-अलग स्थानों से सवार हुए थे। बांगरमऊ के क्षेत्राधिकारी अरविंद कुमार ने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस और टैंकर दोनों पलट गए। जान गंवाने वालों में दोनों वाहनों के चालक भी शामिल हैं। फंसे लोगों को बाहर निकाल कर अस्पताल में भर्ती कराया जहां उनकी हालत स्थिर है।

### 16 मिनट में 18 लोग मृत घोषित

हादसे में पहला घायल दिलशाद पुत्र असफाक निवासी मेरठ सुबह 5:35 पर बांगरमऊ अस्पताल पहुंचाया गया। जबकि अंत में 5 बजकर 55 मिनट पर संतोष पुत्र राजूराम निवासी पिपरागढ़ी शिवहर अस्पताल में पहुंचा। पहला मृतक अज्ञात में 6 बजे रजिस्टर में दर्ज किया गया जबकि 6:16 मिनट पर 18वां मृतक अस्पताल में दर्ज हुआ। घटना के दौरान अनेक एंबुलेंस से घायल व मृतक एक साथ अस्पताल पहुंचे।

### नीतीश ने 2-2 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की

बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने बस हादसे को लेकर दुख व्यक्त किया है तथा दुर्घटना में बिहार के लोगों के मारे जाने पर शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने इस दुर्घटना में जान गंवाने वाले बिहार के लोगों के आश्रितों को दो-दो लाख रुपए की अनुग्रह राशि मुख्यमंत्री राहत कोष से देने की घोषणा की है। उन्होंने यूपी से आवश्यक समन्वय स्थापित कर घायल लोगों की मदद को कहा है।

### मोतिहारी के एक ही परिवार के 6 की मौत, 4 शिवहर के

बस हादसे में पूर्वी चंपारण के एक ही परिवार के छह लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों में दो भाई, दोनों की पत्नी और एक भाई के बेटे व बेटी शामिल हैं। सभी पूर्वी चंपारण के फेनहारा थाना क्षेत्र के फेनहारा पूर्वी टोला वार्ड नं 11 के रहनेवाले थे। पचपकड़ी के वृति टोला सपही निवासी बस चालक इखलाख की भी मौत हो गई।

योगी ने लेखपालों को दिए नियुक्ति पत्र

# समय सीमा में जिम्मेदारियों को पूरी ईमानदारी से करने की दी नसीहत

एजेंसी ▶▶ लखनऊ



सीएम योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लोकभवन में आयोजित मिशन रोजगार कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के तहत चयनित 7720 लेखपालों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। सीएम योगी ने नवचयनित लेखपालों को समय सीमा में जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करने की नसीहत देते हुए उनके कर्तव्यों के प्रति आगाह किया। उन्होंने कहा कि ये नियुक्ति प्रक्रिया पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ संपन्न हुई है। इसमें कहीं कोई भेदभाव नहीं हुआ, कोई सिफारिश की आवश्यकता नहीं पड़ी।

ऐसे में ये आपकी जिम्मेदारी बनती है कि बिना किसी सिफारिश के प्रदेश में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के साथ ही एक गरीब की ईज ऑफ लिविंग के लिए आपको अपने स्तर पर विशेष कार्य करना है। एक गरीब के जीवन के लिए आपकी ऊर्जा और प्रतिभा लगे, निवेश की संभावनाओं में आपका सकारात्मक सहयोग मिले, जाति, निवास, आय प्रमाणपत्र के लिए जो समय सीमा तय की गई है उसके अनुसार आम जनमानस और युवाओं को सहयोग प्राप्त हो। वरासत, नामांतरण और पैमाइश से जुड़ी कार्रवाई समय से पूरी हों। लोगों के बीच में आपकी अच्छी छवि बने और लेखपाल के नाम से लोग घबराएं नहीं।

### आपका जनता के बीच नजदीकी से जुड़ाव

सीएम योगी ने नव चयनित लेखपालों से अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आपका जनता के बीच नजदीकी जुड़ाव होता है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में एक फीट, दो फीट के लिए हिंसक घटनाएं होती हैं। अगर हम समय पर पैमाइश करके सीमांकन कर लें तो कोई विवाद नहीं होगा। कोई दबंग भूमाफिया जबरदस्ती सरकारी या गरीब की जमीन पर कब्जा कर रहा है तो वहां एंटी भूमाफिया टास्क के साथ जाकर हम बड़ी कार्रवाई करें। कहीं पर निवेश के लिए कोई प्रस्ताव आया है तो उसको समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ा दें। बाढ़ जैसी आपदा में समय पर लोगों को राहत दे दें।

### जल्द पूरी की जाएंगी 4700 नई नियुक्तियां

सीएम योगी ने कहा कि इस नियुक्ति प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ाने के लिए 2022 में राजस्व विभाग ने अपना अधियाचन अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को दिया था। रोड़े अटकाए गए। आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में फैसला अपने पक्ष में करके यह नियुक्तियां पूरी कीं। यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद 4700 और नई नियुक्ति के अधियाचन हम भेज चुके हैं और जल्द ही उस प्रक्रिया को भी पूर्ण करने वाले हैं।

## पेज एक का शेष

### ऑस्ट्रिया से भी...

का आयोजन किया गया था। आज वहीं पर मैं और चांसलर नेहमर मिल रहे हैं। वियना कांग्रेस ने यूरोप में शांति, स्थिरता कायम की थी और आज मैंने और चांसलर नेहमर ने विश्व में चल रहे विवादों (यूक्रेन संघर्ष, पश्चिम एशिया की स्थिति) पर विस्तार से चर्चा की। इसमें मैंने दोहराया कि ये युद्ध का समय नहीं है। भारत और ऑस्ट्रिया शांति और स्थिरता की जल्द से जल्द बहाली के लिए संवाद और कूटनीति पर बल देते हैं। इसके लिए दोनों देश मिलकर हर संभव सहयोग देने के लिए तैयार हैं। यहां बता दें कि ऑस्ट्रिया से पहले मॉस्को में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ हुई बैठक में भी भारतीय प्रधानमंत्री ने दुनिया को शांति का संदेश दिया था। प्रधानमंत्री ने ऑस्ट्रिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वान डेर बेलेन से भी मुलाकात की। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीते 8 से 10 जुलाई तक रूस और ऑस्ट्रिया की आधिकारिक यात्रा पर थे।

**आतंकवाद की सख्त लहजे में की निंदा:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बैठक में आतंकवाद, जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों पर भी विचार साझा किए। भारत ने जलवायु परिवर्तन के विषय में अंतरराष्ट्रीय सौर संघ, सीडीआरआई, जैव ईंधन संघ जैसी पहलों से जुड़ने के लिए ऑस्ट्रिया को आमंत्रित किया। दोनों देशों ने आतंकवाद की सख्त लहजे में निंदा करते हुए कहा कि इसे किसी भी रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता और न ही समर्थन किया जा सकता है। भारत-ऑस्ट्रिया यूएन व अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में सुधार के लिए सहमत हैं। जिससे इन्हें समकालीन और प्रभावी बनाया जा सके। प्रधानमंत्री ने चांसलर नेहमर को भारत यात्रा के लिए निमंत्रण दिया।

**संबंधों को दी जाएगी सामरिक दिशा:** उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों के बीच सार्थक बातचीत हुई। लोकतंत्र और नियम का शासन जैसे मूल्यों में साझा विश्वास हमारे मजबूत संबंधों की नींव है। चर्चा में हमने आपसी सहयोग को और मजबूत करने के लिए नई संभावनाओं की पहचान की है। साथ ही निर्णय लिया है कि संबंधों को सामरिक दिशा प्रदान की जाएगी। एक दशक के लिए सहयोग का खाका भी तैयार किया गया है। जो केवल आर्थिक सहयोग और निवेश तक ही सीमित नहीं है। ढांचागत विकास, नवाचार, नवीकरणीय ऊर्जा, हाइड्रोजन, जल और कचरा प्रबंधन, कृत्रिम मेधा और क्वांटम जैसे क्षेत्रों में एक-दूसरे की क्षमताओं को जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। युवा शक्ति को जोड़ने के लिए स्टार्टअप को गति दी जाएगी। आवागमन समझौता वैध प्रवासन, कुशल कार्यबल की गतिविधि में मदद देगा। सांस्कृतिक, शैक्षणिक संस्थाओं के बीच आदान-प्रदान को बढ़ावा दिया जाएगा।

**तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था में निवेश का न्योता:** प्रधानमंत्री मोदी और चांसलर नेहमर ने वियना में भारत-ऑस्ट्रिया की इंफ्रास्ट्रक्चर, ऊर्जा, इंजीनियरिंग और स्टार्टअप कंपनियों के सीईओ को संबोधित किया। इसमें पीएम मोदी ने ऑस्ट्रियाई कंपनियों को तेजी से आने वाले कुछ वर्षों में दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहे भारत में बढ़ती निवेश संभावनाओं का लाभ उठाने और भारत की सफलता की गाथा में योगदान देने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने ऑस्ट्रिया के व्यापारिक भागीदारों को देश में सुविधाजनक व्यापार को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए क्रांतिकारी कदमों के बारे में जानकारी दी। दोनों नेताओं ने संबंधों को मजबूती देने और आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने में उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के सहयोग की सराहना की।

### पीएम मोदी ...

लोगों की फिक्र है। मैंने उस भावना को महसूस किया। ऑर्केस्ट्रा का नेतृत्व करने वाले विजय उपाध्याय ने बताया कि मैं वियना यूनिवर्सिटी के संगीत विभाग का निर्देशन करता हूं। हमने वंदे मातरम को ऑस्ट्रिया-यूरोपीय सिंफनी शैली में प्रस्तुत किया। उपाध्याय ने कहा कि हमें पीएम मोदी भी इंसान समझना चाहिए। वह रूस से आए थे। वह थके हुए होंगे, लेकिन इसके बावजूद उनमें बहुत ऊर्जा थी। मैं आश्चर्य हूं कि उन्हें इतनी ऊर्जा कहां से मिलती है?

### पर्यटक वीजा पर रूस....

के ठीक अगले दिन रूस के सुर बदले से हुए नजर आए। यहां बुधवार को नई दिल्ली में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में रूसी दूतावास में 'चार्ज डी अफेयर्स' रोमन बबुशकिन ने कहा कि हम भी इस मामले के जल्द से जल्द समाधान की उम्मीद करते हैं। लेकिन रूस की सेना में भारतीयों की सहायक कर्मियों के रूप में की गई भर्ती पूरी तरह से एक वाणिज्यिक मामला है। इसका राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने ये भी कहा कि मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि रूस नहीं चाहता कि भारतीय उसकी सेना का हिस्सा बनें। रूस के अधिकारियों की तरफ से इसे लेकर कभी कोई घोषणा नहीं की गई है। वहीं, मौजूदा विवाद के बीच रूसी सेना में भारतीयों की संख्या 'मामूली' सी है।

### पर्यटक वीजा...

इससे साफ हो जाता है कि ये लोग (भारतीय) पूर्ण रूप से वाणिज्यिक कारणों की वजह से रूस में हैं और हम इन्हें भर्ती नहीं करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि रूस पहुंचे कई भारतीय सहयोगी कर्मी के रूप में अवैध ढंग से काम कर रहे हैं। क्योंकि उनके पास काम करने के लिए वैध वीजा नहीं है। इनमे से कई पर्यटक वीजा पर रूस पहुंचे हैं।

### संविदा शर्तों से ...

ने मास्को में कहा था कि रूस की सेना में सेवा दे रहे सभी भारतीयों की जल्द स्वदेश वापसी के लिए भारत द्वारा उठाई गई मांग पर रूसी पक्ष ने भी सहमति प्रदान की है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी इस मामले को पूरी मजबूती के साथ रूस के राष्ट्रपति पुतिन के साथ हुई वार्ता में उठाया था। पिछले महीने 11 जून को भारत ने कहा था कि यूक्रेन संघर्ष के बीच रूस की सेना में भर्ती किए गए उसके दो नागरिकों की मौत हो गई है। अब यह आंकड़ा चार हो गया है।

### मुस्लिम महिलाएं ...

बताया है। राजीव गांधी सरकार ने शाह बानो केस में सुप्रीम कोर्ट के इसी तरह के आदेश को पलटने के लिए नया कानून बना दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम महिला (तलाक संबंधी अधिकारों का संरक्षण) कानून, 1986 की सीमाओं को तोड़ते हुए कहा कि महिला चाहे किसी भी धर्म की हो, उसे शादी टूटने पर पति से गुजारा-भत्ता मांगने का हक है। शाह बानो नाम की मुस्लिम महिला को जब सुप्रीम कोर्ट ने पति से गुजारा भत्ता लेने का हकदार बताया था तब मुस्लिम समुदाय के आक्रोश के आगे झुककर तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने संसद से उपर्युक्त कानून पारित करवा दिया था। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह ने यह फैसला सुनाया है। कोर्ट ने इस मामले में 19 फरवरी को फैसला सुरक्षित रखा था।

### क्या है सीआरपीसी...

उनके पास आजीविका का कोई और साधन उपलब्ध नहीं हो।

### सीआरपीसी ...

समद फिर भी संतुष्ट नहीं हुए और हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट चले गए। उन्होंने अपनी याचिका में दावा किया कि मुस्लिम महिला और इस मामले में उनकी तलाकशुदा पत्नी सीआरपीसी की धारा 125 के तहत गुजारा भत्ता मांगने की हकदार नहीं है। नए कानून में कहा गया कि मुस्लिम महिला तलाक के बाद सिर्फ इद्दत के 90 दिनों तक गुजारा भत्ता पाने की हकदार होती है। 2001 में सुप्रीम कोर्ट ने भी इस कानून पर अपनी मुहर लगाई थी।

### 7 राज्यों की 13...

की पत्नी कमलेश ठाकुर सहित कई दिग्गजों और कुछ नए चेहरों ने भी किस्मत आजमाई है। नतीजे 13 जुलाई को आएंगे।

### टैंकर में बस...

से बस ने टक्कर मार दी। इसमें 18 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 14 पुरुष,3 महिलाएं और एक बच्चा शामिल है जबकि 30 यात्री घायल हैं, जिसमें कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसा इतना भीभत्स था कि,चंद सेकंड में ही सड़क पर लाशों का ढेर बिछ गया और चीख पुकार मच गई। लाशों को देखकर एक पुलिसकर्मी बेहोश हो गया। बिहार के सीवान से दिल्ली जा रही बस बांगरमऊ कोतवाली के पास कंटेनर से टकरा गई जिससे बस की ड्राइवर साइड की बॉडी पूरी तरह अलग हो गई और यात्री बाहर फिका गए। उनकी वहीं मौत हो गई। हादसे के वीडियो सामने आए हैं। इनमें दिख रहा है कि सड़क पर लाशें बिखरी पड़ी हैं। पुलिस ने बताया कि दूध के टैंकर को ओवरटेक करने के दौरान बस बेकाबू होकर टैंकर को टक्कर मारते हुई पलट गई। डीएम गौरांग राठी ने बताया बस में 60 यात्री सवार थे।

### पीएम ने किया...

के परिजनों को दो दो लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। वहीं राज्य के सीएम योगी आदित्यनाथ ने शोक व्यक्त करते हुए घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं।

### केन्द्र सभी राज्यों ...

कई मुद्दों पर चर्चा हुई। उन्होंने यह भी दोहराया कि केंद्र मध्य प्रदेश सहित सभी राज्यों में उड़द, अरहर और मसूर की शत-प्रतिशत खरीद के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यूपी में फसल विविधीकरण और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की भरपूर संभावनाएं हैं। बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के सचिव संजीव चोपड़ा सहित मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। पिछले महीने केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री का कार्यभार संभालने के बाद से चौहान ने अपने मंत्रालयों से संबंधित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा करने तथा उन्हें शीघ्रता से हल करने के लिए राज्य मंत्रियों के साथ बैठकों की एक श्रृंखला शुरू की है। केंद्रीय मंत्री ने पिछले महीने असम और छत्तीसगढ़ के राज्य कृषि मंत्रियों से मुलाकात की थी।

### रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव...

रेलमंत्री ने कहा, लोको पायलट रेलवे परिवार के महत्वपूर्ण सदस्य हैं। चूंकि हमारे लोको पायलटों को हतोत्साहित करने के लिए विपक्ष द्वारा बहुत सी गलत सूचनाएं और नाटकबाजी की जा रही है, इसलिए मैं चीजों को बिल्कुल स्पष्ट कर दूं। लोको पायलटों के ड्यूटी घंटों की सावधानीपूर्वक निगरानी की जाती है। यात्राओं के बाद आराम की व्यवस्था सावधानीपूर्वक की जाती है। औसत ड्यूटी घंटों को निर्धारित घंटों के भीतर बनाए रखा जाता है। इस वर्ष जून के महीने में औसत ड्यूटी घंटे 8 घंटे से कम हैं। केवल अत्यावश्यक परिस्थितियों में ही यात्रा की अवधि अधिक होती है। मंत्री ने कहा कि लोको कैब, जहां से पायलट ट्रेन चलाते हैं, 2014 से पहले बहुत खराब स्थिति में थी। उन्होंने भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के तहत बदलाव को रेखांकित करते हुए कहा, 2014 के बाद से, एर्गोनोमिक सीटों के साथ कैब में सुधार किया गया है, और 7 हजार से अधिक लोको कैब वातानुकूलित हैं। नए लोकोमोटिव एसी कैब के साथ निर्मित किए गए हैं।

### राहुल ने दुखती...

'ड्रीम डेस्टिनेशन' माने जाने वाले इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) से पढ़कर निकलने के बाद सपने बिखर रहे हैं। 'ड्रीम्स डिस्ट्रॉय' हो रहे हैं। एक समय था जब आईआईटी से करोड़ों रुपयों के वार्षिक पैकेज पर कैंपस सिलेक्शन होता था कोरोना के बाद इसकी गति ऐसी टूटी की दुर्गति को प्राप्त होती गई। यही वजह है कि अब आईआईटी पास आउट 'वेल सेटल्ड' अल्युमिनीज से निवेदन किया जा रहा है कि कैंपस से निकले बच्चों के बेहतर भविष्य में भागीदार बनते हुए उन्हें भी नौकरी के अवसर मुहैया कराएं। सूचना के अधिकार के तहत निकाले गए आंकडे इस बात की गवाही दे रहे हैं कि वर्ष 2022 में पासआउट 171 आईआईटियन अब तक बेरोजगार हैं। जब कि 2024 में आईआईटी पासआउट बेरोजगार युवाओं की संख्या कहीं बढ़कर 329 हो गई है। आईआईटी कानपुर से पढ़कर निकले धीरज सिंह ने सूचना के अधिकार के तहत हैरत करने वाली जानकारी जुटायी कि देशभर में फैले 23 आईआईटी कैंपस से निकले 38 फीसदी स्किल्ड होनहारों को नौकरी नहीं मिली है। उन्होंने जानकारी साझा करते हुए कहा कि 23 आईआईटी कैंपस के 7 हजार युवाओं के बड़े फोर्स को इस साल कैंपस प्लेसमेंट नहीं मिल सका है। स्पष्ट है आर्थिक मंदी का दुष्प्रभाव समान रूप से स्किल्ड या अन-स्किल्ड, पढ़े लिखे या अनपढ़ सभी वर्ग के युवाओं पर समान रूप से पड़ रहा है जो नौकरी पाने की जद्दोजहद में हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने इस मसले को लपका है। उन्होंने फेसबुक पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा है कि आईआईटी में लगातार हो रहे प्लेसमेंट के पतन और वार्षिक वेतन में गिरावट, बेरोजगारी का चरम झेल रहे युवाओं की स्थिति में और गहरा आघात दे रहा है। उन्होंने लिखा, 2022 में 19 फीसदी छात्रों को कैंपस प्लेसमेंट नहीं मिल सका। इस साल तो ये दर बढ़कर 38 फीसदी की दर से दोगुना हो गया। सोचने वाली बात है कि जब देश के सबसे प्रसिद्ध एवं सम्मानित शिक्षा संस्थानों का यह हाल है तो बाकी संस्थानों से पढ़कर निकल रहे युवाओं की क्या दुर्गति होगी? युवाओं के दिल का दर्द बयां करते हुए राहुल गांधी ने लिखा, आज का युवा बेरोजगारी से पूरी तरह टूट चुका है। पहले नौकरी नहीं मिलती, नौकरी मिले तो उचित आमदनी नहीं मिलती। प्रोफेशनल शिक्षा पाने में, उसकी पढ़ाई और तैयारी करने में माता-पिता लाखों का खर्च कर रहे हैं। विद्यार्थी ऊंचे ब्याज दर पर बैंक लोन लेकर पढ़ने को मजबूर हैं। उसके बाद भी उन्हें नौकरी न मिलना या साधारण वेतन पर नौकरी पाना उनकी आर्थिक स्थिति में गिरावट पैदा कर रही है। उन्होंने केंद्र की भाजपा नीत सरकार को घेरते हुए उचित पॉलिसी जल्द से जल्द बनाने की मांग की ताकि देश के युवाओं को नौकरी, रोजगार के लिए ऐसी मशक्कत न करनी पड़े।

# सीएम ने अफसरों संग बांके बिहारी मंदिर के कॉरिडोर पर किया मंथन

एजेंसी ▶▶ मथुरा

तीर्थनगरी मथुरा के वृंदावन में बुधवार को मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, डीजीपी प्रशांत कुमार पहुंचे। वह सबसे पहले श्री बांके बिहारी मंदिर पहुंचे। उन्होंने ठाकुर जी के दर्शन करके मंदिर का भ्रमण किया। मंदिर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एसएसपी और डीएम ने उनको मंदिर की व्यवस्थाओं के विषय में जानकारी दी। इस मौके पर मंडलायुक्त रितु महेश्वरी, एसएसपी शैलेश पांडेय सहित अधिकारी मौजूद रहे। दोनों अधिकारियों ने धार्मिक पर्यटन के बिंदुओं पर विकास को लेकर स्थानीय अधिकारियों संग बैठक की। इस मौके पर मुख्य सचिव कहा कि प्रतिदिन पांच से 10 लाख श्रद्धालु ठाकुर श्री बांकेबिहारी मंदिर में दर्शनार्थ आते हैं। इन श्रद्धालुओं को दर्शन में असुविधा न हो ऐसी शासन की मंशा है। साथ में यह भी ध्यान रखा जाएगा कि स्थानीय लोगों को भी इससे परेशानी न हो। जल्द ही इन सुविधाओं को लागू किया जाएगा।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय
(संसद के अधिनियम संख्या 25 (2009) के तहत स्थापित)
जांट-पाली, महेंद्रगढ़ - 123029
ह.के.वि/ सं. एवं सा. प्र./2024/4504 (डी) दिनांक: 09/07/2024
अल्पावधि निविदा सूचना
हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ में दिनांक 22.07.2024 को आयोजित होने वाले **"हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय दीक्षांत समारोह-2024"** के लिए **"वाटर प्रूफ एवं फायर प्रूफ हैंगर, टेंट, साउंड, लाइटिंग तथा संबद्ध सेवाएं"** उपलब्ध कराने हेतु दो-भागों (बोली) प्रणाली के अंतर्गत सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। पूर्ण भरी हुई निविदाएं हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ के प्रशासनिक खण्ड में संपदा एवं सामान्य प्रशासन अनुभाग के कक्ष संख्या 123 में दिनांक **16.07.2024** को दोपहर **2:00 बजे तक** में जमा की जा सकती है। निविदा के संबंध में अधिक विवरण/ नियम एवं शर्तों/ शुद्धिपत्र/ परिशिष्ट/ इत्यादि के लिए, कृपया नियमित रूप से विश्वविद्यालय की वेबसाइट: www.cuh.ac.in देखें।
कुलसचिव

## चिंतन

# सैनिकों की वापसी से रूस से रिश्तों में आएगा नया आयाम

भारत और रूस का रिश्ता सिर्फ पॉलिटिक्स या डिप्लोमेसी या फिर इकोनॉमी का नहीं है, बल्कि ये कुछ ज्यादा ही प्रेम और विश्वास का नाता है। जब पूरी दुनिया हमें जादूगरों और सपेरों का देशकर कहकर नीचा दिखाती थी, तब एकमात्र रूस ही था, जिसने न केवल हमें सहयोग और समर्थन दिया, बल्कि दुनिया को भी भारत का महत्व बताया। इस रिश्ते की शुरूआत आजादी के बाद 1947 में तब शुरू हुई, जब पहली बार भारत ने विजय लक्ष्मी पंडित को रूस (तब सोवियत संघ) का राजदूत बनाया। वहीं रूस ने किरिल नोविकोव को भारत का राजदूत बनाकर दिल्ली भेजा। तब से लेकर हर सुख-दुःख में रूस भारत के साथ खड़ा रहा। रूस ने मुश्किल वक्त में हमारा साथ दिया है। फिर चाहे 1971 का भारत-पाकिस्तान युद्ध हो या फिर कश्मीर का मुद्दा। वहीं भारत ने भी रूस की हरसंभव मदद की है। भारत ने 1971 में पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध में जबरदस्त जीत हासिल की थी। 1971 में भारत ने रूस के साथ एक संधि पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके मुताबिक यदि भारत पर हमला किया जाता है तो इसे सोवियत संघ पर हमला माना जाएगा और इसके लिए सोवियत संघ अपनी सेना भेजेगा। उस वक्त अमेरिका और ब्रिटेन ने पाकिस्तान का पक्ष लिया। दोनों ही युद्ध का परिणाम पाकिस्तान के पक्ष में चाहते थे। 6 दिसंबर को बांग्लादेश को एक स्वतंत्र देश के रूप में भारत ने मान्याता दे दी और उसके बाद अमेरिका ने हस्तक्षेप के लिए अपनी नौसेना के सातवें बेड़े के एक हिस्से को बंगाल की खाड़ी में जाने का आदेश दिया। वहीं ब्रिटेन ने अपने शक्तिशाली युद्धपोत एचएमएस ईगल को अरब सागर की ओर रवाना कर दिया। जवाब में सोवियत संघ ने परमाणु हथियारों से लैस युद्धपोत और पनडुब्बियों को भेजा दिया, जिसे देखकर अमेरिका और ब्रिटेन पीछे हट गए। केवल इतना ही नहीं, जब भारत ने अपने अंतरिक्ष मिशन के लिए अमेरिका से मदद मांगी तो उसने हमारी खिल्ली उड़ाई, लेकिन रूस मददगार बना। भारत आज दुनियाभर में अपनी अंतरिक्ष परियोजनाओं के कारण चर्चा का केंद्र बना हुआ है। एक वक्त ऐसा भी था, जब भारत की मदद के लिए उसके सबसे अच्छे और भरोसेमंद दोस्त रूस ने अपनी भूमिका निभाई थी। आजादी के बाद जब भारत दुनिया के नक्शे पर मजबूती से अपने कदम जमाने की कोशिश कर रहा था। तब तत्कालीन सोवियत संघ ने उसकी मदद की। भारत में आज हम जो औद्योगिकरण देख रहे हैं। उसकी नींव रखने में सोवियत संघ का बड़ा योगदान रहा है। भारत में बोकारो-भिलाई के कारखाने, भाखड़ा-नांगल बांध, हैदराबाद फार्मास्युनटिकल प्लांट, दुर्गापुर संयंत्र जैसी ऐसी कितनी ही मिसाल हैं, जिनकी स्थापना में रूस का बड़ा योगदान दिया। बात चाहे कश्मीर की हो या आधुनिक तकनीक की, रूस हमेशा भारत के साथ खड़ा रहा। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूस दौरे से इन संबंधों को नया आयाम मिलने जा रहा है। दोनों देश कई क्षेत्रों में मिलकर काम करने को तैयार हैं। यहां तक कि पुतिन और नरेंद्र मोदी की बातचीत में युद्ध लड़ रहे 200 से ज्यादा भारतीय सैनिकों के देश वापस आने की भी उम्मीद बंध गई है। दरअसल, 200 से ज्यादा भारतीय रूसी सेना की ओर से यूक्रेन में जंग लड़ रहे हैं। इनमें से 4 जान गंवा चुके हैं। अब उम्मीद है कि जल्द ही ये सैनिक अपने घर वापस आ जाएंगे। इससे दोनों देशों के रिश्तों में एक नया आयाम आएगा।

## सारा संसार



अमृतसर का स्वर्ण मंदिर केवल भारत ही नहीं बल्कि दुनिया का मशहूर मंदिर है जिसकी गिनती भारत के सबसे चमत्कारिक मंदिर में की जाती है। बहुत कम लोग जानते हैं लेकिन इस मंदिर को हरमंदिर साहिब के नाम से भी जाना जाता है। कहने को तो ये सिखों का गुरुद्वारा है, लेकिन मंदिर शब्द का जुड़ना इसी बात का प्रतीक है कि भारत में हर धर्म को एकसमान माना गया है।

## विडंबना
सोनम लववंशी



# धर्मस्थलों पर बदइंतजामी से हादसे

हाथरस में सत्संग समापन के बाद मची भगदड़ में कई लोगों की जान चली गई। इस घटना ने न केवल विचलित किया है बल्कि ऐसे आयोजनों को लेकर कई सवाल भी खड़े कर दिए। विडंबना देखिए कि जो बाबा खुद को भगवान मानता है, लोगों को जीवन दान देने का दावा करता है। वही इनकी मौत की वजह बन गया। खुद को गरीबों का मसीहा बताने वाला बाबा घटना के बाद से फरार है। यहां तक कि मासूम लोगों की चीख पुकार सुनने के लिए प्रशासन की व्यवस्था भी माकूल नहीं थी। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ डिजास्टर रिस्क रिडक्शन के अध्ययन की मानें तो भारत में भगदड़ के 79 फ़ीसदी मामले धार्मिक सभाओं या तीर्थ यात्राओं के दौरान होते हैं। किसी भी धार्मिक सभा के आयोजन से पूर्व प्रशासन से अनुमति लिए जाने का नियम है तो फिर क्यों ऐसे आयोजनों में नियमों की अनदेखी की जाती है? ऐसे हादसों के कारण इन आयोजनों में सुरक्षा उपाय की अनदेखी पर सवाल उठाते हैं? सवाल तो यह भी है कि 17 साल पहले पुलिस की नौकरी छोड़ कथा वाचक बने बाबा में ऐसा क्या सम्मोहन था कि उत्तर प्रदेश ही नहीं मध्य प्रदेश, हरियाणा तक के श्रद्धालु भारी संख्या में बाबा की एक झलक पाने के लिए पहुंच गए? इस घटना के बाद प्रशासन द्वारा जांच, मुआवजा और कार्रवाई की बात कही जा रही है, लेकिन उन परिवारों का क्या जिन्होंने अपनों को खोया है? क्या मुआवजे का मरहम उन परिवारों का दर्द भर पाएगा? सवाल तो यह भी है कि इतने बड़े आयोजनों में पुलिस प्रशासन की कोई जवाबदेही नहीं होती क्या? जाहिर सी बात है कि हर घटना की तरह इस हादसे की भी लीपापोती शुरू कर दी गई है। तभी तो इतनी मौत के दोषी बाबा के नाम पर एफआईआर तक दर्ज नहीं की गई। क्या बिना राजनीतिक संरक्षण के ऐसे बाबाओं की दुकान फल- फूल सकती है। सवाल बहुतेरे हैं, लेकिन जवाब किसी के पास नहीं। सवाल तो यह भी है कि ऐसे हादसों के हो जाने के बाद ही पुलिस प्रशासन क्यों जगाता है? क्यों पिछले हादसों से जिम्मेदार कोई सबक नहीं सीखते। सैकड़ों की संख्या में हुई मौत का जिम्मेदार आखिर कौन है? भारत में धार्मिक आयोजनों में इस तरह के हादसों की एक लम्बी फेहरिस्त है। बीते दिनों मध्य प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर के बेलेश्वर महादेव मंदिर में रामनवमी के दिन एक बावड़ी की छत ढहने से 30 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। इस घटना के समय वहां धार्मिक आयोजन चल रहा था। इससे पहले जनवरी 2022 में वैष्णो देवी मंदिर में मची भगदड़ में 10 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। अक्तूबर 2018 में पंजाब के अमृतसर में दशहरे पर रावण दहन को देखने में भीड़ रेलवे ट्रैक पर आ गई। इस दौरान ट्रेन की चपेट में आकर 60 लोगों की मौत हो गई थी। अप्रैल 2016 में केरल के कोल्लम में एक मंदिर में आग लगने से 100 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। ताज्जुब की बात है कि लोग भी ऐसे बाबाओं के बहकावे में आ जाते हैं। यही वज़ह है कि कभी भगदड़ से तो कभी प्रशासन की बदइंतजामी की वजह से ऐसे होते हैं। प्रशासन उनकी मौत पर मुआवजे का ऐलान करके अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेता है। ऐसे में सचेत स्वयं को करना होगा, वरना धर्म के नाम पर ये अपना व्यवसाय यूं ही चलाते रहेंगे और लोगों की जान यूं ही जाती रहेगी।

(लेखिका शोधार्थी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## विश्लेषण
डॉ. अश्विनी महाजन

ऐसी खबरें आई है कि कई भारतीय स्टार्टअप्स, जो पहले विदेशों में फ्लिप कर गए थे, अब भारत लौट रहे हैं, जिसे हम रिवर्स फ्लिपिंग कहते हैं। रिवर्स फ्लिपिंग का मतलब है कि स्टार्टअप्स जिन्होंने अपनी मालिकाना कंपनियों को विदेशी क्षेत्राधिकार में शामिल किया था, वे स्वामित्व को वापस भारत ला रहे हैं। हम इसे घर वापसी कह सकते हैं। यह वाकई एक अच्छी खबर है। भारत से कंपनियों के फ्लिपिंग का पहला और सबसे बड़ा नुकसान संपत्ति और आय पैदा करने वाली संपत्ति का है। हालांकि, यह अच्छी खबर है कि जो फ्लिप कर गए थे वे वापस आ रहे हैं, लेकिन यह चुनौतियों से भरी हुई है। जो वापस फ्लिप कर रहे हैं वे कर का भुगतान करके ही ऐसा कर सकते हैं।

# स्टार्टअप्स की घर वापसी सुखद

हाल ही में, ऐसी खबरें आई हैं कि कई भारतीय स्टार्टअप्स, जो पहले विदेशों में फ्लिप कर गए थे, अब भारत लौट रहे हैं, जिसे हम रिवर्स फ्लिपिंग कहते हैं। किसी भारतीय कंपनी के फ्लिपिंग का मतलब है एक ऐसा लेन-देन जिसमें प्रमोटर किसी विदेशी क्षेत्राधिकार में अपनी कंपनी को पंजीकृत करता है, जिसे फिर भारत में स्टार्टअप कंपनी की होल्डिंग कंपनी बना दिया जाता है, जिसके परिणामस्वरूप भारतीय स्टार्टअप का अंतिम स्वामित्व विदेशी क्षेत्राधिकार में चला जाता है। इसलिए रिवर्स फ्लिपिंग का मतलब है कि स्टार्टअप्स जिन्होंने अपनी मालिकाना कंपनियों को विदेशी क्षेत्राधिकार में शामिल किया था, वे स्वामित्व को वापस भारत ला रहे हैं। हम इसे घर वापसी कह सकते हैं। यह वाकई एक अच्छी खबर है।

जिन महत्वपूर्ण स्टार्टअप्स ने वापस फ्लिप किया है, उनमें फ़ोनपे और ग्रो शामिल हैं। इनके अलावा, वॉलमार्ट के स्वामित्व वाली फ्लिपकार्ट ने भी अपनी मूल इकाई को सिंगापुर से फिर से भारत में लाने के लिए बातचीत शुरू की है। ज़ेप्टो और रेज़र पे भी वापस फ्लिप करने की कोशिश कर रहे हैं। पाइन लैब्स को भी सिंगापुर स्थित इकाई के विलय के लिए सिंगापुर कोर्ट से मंजूरी मिल चुकी है। फ्लिप करने वालों के पसंदीदा गंतव्य सिंगापुर, मॉरीशस, केमैन आइलैंड और यूनाइटेड किंगडम थे, जबकि भारतीय स्टार्टअप फ्लिपिंग के माध्यम से भारत के विनियामक दायरे से बाहर हो गए थे, उन्होंने अब एक व्यावसायिक रणनीति के रूप में 'रिवर्स फ्लिपिंग' के माध्यम से भारतीय विनियामक ढांचे के तहत आना चुना है। यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण बदलाव है, जिसके कारणों और प्रभावों को समझने की आवश्यकता है। गौरतलब है कि फ्लिप करने वाले स्टार्टअप वो हैं जिनके प्रमोटर भारत से हैं और उन्होंने भारतीय संसाधनों-मानव, पूंजी और सरकारी सहायता से अपना कारोबार खड़ा किया। फ्लिप करने का पहला कारण यह है कि वे भारतीय नियामक प्रणाली, भारतीय कर कानूनों और भारतीय अधिकारियों की जांच से बचना चाहते थे। दूसरा कारण यह है कि विभिन्न अंतरराष्ट्रीय निवेशक उन कंपनियों को विदेश में फ्लिप करने के लिए मजबूर करते हैं जहां वे अपना पैसा लगाते हैं। ज़्यादातर वे इन स्टार्टअप में निवेश करने से पहले इसे एक पूर्व शर्त के रूप में रखते हैं और चाहते हैं कि इन स्टार्टअप का डेटा और बौद्धिक संपदा विदेश में हो। तीसरा, अमेरिका, सिंगापुर जैसे कई देशों ने स्टार्टअप और निवेशकों को आकर्षित करने के लिए कई अनुकूल नीतियां बनाई हैं, जैसे कि कॉर्पोरेट टैक्स की कम दर, स्थिर जीएसटी, शून्य पूंजीगत लाभ कर दर, दोहरे कर से बचाव संधियां आदि। चौथा, ये स्टार्टअप अपने शेयरों को विदेश में सूचीबद्ध करना चाहते हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि अभिनव विचारों को बेहतर मूल्यांकन मिलता है। स्पेशल पर्पस एक्विजिशन कंपनी (एसपीएसी) एक ऐसा मॉडल है जिसने कई स्टार्टअप को अपनी होल्डिंग कंपनियों को अमेरिका में सूचीबद्ध करने के लिए आकर्षित किया है।

अंतिम लेकिन अत्यधिक महत्वपूर्ण कारण है कि, कराधान के मामले में भारतीय घरेलू निवेशकों के लिए



समान अवसर की कमी थी, इसलिए विदेशी निवेशकों ने भारतीय निवेशकों की तुलना में ज़्यादा लाभ उठाया।


भारत से कंपनियों के फ्लिपिंग का पहला और सबसे बड़ा नुकसान संपत्ति और आय पैदा करने वाली संपत्ति का है। जब कोई भारतीय कंपनी विदेशी क्षेत्राधिकार में शामिल किसी कंपनी की सहायक कंपनी बन जाती है, या दूसरे शब्दों में, एक विदेशी कंपनी बन जाती है, तो सरकार न केवल पूंजीगत लाभ कर राजस्व का अवसर खो देती है, बल्कि स्टॉक एक्सचेंजों पर कंपनी की लिस्टिंग से संभावित पूंजी निर्माण से भी वंचित हो जाती है। दूसरा, देश की बौद्धिक संपदा विदेशी देशों को हस्तांतरित हो जाती है और डेटा पर अधिकार भी विदेशियों को मिल जाता है। गौरतलब है कि इन स्टार्टअप्स का कारोबार हर साल 100 से 200 प्रतिशत की दर से बढ़ता है। बौद्धिक संपदा में भविष्य की वृद्धि और विस्तार के सभी लाभ भी विदेशी देशों को हस्तांतरित हो जाते हैं। तीसरा, फ्लिप करने वाले स्टार्टअप भारतीय कर क्षेत्राधिकार और अन्य विनियामक ढांचे से बाहर हो जाते हैं और इस तरह वे अपने भारतीय समकक्षों पर बढ़त हासिल कर लेते हैं। चौथा, चूंकि फ्लिप किए गए स्टार्टअप का मुख्यालय विदेश में होता है, इसलिए उनके फंड के स्रोत को जानना मुश्किल हो जाता है। पांचवां, हमारे स्टार्टअप के फ्लिप करने का नुकसान यह भी है, कि इससे भारतीय शेयर बाजार की वृद्धि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। सरकार का दावा है, और शायद यह सही भी है कि भारत की मजबूत वृद्धि घरेलू स्टार्टअप के रूप में 'रिवर्स फ्लिपिंग' की प्रवृत्ति को जन्म दे रही है, जो कभी पूंजी तक पहुंच और कर लाभ के लिए विदेश जाते थे, अब घर लौट रहे हैं। विकास और तकनीकी विकास के साथ, कई अन्य कारण भी हैं, जो इस रिवर्स फ्लिपिंग को चलाते हैं। सबसे पहला कारण यह है कि भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम ने पिछले एक दशक में महत्वपूर्ण परिपक्वता प्राप्त की है। अब उद्यमियों के लिए अधिक सहायक वातावरण है फंडिंग, प्रतिभा और बुनियादी ढांचे तक बेहतर पहुंच है। दूसरा, भारत अपने विशाल और बढ़ते उपभोक्ता बाजार के कारण तेजी से व्यवसाय शुरू करने और विस्तार करने के लिए एक पसंदीदा गंतव्य बनता जा रहा है। तीसरा, भारत की उद्यम पूंजी और निजी इक्विटी पारिस्थितिकी तंत्र भी काफी विकसित हुआ है, जो पूंजी की तलाश करने वाले स्टार्टअप्स के लिए पर्याप्त फंडिंग के अवसर प्रदान करता है। चौथा, पहले घरेलू वीसी के लिए समान अवसर की कमी थी, क्योंकि वे अपने विदेशी समकक्षों की तुलना में अधिक कर का भुगतान कर रहे थे, लेकिन वित्त अधिनियम 2021-22 के माध्यम से सरकार ने भारतीय वीसी के लिए भी पूंजीगत लाभ पर अधिभार 37 से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया है। एक महत्वपूर्ण कारण है कि, गिफ्ट सिटी की नीति ने भारतीय स्टार्टअप परिदृश्य में भी एक बड़ा बदलाव लाया है, क्योंकि उन्हें अपने शेयरों को विदेशों में सूचीबद्ध करने के लिए फ्लिप नहीं करना पड़ता है; वे गिफ्ट सिटी के माध्यम से अपने शेयरों को सूचीबद्ध करके समान उद्देश्य प्राप्त कर सकते हैं। हालांकि, यह अच्छी खबर है कि जो लोग फ्लिप कर गए थे वे वापस आ रहे हैं, लेकिन यह प्रक्रिया चुनौतियों से भरी हुई है। यह ध्यान रखना है कि जो लोग वापस फ्लिप कर रहे हैं वे केवल कर का भुगतान करके ही ऐसा कर सकते हैं।

ओला कैब्स के संस्थापक भाविश अग्रवाल ने 'एक्स' पर कहा है, 'जिस भी उद्यमी ने ऐसा किया, उसे इसका पछतावा हुआ। भारतीय व्यवसाय के लिए विदेशी निवास पर विचार करने वाले किसी भी उद्यमी को उस मूल सिद्धांत पर टिके रहना चाहिए, जहां आप और आपकी कंपनी का संबंध है।' समझा जा सकता है कि ये उद्यमी या स्टार्टअप जो वापस फ्लिप कर रहे हैं, वास्तव में इस बात का पछतावा कर रहे हैं कि उन्होंने पहले फ्लिप क्यों किया।

(लेखक दिल्ली विवि में प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## आत्मबल प्राप्त होगा ईश्वर के सान्निध्य में



संकलित
**दर्शन**

जब व्यक्ति किसी कार्य को करने चलता है, तो उसके मन-हृदय में बारंबार विचार-भाव उठते हैं कि वह कार्य करें या नहीं, उससे होगा या नहीं और परिणाम भी सफलता और असफलता के रूप में सामने आता है। किसी कार्य को करने के लिए बल की आवश्यकता होती है। इसके बिना उसको गति देना असंभव है। कई बार किसी कार्य को करते समय नाना-प्रकार के संकट उसमें बाधा बन खड़े हो जाते हैं। ऐसे में कोई व्यक्ति उस कार्य को बीच में ही छोड़ देता है। परिणामस्वरूप उसे असफलता हाथ लगती है। असफलता यह सिद्ध करती है कि अमुक कार्य को पूरे मनोयोग से नहीं किया गया। मनोयोग का अर्थ होता है-तन, मन और हृदय से समर्पित होकर किसी कार्य को करना। किसी कार्य में सफल होने के लिए व्यक्ति में मानसिक संतुलन, विश्वास, जिज्ञासा, लगन, संघर्ष करने की क्षमता और तन्मयता जैसे गुणों का होना जरूरी होता है। इनकी प्राप्ति आत्मबल से होती है। आत्मबल की प्राप्ति के लिए ईश्वर के सान्निध्य में जाना पड़ता है। सान्निध्य पाने के लिए ईश्वर का विश्वास आवश्यक है। विश्वास पाने के लिए तप-साधना करनी पड़ती है। चूंकि आत्मबल में ईश्वर की शक्ति निहित होती है, इसीलिए इसे ब्रह्मबल भी कहते हैं। आत्मबल से संपन्न मनीषी के लिए कोई कार्य असंभव नहीं रहता है। उसका कोई कार्य बीच में नहीं रुकता है। जब शरीरबल और मनोबल टूट जाता है तो उस समय आत्मबल सहारा देता है।


## कोयल- अपनी वाणी को मधुर बना लेना



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार वसंत ऋतु में एक कोयल वृक्ष पर बैठी कूक रही थी। आते-जाते लोग उसकी कूक को सुनते और उसकी सुरीली आवाज का आनंद लेते हुए उसकी तारीफ के पुल बांधते। कुछ देर बाद कोयल के सामने एक कौआ तेज गति से आया। कोयल ने उससे पूछाः इतनी तेज गति से कहां जा रहे हो? कुछ देर बैठो, बातें करते हैं। कौए ने उत्तर दियाः कि वह जरा जल्दी में है और देश को छोड़कर परदेस जा रहा है। कोयल ने इसका कारण पूछा तो कौआ बोलाः यहां के लोग बहुत खराब हैं। सब तुम्हें ही चाहते हैं। सभी लोग सिर्फ तुम्हारा आदर करते हैं। वह यही चाहते हैं कि तुम हमेशा की तरह इसी प्रकार से उनके क्षेत्र में गाती रहो। वहीं जहां तक मेरी बात है तो मुझे कोई देखना तक नहीं चाहता। यहां तक कि मैं किसी की मुंडेर पर बैठता हूं तो मुझे कंकड़ मारकर वहां से भगा दिया जाता है। मेरी आवाज भी कोई नहीं सुनना चाहता। जहां मेरा अपमान हो, मैं ऐसे स्थान पर एक क्षण भी नहीं रहना चाहता। ज्ञानियों ने भी हमें यही शिक्षा दी है कि अपमान की जगह पर नहीं रहना चाहिए। यह सुनकर कोयल बोली, परदेस जाना चाहते हो तो बड़े शौक से जाओ। यह पूरी तरह से तुम्हारी इच्छा पर निर्भर है। लेकिन एक बात का सदैव ध्यान रखना कि वहां जाने से पहले अपनी आवाज को बदल लेना। अपनी वाणी को मधुर बना लेना। यदि तुम्हारी वाणी ठीक वैसी ही कठोर रही, जैसी यहां पर है तो परदेस में भी लोग तुम्हारे साथ वही व्यवहार करेंगे जो अभी हो रहा है। संसार जो है, जैसा भी है, उसे बदला नहीं जा सकता।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**जवानों का बदला आतंकियों को मारकर लो**

जम्मू के कठुआ क्षेत्र में सेना के काफिले पर आतंकवादियों का हमला बहुत ही चिंताजनक और दुखद है। हमारे पांच जवान शहीद हो गए। उनको पूरे देश की ओर से प्रणाम करते हैं और जो घायल हैं उनके स्वस्थ होने के लिए प्रभु से प्रार्थना। भारत सरकार से यह निवेदन है कि पिछले तीस दिनों में जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों के हमले बहुत बढ़ गए हैं। पिछले सप्ताह भी दो जवान शहीद हुए। उससे पहले भी आतंकवादियों ने हमारी सेना और सुरक्षा बलों पर हमले किए। मुझे ऐसा लगता है कि चुनावों के बाद जो सरकारें यह समझने लगीं कि जनता ने लोकतंत्र का सहारा लिया इसलिए ज्यादा चिंता नहीं, यह सही नहीं। कश्मीर की जनता तो मतदान के द्वारा अपना कर्तव्य पूरा कर चुकी है। अब भारत सरकार को सात जवानों की शहादत का बदला 70 आतंकी मारकर लेना चाहिए। *- वीरेंद्र कश्यप, बिलासपुर*

## करंट अफेयर


### ट्रंप लोकतंत्र को तानाशाही में बदलना चाह रहे: हैरिस



अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने मंगलवार को कहा कि पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के चुनाव के संभावित उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप अमेरिकी लोकतंत्र को तानाशाही में बदल देंगे। हैरिस ने बाइडन-हैरिस के लिए एक राष्ट्रीय कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए लास वेगास में कहा, 'डोनाल्ड ट्रंप हमारे लोकतंत्र को तानाशाही में बदलना चाहते हैं।' यह कार्यक्रम पूरे देश में एशियाई अमेरिकी, मूल हवाई नागरिक और प्रशांत द्वीपसमूह (एएएनएचपीआई) के मतदाताओं, समुदायों और नेताओं को संगठित करेगा। हैरिस ने आरोप लगाया कि ट्रंप के सलाहकारों ने 900 पृष्ठों का एक 'ब्लूप्रिंट' तैयार किया है जिसे वे 'प्रोजेक्ट 2025' बता रहे हैं जिसमें ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में किए जाने वाले कार्यों का विवरण है। इसमें सामाजिक सुरक्षा में कटौती करना, इंसुलिन पर 35 डॉलर की सीमा को खत्म करना, शिक्षा विभाग खत्म करना और 'हीड स्टार्ट' जैसे कार्यक्रमों को समाप्त करने जैसे कदम शामिल हैं। उपराष्ट्रपति ने दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच कहा, कोई गलती न करें, अगर ट्रंप को मौका मिला तो वह प्रत्येक राज्य में गर्भपात पर रोक लगाने के लिए राष्ट्रीय गर्भपात प्रतिबंध पर हस्ताक्षर करेंगे।

## ऑफ बीट

### गोंडवाना में पाए गए जीवित जीवाश्म का हुआ खुलासा



एम्बर जीवाश्म वृक्ष राल में संरक्षित होते हैं। भूमि या समुद्र में पाए जाने वाले पारंपरिक जीवाश्मों के विपरीत, एम्बर प्राचीन जीवन रूपों को अविश्वसनीय विस्तार से संरक्षित कर सकता है। इसे अक्सर दुनिया भर में जीवाश्म विज्ञान की पवित्र कब्र माना जाता है। एम्बर एक टाइम कैप्सूल की तरह काम करता है, जो लाखों साल पहले के छोटे जानवरों, पौधों और यहां तक कि सूक्ष्मजीवों को भी पकड़ लेता है। ये जीवाश्म – जिन्हें समावेशन के रूप में भी जाना जाता है – आश्चर्यजनक रूप से ताजा, संरक्षित दिखाई दे सकते हैं जैसे वे तब थे जब वे पेड़ की चिपचिपी राल में फंसकर मर गए थे। ऑस्ट्रेलियाई एम्बर अब चार करोड़ 20 लाख वर्ष पहले के प्राचीन गोंडवानन वातावरण की जैविक विविधता और आज के ऑस्ट्रेलियाई जंगलों से उनके संबंधों को समझने में मदद कर रहा है। इससे हम और भी कारण जान सकते हैं कि हमें आज के वनों की रक्षा क्यों करनी चाहिए। ऑस्ट्रेलियाई एम्बर का अद्वितीय मूल्य विशिष्ट, कुचली हुई जीवाश्म चट्टान आकृतियों के विपरीत, जीवाश्म विज्ञानी एम्बर को पूर्ण तीन आयामों में समावेशन को संरक्षित करने की उल्लेखनीय क्षमता के लिए महत्व देते हैं।

## ट्रेंड

### चिंतन शिविर मंत्र पर पुस्तक



लोक प्रशासन में निर्णय लेने की हमारी प्राचीन एवं वैदिक प्रणाली रही है। जिसको पुनः स्थापित करते हुए पीएम मोदी ने 'चिंतन शिविर' का मंत्र दिया है। इन शिविरों के अनुभवों और सफलताओं को संकलित करते हुए मैंने 'चिंतन शिविर-लोक प्रशासन का मोदी मंत्र' पुस्तक लिखी है।
**-मनसुख मंडाविया, केंद्रीय मंत्री**

### लोगों के जीवन में तबाही



एक अकेला, सब पर भारी! पीएम मोदी ने नोटबंदी, त्रुटिपूर्ण जीएसटी और अनियोजित कोविड लॉकडाउन के विनाशकारी फैसलों से भारतीय अर्थव्यवस्था पर तबाही मचाई! परिवारों को नष्ट कर दिया और करोड़ों लोगों के जीवन में तबाही मचा दी!
**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### अशक्त और मजबूर मुख्यमंत्री



पूरे विश्व में इतना असहाय, अशक्त, अक्षम, विवश, बेबस, लाचार और मजबूर कोई ही मुख्यमंत्री होगा जो बीडीओ, एसडीओ, थानेदार से लेकर वरीय अधिकारियों और यहाँ तक कि संवेदक के निजी कर्मचारी के सामने बात-बात पर हाथ जोड़ने और पैर पड़ने की बात करता हो?
**-तेजस्वी यादव, राजद नेता**

### कॉर्पोरेट करियर के चरण



कॉर्पोरेट करियर के चरण: प्रवेश स्तर : मैं तेजी से और सुंदर स्लाइड बनाता हूं। मध्य स्तर : मैं दूसरों से तेज और सुंदर स्लाइड बनवाता हूँ। वरिष्ठ स्तर: मैं ग्राहकों को यह विश्वास दिलाता हूं कि ये स्लाइड्स उनके व्यवसाय को बदल देंगी।
**-हर्ष गोयनका, उद्योगपति**

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

### पीएम स्वनिधि में असम को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए बधाई दी

# केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने पूर्वोत्तर राज्यों में शहरी मिशनों के कार्यान्वयन की समीक्षा की

**पूर्वोत्तर राज्यों ने की केंद्र से की वित्तीय सहायता की मांग**



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय विद्युत मंत्री तथा आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने पूर्वोत्तर राज्यों के लिए सरकार के साथ बिजली तथा शहरी विकास क्षेत्रों में चल रही योजनाओं तथा प्रस्तावों की समीक्षा की। असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा के शहरी विकास मंत्रियों और सचिवों,आयुक्तों ने केंद्रीय योजनाओं के कार्यान्वयन में प्रमुख चुनौतियों और मुद्दों को प्रस्तुत किया और केंद्र से अनुरोध किया कि वह पूर्वोत्तर राज्यों को वित्तीय सहायता बढ़ाने पर विचार करे, क्योंकि इस क्षेत्र के सभी राज्यों को विशिष्ट भौगोलिक और पर्यावरणीय चिंताओं का सामना करना पड़ रहा है। बैठक में शहरी विकास विभाग ने उपलब्धियों और प्रधानमंत्री आवास योजना सहित प्रमुख योजनाओं के बारे में जानकारी दी। राज्य सरकार ने पीएमएवाई घरों के लिए कार्पेट एरिया को 30 वर्ग मीटर से बढ़ाकर 50 वर्ग मीटर करने और उनके निर्माण के लिए भारत सरकार के अंशदान में वृद्धि करने का अनुरोध किया। दो दिवसीय दौरे के पहले दिन, ईटानगर नगर निगम में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय से वित्त पोषण और पूर्वोत्तर राज्यों को एकमुश्त वित्त पोषण फिर से शुरू करने की मांग की गई। खट्टर ने आश्वासन दिया इस क्षेत्र की अनूठी जलवायु परिस्थितियों और पहाड़ी इलाकों को ध्यान में रखते हुए सभी मामलों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा। बैठक में अरुणाचल प्रदेश के सीएम, उपमुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के साथ आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय में अपर सचिव सुरेंद्र बागड़े भी उपस्थित थे। दूसरे दिन खट्टर ने गुवाहाटी में बैठक में पूर्वोत्तर राज्यों में विभिन्न शहरी मिशनों के कार्यान्वयन की स्थिति की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने सम्पूर्ण पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास के प्रति सरकार द्वारा दी गई सर्वोच्च प्राथमिकता पर जोर दिया। उन्होंने विशेष रूप से 2030 तक सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के भारत के संकल्प के संदर्भ में और 2047 तक 'विकसित भारत' के दृष्टिकोण के प्रति माननीय प्रधान मंत्री की प्रतिबद्धता के अनुरूप इस क्षेत्र में स्थायी आवास विकास की तत्काल आवश्यकता की ओर ध्यान आकर्षित किया।

बैठक में आवास और शहरी विकास निगम (हुडको) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक संजय कुलश्रेष्ठ और नेशनल बिल्डिंग्स कंस्ट्रक्शन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनबीसीसी) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के.पी. महादेवस्वामी भी शामिल हुए। उन्होंने क्षेत्र में शहरी और बुनियादी ढांचे के विकास में सहयोग देने के लिए अपनी कंपनियों की निरंतर प्रतिबद्धता की शपथ ली। मनोहर लाल ने आशा व्यक्त की कि पूर्वोत्तर राज्यों में सतत शहरी विकास के लिए रणनीतिक और व्यापक रोडमैप जारी रहेगा।

### सुप्रीम कोर्ट की व्यवस्था से ममता सरकार को फिलहाल मिली राहत

# सीबीआई जांच के लिए राज्य की सहमति जरूरी,गुण-दोष पर किया जाएगा फैसला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में चुनाव के बाद हुई हिंसा के मामलों में ममता बेनर्जी सरकार की दायर याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई योग्य माना है। बिना राज्य सरकार की अनुमति के सीबीआई द्वारा एफआईआर दर्ज करने के खिलाफ बंगाल सरकार ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। कोर्ट ने कहा कि बंगाल सरकार द्वारा केंद्र के खिलाफ दायर मुकदमा, जिसमें केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा एफआईआर दर्ज करने को चुनौती दी गई है, कानूनी रूप से विचारणीय है।

ममता सरकार का कहना था कि सीबीआई एक केंद्रीय जांच एजेंसी है और केंद्र सरकार उसका दुरुपयोग कर रही है। न्यायमूर्ति बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने केंद्र की दलीलों को खारिज कर दिया।



### बंगाल सरकार ने सहमति वापस ले ली थी



सुप्रीम कोर्ट ने राज्य के भीतर सीबीआई जांच के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार के मुकदमे से संबंधित मुद्दों को तय करने के लिए अगली सुनवाई 13 अगस्त को निर्धारित की है। राज्य सरकार ने 2018 में सीबीआई जांच के लिए अपनी सामान्य सहमति वापस लेने के बाद शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। अदालत ने ममता के प्रशासन द्वारा दायर इस मुकदमे की स्थिरता के बारे में 8 मई को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

### भारत संघ के खिलाफ कार्रवाई का कोई कारण नहीं : केंद्र का तर्क



बंगाल की ओर सेअधिवक्ता कपिल सिब्बल ने तर्क दिया कि 16 नवंबर, 2018 को राज्य द्वारा सहमति वापस लेने के बाद, केंद्र सीबीआई को अपने अधिकार क्षेत्र में जांच करने की अनुमति नहीं दे सकता। उन्होंने कहा,राज्य की सहमति के बिना सीबीआई की कोई भी कार्रवाई गैरकानूनी होगी। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि न तो केंद्र और न ही उसके विभाग सीबीआई जांच पर पर्यवेक्षी नियंत्रण रखते हैं। उन्होंने मुकदमे की स्थिरता के बारे में भी प्रारंभिक आपत्तियां उठाई।

### कानूनी आधार और संवैधानिक संदर्भ देखेंगे

बंगाल सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 131 के तहत मूल मुकदमा दायर किया। यह अनुच्छेद राज्यों और केंद्र के बीच ऐसे मामलों में सर्वोच्च न्यायालय को मूल अधिकार क्षेत्र प्रदान करता है। राज्य ने आरोप लगाया कि उसके क्षेत्र में सीबीआई जांच के लिए सहमति वापस लेने के बावजूद संघीय एजेंसी द्वारा अभी भी मामला दर्ज किया जा रहा है।

### भाजपा ने 'यूक्रेन युद्ध' पर उठाए सवाल

# खुशी,गर्व पर भी नकारात्मकता फैलाती है कांग्रेसः त्रिवेदी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने कांग्रेस पर खुशी और गर्व के मौके पर भी नकारात्मकता फैलाने का आरोप लगाया है। पीएम नरेंद्र मोदी की रूस यात्रा का जिक्र करते हुए कांग्रेस ने यूक्रेन को लेकर चुप्पी साधे रहने का आरोप लगाते हुए सवाल खड़े किए थे जिस पर भाजपा ने पलटवार किया है।

भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने बुधवार को कहा कि विपक्ष खुशी और गर्व के मौके पर भी नकारात्मकता फैलाने पर तुला हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि कोई भी शुभ अवसर हो, वे नकारात्मक और शर्मनाक टिप्पणियां करना शुरू कर देंगे। त्रिवेदी ने कहा कि अब, वे हमसे 'यूक्रेन' के बारे में पूछ रहे हैं। मैं कांग्रेस पार्टी से पूछना चाहता हूं कि क्या उन्होंने अपनी सीडब्ल्यूसी में रूस-यूक्रेन मुद्दे पर कोई प्रस्ताव पारित किया है! उन्होंने कहा कि आज 140 करोड़ देशवासियों के लिए गर्व और संतुष्टि की अनुभूति का अवसर है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रूस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया गया है। उनके कार्यों और शानदार नेतृत्व की अत्यधिक सराहना की जाती है और उन्होंने उन्हें दुनिया का सबसे पसंदीदा नेता बना दिया है।

### नड्डा से मिलकर बडौली ने जताया आभार

# हरियाणा भाजपा अध्यक्ष ने बीएल संतोष से भी की भेंट

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



हरियाणा भाजपा के नवनियुक्त अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने बुधवार को नई दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की।

हरियाणा में भाजपा संगठन की बागडोर सौंपने पर बड़ौली ने भाजपा अध्यक्ष नड्डा का आभार जताया। इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच हरियाणा विधानसभा के आगामी चुनाव और संगठन से जुड़े मुद्दों पर विशेषतौर पर चर्चा हुई। बडौली ने कहा कि उन्होंने पार्टी अध्यक्ष नड्डा से भेंट कर मुझे नव दायित्व देने पर आभार व्यक्त किया और उनका मार्गदर्शन लिया। हरियाणा भाजपा अध्यक्ष ने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव संगठन बीएल संतोष से भी मुलाकात की।

### फिर सामने आया हिट एंड रन का मामला

# अब नासिक में अनियंत्रित कार ने महिला को कुचला

एजेंसी ▶▶ नासिक



महाराष्ट्र के वर्ली हिट एंड रन मामला अभी सियासी गलियारों से लेकर आमजन तक चर्चाओं में बना हुआ है। इस बीच एक और इसी तरह का मामला सामने आया है।

अब नासिक में एक तेज रफ्तार कार ने 31 वर्षीय एक महिला को कुचल दिया। घटना मंगलवार की है। पुलिस ने बताया कि 51 वर्षीय कार चालक घटनास्थल से फरार हो गया था। लेकिन बाद में गिरफ्तार कर लिया गया। गंगापुर पुलिस थाने ने बताया कि आरोपी की पहचान ध्रुव नगर निवासी देवचंद रामभाऊ तिडमे के रूप में की गई है। वह सतपुर एमआईडीसी इलाके में एक कंपनी में काम करता है। मृतका की पहचान हनुमान नगर निवासी अर्चना किशोर शिंदे के रूप में हुई। वह शाम करीब 6बजे काम से पैदल घर लौट रही थी। बरदान फाटा-शिवाजी नगर रोड पर टक्कर मारी।

### 'वर्ली' का मिहिर 7 दिन की हिरासत में



**मुंबई।** मुंबई के वर्ली में बीएमडब्ल्यू कार से महिला को रौंदने वाले मिहिर को अदालत ने 16 जुलाई तक 7 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने अदालत से कहा कि वह यह पता लगाना चाहती है कि दुर्घटना के बाद आरोपी ने कार की नंबर प्लेट कहां छोड़ी थी। दुर्घटना के बाद आरोपी ने किससे संपर्क किया और कार किसके नाम पर है?

### मिहिर के पिता को शिवसेना ने पद से हटाया

मिहिर के पिता राजेश शाह सीएम एकनाथ शिंदे की शिवसेना में पदस्थ नेता थे। इस घटना के बाद शिवसेना ने राजेश शाह को पार्टी के उपनेता पद से हटा दिया। कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) ने सरकार पर आरोप लगाया था।

हरियाणा सरकार

"हम किसानों को सोलर पंप की सुविधा दे रहे हैं, खेतों के किनारे सोलर पैनल लगाने में मदद कर रहे हैं और इससे अन्नदाता, ऊर्जादाता भी बन रहा है। किसान के खर्च में भी कमी आई है और उसे कमाई का एक अतिरिक्त साधन भी मिला है।"
– नरेन्द्र मोदी



प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान

75% अनुदान राशि पर 3 एच.पी. से 10 एच.पी. सोलर पंप के लिए आवेदन आमंत्रित हैं

सोलर पंप लगवाने के इच्छुक किसान अपनी खेती की आवश्यकता के अनुसार पंप की क्षमता और प्रकार का चयन करके अपनी भरोसेमंद कंपनी को चुनें और अपना लाभार्थी हिस्सा जमा करवाएं।



आवेदन saralharyana.gov.in पोर्टल पर 11.07.2024 से 25.07.2024 तक करें

अधिक जानकारी के लिए

अपने जिले के अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय से सम्पर्क करें

अथवा

क्यू आर कोड स्कैन करें

HAREDA

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग, हरियाणा

अक्षय ऊर्जा भवन, सेक्टर-17, पंचकूला Ph: 0172-3504085

ई-मेलः hareda@chd.nic.in, Website: www.hareda.gov.in

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

- घरेलू उद्योग को इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए
- समूह ने भारत में 15 साल में 100 अरब डॉलर निवेश की प्रतिबद्धता जताई
- स्विस घड़ियां, चाकलेट और तराशे गए हीरे देश में होंगे सस्ते

### भारत और ईएफटीए ने 10 मार्च को समझौते पर किए थे हस्ताक्षर

# यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ भारत में निवेश को लेकर उत्साहित: गोयल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि चार सदस्यीय यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) भारत में निवेश को लेकर उत्सुक है और घरेलू उद्योग को इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए। भारत और ईएफटीए ने 10 मार्च को मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।*

समूह ने भारत में 15 साल में 100 अरब डॉलर के निवेश को लेकर प्रतिबद्धता जतायी है। साथ स्विस घड़ियां, चॉकलेट और तराशे गये हीरों पर कम या शून्य शुल्क पर सहमति जतायी गयी। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ के सदस्य आइसलैंड, लिसटेंस्टिन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड हैं।

### ईएफटीए निवेश के लिए है

गोयल ने कहा कि वह ईएफटीए प्रतिबद्धताओं को आगे बढ़ाने के लिए रविवार को स्विट्जरलैंड के लिए रवाना होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि यह 100 अरब डॉलर की प्रतिबद्धता प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के लिए है न कि पोर्टफोलियो निवेश के लिए।

### पहली बार नौकरियों की बात कही गई

गोयल ने यहां उद्योग के कार्यक्रम में कहा, 'इतिहास में पहली बार, एक एफटीए में निवेश और नौकरियों की बात कही गयी है। यदि वे (ईएफटीए) निवेश प्रतिबद्धताओं को पूरा नहीं करते हैं, भारत एफटीए में दी गई रियायतें वापस ले सकता है।'

### समूह को तीन साल की मोहलत दी गई

समझौते के क्रियान्वयन के बाद पहला 50 अरब डॉलर का निवेश 10 साल में जबकि शेष अगले पांच साल में होगा। व्यापार समझौते में दायित्वों को पूरा करने के लिए समूह को तीन साल की मोहलत भी दी गयी है। गोयल ने देश के निर्यात के बारे में कहा कि 2030 तक वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात को 2,000 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य हासिल करने लायक है।



### चार वर्षों में देश होगा तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था

गोयल ने कहा कि देश की आर्थिक वृद्धि की गति को देखते हुए, भारत लगभग चार वर्षों में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। मंत्री ने उद्योग से अनुपालन बोझ को और कम करने पर विचार साझा करने का भी सुझाव दिया।

### निवेश 15 साल में होने हैं

दोनों पक्षों के बीच व्यापार समझौते के प्रावधानों के अनुसार, यदि चार देशों का समूह 100 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धताओं को पूरा नहीं करता हैं, तो भारत के पास ईएफटीए देशों के सामान पर सीमा शुल्क छूट को अस्थायी रूप से वापस लेने का विकल्प होगा। ये निवेश 15 साल में होने हैं।

### ब्रिटेन की नई सरकार उत्साहित

गोयल ने यह भी कहा कि भारत और ब्रिटेन प्रस्तावित द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौते के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन की नई सरकार के जो शुरुआती बयान आये हैं, वे काफी उत्साहजनक हैं। ब्रिटेन के नव-निर्वाचित प्रधानमंत्री कीअर स्टॉर्मर ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बात की।

### भारत-ब्रिटेन जल्द पहुंचेगे निष्कर्ष पर

गोयल ने कहा कि वह एक एफटीए को अमलीजामा पहनाने को तैयार हैं। यह दोनों पक्षों के लिए काम करेगा। दोनों नेताओं ने पारस्परिक रूप से लाभदायक भारत-ब्रिटेन एफटीए के जल्दी ही निष्कर्ष पर पहुंचाने की दिशा में काम करने पर सहमति जतायी।

# सेंसेक्स 427 अंक टूटकर रिकॉर्ड स्तर से फिसला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को भारी बिकवाली से बीएसई सेंसेक्स 426 अंक से अधिक टूटकर रिकॉर्ड स्तर से नीचे फिसल गया। हाल की तेजी के बाद बाजार में चौतरफा मुनाफावसूली देखने को मिली जिससे धातु, वाहन और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों के शेयर काफी नुकसान में रहे। कारोबारियों के अनुसार, अमेरिका में नीतिगत दर में कटौती को लेकर अनिश्चितता से भी घरेलू बाजार प्रभावित हुआ। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 426.87 अंक की गिरावट के साथ 79,924.77 अंक पर बंद हुआ। एक समय बाजार ने 915.88 अंक का गोता लगाकर 79,435.76 अंक पर आ गया था। निफ्टी भी 108.75 अंक की गिरावट के साथ 24,324.45 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'कंपनियों के तिमाही नतीजों की शुरुआत से पहले घरेलू बाजार में मुनाफावसूली हुई।



- निफ्टी में भी 109 अंक की गिरावट

### इन शेयरों में रही घट-बढ़

सेंसेक्स के शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा छह प्रतिशत नीचे आ गया। इसके अलावा टाटा स्टील, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, भारतीय स्टेट बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा मोटर्स और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर भी नुकसान में रहे। वहीं लाभ में रहने वाले शेयरों में एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, पावरग्रिड, अदाणी पोर्ट्स और भारती एयरटेल शामिल हैं।




## वेदांता में कारोबार विभाजन जारी, गठित होंगी छह नई कंपनियां

**नई दिल्ली।** वेदांता लिमिटेड के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने बुधवार को कहा कि कंपनी अपने विभिन्न कारोबार को अलग करने की योजना पर आगे बढ़ रही है, जिससे छह नई कंपनियां बनेंगी और व्यापक मूल्य हासिल किया जा सकेगा। वेदांता को अपने कारोबार को अलग करने की योजना के लिए ज्यादातर कर्जदाताओं से मंजूरी मिल गई है। यह कंपनी को छह स्वतंत्र सूचीबद्ध कंपनियों में विभाजित करने की योजना के लिए एक अहम कदम है।

- योजना के लिए ज्यादातर कर्जदारों से मिली मंजूरी

**इससे बड़े पैमाने पर मूल्य हासिल होगा:** अग्रवाल ने वेदांता के शेयरधारकों की 59वीं वार्षिक आम बैठक को संबोधित करते हुए कहा, 'हम अपने कारोबार को अलग करने की योजना पर आगे बढ़ रहे हैं। इससे छह सशक्त कंपनियों का निर्माण होगा जिनमें से प्रत्येक अपने-आप में वेदांता होगी। इससे बड़े पैमाने पर मूल्य हासिल होगा।'

## सोना 400 रुपये मजबूत, चांदी 94,400 रुपये पर स्थिर

**नई दिल्ली।** आभूषण विक्रेताओं की ताजा लिवाली के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोना 400 रुपये के उछाल के साथ 75,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 74,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा था। चांदी 94,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर अपरिवर्तित रही। सराफा बाजारों में सोना पिछले बंद भाव के मुकाबले 400 रुपये बढ़कर 75,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा है। बाजार सूत्रों ने कहा कि घरेलू मांग बढ़ने से सोने की कीमतों में तेजी देखी गई। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में हाजिर सोना 12.60 डॉलर प्रति औंस बढ़कर 2,380.50 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था।

**सूचना**

**सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।**

# 'विकसित भारत' का खाका पेश कर सकता है बजट: रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इस महीने पेश किये जाने वाले बजट में 2047 तक 'विकसित भारत' के लिए खाका और राजकोषीय मजबूती के लिए मध्यम अवधि की योजना पेश कर सकती हैं। वैश्विक ब्रोकरेज कंपनी मॉर्गन स्टेनले ने बुधवार को एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया है।

रिपोर्ट में कहा गया, 'राजकोषीय सूझ-बूझ वाले रुख के साथ हमारा अनुमान है कि राजस्व व्यय के मुकाबले पूंजीगत खर्च पर जोर बना रहेगा। साथ ही भौतिक, सामाजिक और डिजिटल बुनियादी ढांचे तक पहुंच में सुधार के साथ लक्षित सामाजिक क्षेत्र पर ध्यान दिया जाएगा।'

- मोर्गन स्टेनले ने एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया
- राजस्व व्यय के मुकाबले पूंजीगत खर्च पर जोर बना रहेगा

सीतारमण 23 जुलाई को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पूर्ण बजट पेश करेंगी। ब्रोकरेज कंपनी ने अनुमान जताया है कि चालू वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटा लक्ष्य जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) के 5.1 प्रतिशत पर बना रहेगा। यह अंतरिम बजट में तय लक्ष्य के अनुरूप है। साथ ही सरकार अगले वित्त वर्ष तक इसे 4.5 प्रतिशत पर लाने के लक्ष्य पर कायम रहेगी। वित्त वर्ष 2023-24 में राजकोषीय घाटा जीडीपी का 5.6 प्रतिशत था।

### राजकोष के मोर्चे पर गुंजाइश बेहतर हुई

रिपोर्ट के अनुसार, 'भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से अपेक्षा से अधिक लाभांश मिलने के साथ राजकोष के मोर्चे पर गुंजाइश बेहतर हुई है। इससे पूंजीगत व्यय की गति बनाये रखने और लक्षित कल्याणकारी उपायों पर खर्च बढ़ाने में मदद मिलेगी।'

## चार सरकारी बैंकों ने सरकार को 6,481 करोड़ का दिया लाभांश

**नई दिल्ली।** केनरा बैंक और इंडियन बैंक समेत सार्वजनिक क्षेत्र के चार बैंकों ने बुधवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को वित्त वर्ष 2023-24 के लिए कुल 6,481 करोड़ रुपये के लाभांश चेक सौंपे। वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, 'वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) देबदत्त चंद से वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 2,514.22 करोड़ रुपये का लाभांश चेक प्राप्त हुआ।' इसी तरह, केनरा बैंक के एमडी और मुख्य कार्यपालक अधिकारी के सत्यनारायण राजू ने 1,838.15 करोड़ रुपये का लाभांश चेक सौंपा। चेन्नई स्थित इंडियन बैंक ने भी पिछले वित्त वर्ष के लिए सरकार को 1,193.45 करोड़ रुपये का लाभांश चेक दिया।



- वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सीतारमण को लाभांश चेक सौंपा

## भारत में स्वास्थ्य और शिक्षा पर बाल मजदूरी का प्रभाव

**नई दिल्ली।** एक्शनएड एसोसिएशन के प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर सुदत्ता खुंतिया ने कहा कि बाल मजदूरी भारत की एक बड़ी समस्या है, जो लाखों बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा पर बुरा असर डालती है। इन बच्चों से कम उम्र में ही जबरन कठोर काम करवाया जाता है, जिसके चलते वे शिक्षा और स्वास्थ्य के मूल अधिकारों से वंचित रह जाते हैं। बहुत से काम तो ऐसे होते हैं, जहां वे हानिकारक रसायनों, हैवी मशीनरी या अत्यधिक तापमान के संपर्क में रहते हैं, जिसकी वजह से उन्हें श्वसन तंत्र, मांसपेशियों या हड्डियों या त्वचा की बीमारियां हो जाती हैं। बाल मजदूरी करने वाले बच्चों के लिए एक और गंभीर समस्या है कुपोषण। कई घंटों तक मुश्किल काम के बावजूद उन्हें सेहतमंद आहार नहीं मिलता, जिसकी वजह से उनका इम्यून सिस्टम कमज़ोर रह जाता है और उनमें बीमारियों की संभावना बढ़ जाती है, उनके शरीर का विकास ठीक से नहीं हो पाता। साथ ही बाल मजदूरी करने वाले बच्चे पढ़ाई में अच्छा परफोर्मेन्स नहीं दे पाते, या फिर उनकी स्कूली शिक्षा बीच में ही छूट जाती है। इस वजह से उनके लिए भावी अवसर सीमित हो जाते हैं और बड़े होने पर उन्हें अच्छी नौकरी नहीं मिल पाती। गरीबी का यह चक्र पीढ़ी दर पीढ़ी जारी रहता है। कुल मिलाकर बाल मजदूरी बच्चों के सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं शिक्षा के अधिकारों में रूकावट बन जाती है। इस उल्लंघन को रोकने के लिए व्यापक रणनीतियों की आवश्यकता है जैसे बाल मजदूरी के खिलाफ़ सख्त कानून बनाना, बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं कौशल में सुधार लाना और उनके परिवारों को आर्थिक सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना। बाल मजदूरी के मूल कारण को हल कर भारत अपने बच्चों के लिए स्वस्थ, शिक्षित और समृद्ध भविष्य को सुनिश्चित कर सकता है।

## रेलवे दो साल में दस हजार जनरल कोच बनाएगी

**नई दिल्ली।** आम रेल यात्रियों के सफर को सुविधाजनक बनाने के मकसद से भारतीय रेलवे अगले दो वित्त वर्षों में 10,000 गैर-वातानुकूलित डिब्बों का निर्माण करने जा रहा है। उत्तर रेलवे ने एक बयान में यह जानकारी देते हुए कहा कि इस पहल का मकसद आम रेल यात्रियों के लिए सुविधाएं बढ़ाना है। अगले दो वर्षों में 10,000 गैर-वातानुकूलित डिब्बे बनाए जाने के बाद कुल यात्री डिब्बों में इनका हिस्सा 22 प्रतिशत बढ़ जाएगा।

**अभियुक्त व्यक्तियों की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि दो अभियुक्तयों **(1) पंकज चौहान पुत्र श्री एस. एन.चौहान (2) सौनिका चौहान पत्नीः पंकज चौहान पताः मकान नं. आर–2जे–7/262, पश्चिमी सागरपुर, नई दिल्ली द्वितीय पता मकान संख्या सी–116, सुशांत आर्केड सुशांत लोकेशन–1, गुड़गांव हरियाणा ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 319/2018 धारा 420/406/467/468/506 /34 भा.द.स. के तहत** थानाः सागरपुर, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **(1) पंकज चौहान (2) सौनिका चौहान** मिल नहीं रहे है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **(1) पंकज चौहान (2) सौनिका चौहान** फरार हो गये है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 319/2018 धारा 420/406/467/468/506/34 भा.द.स. के तहत थाना सागरपुर, दिल्ली के उक्त (1) पंकज चौहान (2) सौनिका चौहान** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **21.08.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**ईशा सिंह**
**महानगरीय मजिस्ट्रेट–03**
**कक्ष संख्या – 18, मुख्य भवन**
**पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली**

DP/8925/SW/2024

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **फिरोज पुत्रः मुश्ताक अली, पताः** डी–30, टी. कैंप, खिचड़ीपुर, कल्याणपुरी, दिल्ली, ने **FIR No. 672/2021 U/S 25 ARMS ACT थानाः कल्याण पुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **फिरोज,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **फिरोज,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 672/2021 U/S 25 ARMS ACT थानाः कल्याण पुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **फिरोज,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.08.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री प्रीति अग्रवाल,**
**एलडी एमएम, कोर्ट नं. 29,**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/8881/ED/2024**
**(Court Matter)**

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | ब्लड डोनर चेयर्स की खरीद। | बंद होने की तिथि 15.07.2024 | 1.25 लाख | www.mdu.ac.in | 8295951007 uyrc@mdurohtak.ac.in |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in**

संवाद-13/2025/40/27670/I/88/7 दि. 10.07.24

## राशिफल

**मेष** — संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष** — खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** — कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**वृश्चिक** — संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

**धनु** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** — आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।


**मीन** — किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

# वर्षा ऋतु में होने वाली बीमारियां एवं उनका आयुर्वेदिक उपचार

**नागपुर।** वर्षा ऋतु एक ऐसी ऋतु है, जिसका सभी को बेसब्री से इंतजार रहता है। 3-4 माह की भयंकर गर्मी से आहत हर प्राणी शीघ्र वर्षा आए ऐसी कामना करता है। वर्षा आते ही सभी जीव-जन्तुओं एवं पेड़-पौधों में नवजीवन का संचार हो जाता है, हरियाली छा जाती है, मोर नाचते हैं, कोयल कूकती है, जिससे मन प्रफुल्लित हो जाता है। प्रकृति ने 6 ऋतुएं प्रदान की है। ग्रीष्म, वर्षा, शरद, हेमंत, शिशिर और बसंत इन 6 ऋतुओं में किस प्रकार का आहार एवं विहार करना चाहिए। बारिश में यदि व्यक्ति भीग जाता है तब सर्दी, खांसी, बुखार, अतिसार, मलेरिया होना इत्यादि रोग शीघ्र प्रकट होते है। वर्षा में हवा में नमी रहती है। मक्खी व मच्छर की अधिकता होती है, पानी दूषित होता है, फल एवं सब्जियां अच्छी नहीं मिल पाती इत्यादि कारणों से विभिन्न प्रकार के रोग प्रकट होते है। उनमें सामान्य रूप से होने वाले कुछ रोग एवं उनका आयुर्वेदिक उपचार यहां वर्णित है। वर्षा ऋतु में सर्वप्रथम हमें रोगों से बचने का उपाय करना चाहिए। बारिश में भीगने से बचना चाहिए, भीग भी गये है तो घर पर पुनः स्वच्छ पानी से स्नान कर शरीर को सुखा लेना चाहिए। स्वच्छ पानी पीना चाहिए। पानी को उबालकर पीए घर में पूर्ण स्वच्छता रखें। गरिष्ठ पदार्थो का सेवन न करें। दिन में शयन न करे। घर के बाहर जमे एकत्र पानी पर कीटनाशक छिड़कें। तेज हवा में शयन न करें। इन सब उपायों से काफी कुछ रोगों से बचा जा सकता है, फिर भी यदि कुछ मिथ्या आहार विहार वश रोग उत्पन्न हो तो निम्न उपचार करें। सामान्यतया वर्षा ऋतु में सबसे अधिक सर्दी-खाँसी का प्रकोप होता है। सर्दी व उसके बाद खाँसी कुछ दिन तक बने रहती है। बार-बार छींक आती है, खाने में रूचि होती है, शरीर में दर्द होता है। बैद्यनाथ कासामृत 2-2 चम्मच दिन में 3 बार लेवें। यदि खाँसी ज्यादा हो तो सितोपलादि चूर्ण आधा -आधा चम्मच दो बार शहद से लेवें। यदि बुखार तेज ठण्ड लगकर आ रहा हो तो बैद्यनाथ महासुदर्शन घन वटी-टेबलेट सुबह-शाम पानी के साथ लें। भोजन में हल्का व पाचक खाना लें।



## शब्द पहेली - 5568



**बाएँ से दाएँ**
1.जो आदरणीय न हो–6
5.अनुक्षेपक,अंश –4
8.साथ–2
9.छोटी तलवार–3
10.विदेशी शराब का एक प्रकार –2
11.दुश्मनी–4
12.इस जगह–2
14.अनवरत–4
16.लाचार,बेबस–3
18.धुलाई करना–4
20.न्यूनता,निम्नता–5
23.समुद्री यात्री–5
26.पूंजी,संपत्ति–4
27.असंयमी,स्वच्छंद–3
29.वन में रहनेवाला–4
30.उम्मीद,आशा–2
32.सौंठ,एक कंद–4
33.जोर,बल–2
35.बसंतकाल–3
36.जोश,उग्रता–2
37.पाताल–4
38.सभ्य,होनहार–3,3

**ऊपर से नीचे**
1.जो संवैधानिक न हो–6
2.सांप,सर्प–2
3.दानेदार–4
4.जिगर,कलेजा–3
5.प्रेम,प्यार–3
6.पंख,पराया–2
7.मरियल, निर्बल–4
11.शत्रुता,वैमनस्यता (उर्दू–4)
13.शिकार फंसाने के लिए चिल्लाना–2
15.सुस्त,उनींदा–4
17.पदक–3
18.विश्वासघात–4
19.बहुमूल्य पत्थर–2
21.रानी,शहजादी–3
22.फलों का जूस–2
24.कुतरने वाला–4
25.मानक समुद्र तल (अंग्रेजी–2,1,3)
27.अपमान,उपेक्षित–4
28.पिता की बहन–2
29.सुखद वस्तु, ईष्ट कृपा, नेमत–4
31.बलवान–3
32.प्रार्थना–3
34.तिल,मस्सा–2
36.52 पत्तों का खेल, प्लेइंग कार्ड–2

**शब्द पहेली- 5567 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | द | त | न | ■ | ल | ■ | वा | य | लि | न |
| ■ | ल | ■ | रा | ■ | प | व | न | ■ | ख | फा |
| ए | ■ | ■ | ध | व | ल | ■ | र | ■ | ■ | स |
| ह | र | द | म | ■ | पा | ल | ■ | फ | क | त |
| सा | ■ | म | ■ | दा | ना | ■ | सा | ■ | मा | ■ |
| न | वी | न | त | म | ■ | अ | ज | वा | ई | न |
| ■ | र | ■ | वा | ■ | स | दा | ■ | रि | ■ | वी |
| प | ता | का | ■ | ह | क | ■ | अ | स | मा | न |
| र | ■ | ■ | जी | ■ | प | र | दा | ■ | ■ | ता |
| वा | त | ■ | न | ल | का | ■ | व | ■ | द | ■ |
| ज | रु | र | त | ■ | ना | ■ | त | ल | वा | र |

## सूडोकु नवताल - 5579

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 5 | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| | | | 6 | | | 7 | 4 | |
| 6 | | | 2 | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 8 |
| | | | 7 | | 5 | | | 3 |
| | 4 | 7 | | | 1 | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| | | | | | | 5 | 2 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

**सूडोकु नवताल - 5578 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 9 | 2 | 6 | 8 | 5 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 | 2 | 3 |
| 7 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 2 | 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 5 |



25 मैचों में दागे
28 गोल
14 गोल कोपा अमेरिका के
2-0 से कनाडा का हराया

# कोपा अमेरिका : मेसी ने दागा रिकार्ड 109वां गोल, फाइनल में अर्जेंटीना

एजेंसी ▶▶| ईस्ट रदरफोर्ड

लियोनेल मेसी के अपने कॅरियर के 109वें अंतरराष्ट्रीय गोल और वर्तमान टूर्नामेंट के पहले गोल के दम पर गत चैंपियन अर्जेंटीना ने कनाडा को 2-0 से हराकर कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंटके फाइनल में प्रवेश किया। अर्जेंटीना की तरफ से जूलियन अल्वारेज़ ने 22वें मिनट में पहला गोल किया जबकि मेसी ने 51वें मिनट में एन्जो फर्नांडीज के शॉट को गोल में भेज कर उसकी बढ़त दोगुनी की। मेसी के सामने तब गोलकीपर मैक्सिम क्रेप्यू थे लेकिन इस स्टार फुटबॉलर के आगे उनकी एक नहीं चली।



## मेसी दुनिया दूसरे सर्वश्रेष्ठ गोल स्कोरर

मेसी ने अर्जेंटीना के लिए अपने पिछले 25 मैचों में 28 गोल किए हैं। वह कोपा अमेरिका में अब तक 14 गोल कर चुके हैं जो रिकॉर्ड से तीन गोल कम हैं। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में मेसी से अधिक गोल पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो के नाम पर दर्ज हैं जिन्होंने अभी तक 130 गोल किए हैं। ईरान के अल देई के नाम 1993 से 2006 तक 108 या 109 गोल दर्ज हैं। इक्वाडोर के खिलाफ 2000 में किए गए उनके गोल को लेकर विवाद है क्योंकि इस मैच के अंतरराष्ट्रीय दर्जे को लेकर मतभेद हैं।

## 10 मैचों से अजेय

अर्जेंटीना ने यह जीत अपने स्वतंत्रता दिवस पर हासिल की जिससे उसका अजेय अभियान 10 मैच तक पहुंच गया है। अर्जेंटीना रविवार को होने वाले फाइनल में उरुग्वे या कोलंबिया का सामना करके रिकॉर्ड 16वां कोपा खिताब जीतने की कोशिश करेगा।

## देश के लिए खेलता रहूंगा

'जैसा मैंने पहले कहा था कि मेरा आगे भी खेलने का इरादा है। मैं भविष्य के बारे में सोचने के बजाय हर दिन को जीना चाहता हूं। मैं अभी 37 साल का हूं और मैं खेल को कब अलविदा कहूंगा इसके बारे में केवल भगवान ही जानता है।'

-लियोनेल मेसी

# यूरो 2024 : स्पेन ने फ्रांस को 2-1 से हराकर फाइनल में बनाई जगह



**म्यूनिख।** लैमिन यामल यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप में सबसे कम उम्र में गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए जिसकी मदद से स्पेन ने फ्रांस को 2-1 से हराकर यूरो 2024 के फाइनल में प्रवेश किया। फ्रांस ने रैंडल कोलो मुआनी के आठवें मिनट में काइलियन एमबाप्पे के क्रॉस पर हेडर से किए गए गोल के दम पर शुरुआती बढ़त हासिल की लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाया। स्पेन की तरफ से 16 वर्ष के यामल ने 21वें मिनट में बराबरी का गोल दागा। इसके चार मिनट बाद डैनी ओल्मो ने निर्णायक गोल किया। स्पेन रविवार को बर्लिन में होने वाले फाइनल में इंग्लैंड या नीदरलैंड का सामना करेगा।

## अब तक 13 गोल

*स्पेन यूरो 2024 में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीम रही है। यह एकमात्र टीम है जिसने अपने सभी मैच जीते हैं और 13 गोल किए हैं, जो यूरोपीय चैंपियनशिप में सबसे अधिक गोल करने के स्पेनिश रिकॉर्ड के बराबर और फ्रांस के 1984 में बनाए गए रिकॉर्ड से एक गोल कम है।*

## खबर संक्षेप



### रचिन को न्यूजीलैंड का केंद्रीय अनुबंध

**ऑकलैंड।** न्यूजीलैंड के भारतीय मूल के क्रिकेटर रचिन रविंद्र को वनडे विश्व कप सहित पिछले एक साल में शानदार प्रदर्शन के कारण पहली बार केंद्रीय अनुबंध में शामिल किया गया है। इस 24 वर्षीय ऑलराउंडर को उन 20 खिलाड़ियों में शामिल किया गया है जिन्हें न्यूजीलैंड क्रिकेट ने 2024-25 के सत्र के लिए केंद्रीय अनुबंध दिया है। रविंद्र ने पिछले सत्र में 578 रन बनाए और वह सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों में चौथे नंबर पर रहे। वनडे विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के बाद उन्हें आईपीएल की नीलामी में चेन्नई सुपर किंग्स में 1.80 करोड रुपए में खरीदा था।

### रियाज और रज्जाक को पीसीबी ने पद से हटाया



**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पिछले महीने टीम के टी20 विश्व कप में निराशाजनक प्रदर्शन को देखते हुए पूर्व टेस्ट क्रिकेटर वहाब रियाज और अब्दुल रज्जाक को अपनी चयन समिति से बर्खास्त कर दिया। वहाब और रज्जाक एक ऐसी समिति का हिस्सा थे, जिसका कोई अध्यक्ष नहीं था और इसमें राष्ट्रीय टीम के कप्तान, मुख्य कोच और एक डेटा विश्लेषक शामिल थे। पीसीबी ने बयान में कहा, 'पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड पुष्टि करता है कि उसने अब्दुल रज्जाक और वहाब रियाज को सूचित कर दिया है कि राष्ट्रीय चयन समिति में अब उनकी सेवाओं की आवश्यकता नहीं होगी।'

### पैरा निशानेबाज रुबिना ने जीता ओलंपिक कोटा



**नई दिल्ली।** भारतीय पैरा निशानेबाज रुबिना फ्रांसिस और स्वरुप उन्हाल्कर ने बुधवार को 'वाइल्डकार्ड' के अंतर्गत पेरिस पैरालंपिक का कोटा हासिल किया जिससे इन खेलों में पैरा निशानेबाजों की संख्या 10 हो गई। भारतीय पैरालंपिक समिति ने रुबिना (महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच1) और स्वरुप (पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल एचएच1) के लिए वाइल्डकार्ड स्थान के लिए आग्रह किया था। पिछले साल हांग्झोउ एशियाड खेलों की स्वर्ण पदक विजेता और विश्व रैंकिंग में दूसरे नंबर पर काबिज रुबिना और स्वरुप अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में निरंतर प्रदर्शन करते रहे हैं।

# टी-20 : सुंदर ने तीन विकेट लेकर की कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी

# भारत ने जिंबाब्वे को हराया, शृंखला में बनाई 2-1 की बढ़त, गिल की फिफ्टी

एजेंसी ▶▶| हरारे

भारत ने जिंबाब्वे के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बुधवार को यहां 23 रन की जीत के साथ पांच मैच की श्रृंखला में 2-1 की बढ़त बनाई। भारत के 183 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जिंबाब्वे की टीम ऑफ स्पिनर वाशिंगटन सुंदर (तीन विकेट) के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के सामने छह विकेट पर 159 रन ही बना सकी। आवेश खान ने 39 रन देकर दो जबकि खलील अहमद ने 15 रन देकर एक विकेट चटकाया। डियोन मायर्स (नाबाद 65 रन) ने कॅरियर का पहला अर्धशतक जड़ा लेकिन जिंबाब्वे को जीत नहीं दिला सके। उन्होंने जिंबाब्वे की बेहद खराब शुरुआत के बाद क्लाइव मेडांडे (37) के साथ छठे विकेट के लिए 77 और वेलिंगटन मसाकाद्ज़ा (नाबाद 18) के साथ सातवें विकेट के लिए 21 गेंद में 43 रन की अटूट साझेदारी भी की।



## शुभमन का अर्धशतक

सलामी बल्लेबाज गिल ने इससे पहले 49 गेंद में सात चौकों और तीन छक्कों से 66 रन की पारी खेलने के अलावा यशस्वी जायसवाल (36) के साथ पहले विकेट के लिए 67 और रुतुराज गायकवाड़ (49) के साथ तीसरे विकेट के लिए 62 रन की साझेदारी की जिससे भारत ने चार विकेट पर 182 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया।

## स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल का बेनेट बो रजा | 36 | 27 | 4 | 2 |
| गिल का रजा बो मुजरबानी | 66 | 49 | 7 | 3 |
| अभिषेक का मरुमानी बो रजा | 10 | 09 | 1 | 0 |
| गायकवाड़ का माधेवेरे बो मुजरबानी | 49 | 28 | 4 | 3 |
| संजू सैमसन नाबाद | 12 | 07 | 2 | 0 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 08, कुल : 20 ओवर में 182/4
गेंदबाजी : बेनेट 1-0-15-0, नगारवा 4-0-39-0, चतारा 3-0-30-0, मुजरबानी 4-0-25-2, रजा 4-0-24-2, मसाकाद्ज़ा 3-0-25-0, माधेवेरे 1-0-19-0.

| जिंबाब्वे | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| माधेवेरे का अभिषेक बो आवेश | 01 | 02 | 0 | 0 |
| मरुमानी का दुबे बो खलील | 13 | 10 | 3 | 0 |
| बेनेट का बिश्नोई बो आवेश | 04 | 05 | 1 | 0 |
| डियोन मायर्स नाबाद | 65 | 49 | 7 | 1 |
| रजा का रिंकू बो सुंदर | 15 | 16 | 3 | 0 |
| कैंपबेल का स्था पराग बो सुंदर | 01 | 02 | 0 | 0 |
| मेडांडे का रिंकू बो सुंदर | 37 | 26 | 2 | 2 |
| मसाकाद्ज़ा नाबाद | 18 | 10 | 1 | 1 |

अतिरिक्त : 05, कुल : 20 ओवर में 159/6
गेंदबाजी : खलील 4-0-15-1, आवेश 4-0-39-2, बिश्नोई 4-0-37-0, सुंदर 4-0-15-3, अभिषेक 2-0-23-0, दुबे 2-0-27-0.

## टी20 विश्व कप

# द्रविड़ ने जीता दिल, बोनस राशि लेने से किया इंकार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारत के पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने हाल में टी20 विश्व कप में टीम की खिताबी जीत के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड द्वारा ढाई करोड़ रुपए की अतिरिक्त बोनस राशि की पेशकश ठुकरा दी है।

द्रविड़ को राष्ट्रीय टीम की सफलता के बाद बोनस राशि की पेशकश की गई थी लेकिन उन्होंने अन्य कोचिंग स्टाफ के समान ढाई करोड़ रुपए लेने की इच्छा जताई। बारबाडोस में भारत की खिताबी जीत के बाद बीसीसीआई उन्हें खिलाड़ियों के समान पांच करोड़ रुपए देना चाहता था लेकिन एजेंसी को पता चला है कि यह 51 वर्षीय पूर्व क्रिकेटर अन्य कोचिंग स्टाफ के समान राशि लेकर खुश है। द्रविड़ का भारत के कोच के रूप में कार्यकाल पिछले साल स्वदेश में 50 ओवर के विश्व कप के बाद खत्म हो गया था। हालांकि कप्तान रोहित शर्मा और बीसीसीआई द्रविड़ को टी20 विश्व कप तक पद पर बने रहने के लिए मनाने में सफल रहे।

## महान भारतीय क्रिकेटर गावस्कर हुए 75 वर्ष के



**नई दिल्ली।** अपने जमाने में दुनिया के कुछ सबसे खतरनाक तेज गेंदबाजों का सामना करने वाले दिग्गज बल्लेबाज और पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर बुधवार को अपना 75वां जन्मदिन मना रहे हैं। आज के युवा क्रिकेट प्रेमियों के लिए गावस्कर जैसे दिग्गज की महानता को सही मायने में समझना बहुत मुश्किल है क्योंकि वे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) जैसी ताबड़तोड़ लीग को देखते हुए बड़े हुए हैं। पूर्व क्रिकेटर से कमेंटेटर बने महान खिलाड़ी गावस्कर की छवि उनके दिमाग में इतनी विशाल नहीं है।

## विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट

# रिकॉर्ड 13वीं बार अंतिम-4 में पहुंचे नोवाक जोकोविच



एजेंसी ▶▶| लंदन

दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने कूल्हे की चोट के कारण बुधवार को एलेक्स डि मिनोर के हटने पर विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

ऑस्ट्रेलिया के नौवें वरीय डि मिनोर ने सेंटर कोर्ट पर जोकोविच के खिलाफ होने वाले क्वार्टर फाइनल मुकाबले से घंटों पहले टूर्नामेंट से हटने की घोषणा की। इस वॉकओवर से जोकोविच ने 13वीं बार विंबलडन सेमीफाइनल में जगह बनाई और इस तरह से उन्होंने पुरुष एकल में रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी की। दूसरे वरीयता प्राप्त जोकोविच ने पुरुष एकल में रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम खिताबों में से सात विंबलडन में जीते हैं। फाइनल में जगह बनाने के लिए जोकोविच का सामना शुक्रवार को टेलर फ्रिट्ज और लोरेंजो मुसेटी के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

## हार के साथ शीर्ष वरीय सिनर बाहर

शीर्ष वरीय यानिक सिनर को दानिल मेदवेदेव ने पांच सेट तक चले कड़े मुकाबले में हराकर यहां विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाई। मेदवेदेव ने पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए सिनर को 6-7 (7), 6-4, 7-6 (4), 2-6, 6-3 से हराया। सिनर के इस मुकाबले के दौरान अपने ट्रेनर से उपचार लेना पड़ा और वह तीसरे सेट में कोर्ट से चले गए थे। यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाया कि सिनर को क्या हुआ था। लॉकर रूम में जाने से पहले उनकी हृदय गति की जांच भी की गई। इटली का यह 22 वर्षीय खिलाड़ी लगभग 10 मिनट बाद वापस लौटा और फिर से खेलना शुरू किया।

## पूजा की महत्वपूर्ण होगी भूमिका

**चेन्नई।** भारतीय महिला टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 श्रृंखला में किए गए प्रदर्शन से बेहद प्रभावित हैं और उनका मानना है कि बांग्लादेश में



अक्टूबर में होने वाले टी20 विश्व कप में उनकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होगी। वस्त्राकर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 श्रृंखला में 8 विकेट लिए। उन्होंने तीसरे और अंतिम मैच में 13 रन देकर 4 विकेट हासिल किए जो उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भारत ने इस मैच में 10 विकेट से जीत दर्ज करके ती8न मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर की।

वेतन द्रविड़ और शास्त्री के समान होने की उम्मीद

# गंभीर के वेतन के करार पर अभी हस्ताक्षर नहीं

एजेंसी ▶▶| द नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच के तौर पर गौतम गंभीर की नियुक्ति की वित्तीय औपचारिकताएं अभी पूरी की जानी बाकी हैं। इस समय उनके लिए सबसे अहम चीज तीन साल के कार्यकाल के दौरान आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार होने के मद्देनजर पसंदीदा सहयोगी स्टाफ रखना है। मंगलवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड सचिव जय शाह ने आधिकारिक रूप से गंभीर की नियुक्ति की घोषणा की जिसका



लंबे समय से पूर्वानुमान लगाया जा रहा था। हालांकि पता चला है कि उनका वेतन अभी तय किया जाना बाकी है, हालांकि यह उनके पूर्ववर्ती राहुल द्रविड़ और रवि शास्त्री के समान होने की उम्मीद है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, 'गौतम के लिए जिम्मेदारी संभालना ज्यादा महत्वपूर्ण था, वेतन और अन्य चीजों पर काम किया जा सकता है। यह 2014 में रवि शास्त्री जैसा मामला ही है जिसमें उन्हें पहली बार मुख्य कोच डंकन फ्लेचर की जगह क्रिकेट निदेशक बनाया गया था। जिस दिन रवि जुड़े थे, उनका तो अनुबंध भी नहीं था और चीजें बाद में पूरी की गईं। गौतम के मामले में भी, कुछ बारिकियों पर काम जारी है।

## संन्यास ले लिया पर टीम से जुड़ा रहूंगा

*नई दिल्ली। भारतीय फुटबॉल के महान खिलाड़ी सुनील छेत्री ने भले ही अंतरराष्ट्रीय करियर को*



*अलविदा कह दिया हो लेकिन वह टीम के साथ जुड़े रहेंगे और उनका कहना है कि वह देश को मुकाम पर पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ट्रॉफी दौरे को हरी झंडी दिखाई। इस कार्यक्रम में मौजूद छेत्री ने कहा कि भारत एक दिन ऐसे मुकाम पर पहुंचेगा जिसका देश के लोगों ने सपना देखा है।*

## ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड 844 अंक के साथ शीर्ष पर

# सूर्यकुमार टी20 रैंकिंग में दूसरे स्थान पर बरकरार

एजेंसी ▶▶| दुबई

स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। जिंबाब्वे में चल रही श्रृंखला में अच्छे प्रदर्शन के बाद ऋतुराज गायकवाड़ की रैंकिंग में भी सुधार हुआ है।



सूर्यकुमार 821 अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड 844 अंक के साथ शीर्ष पर हैं।इंग्लैंड के फिल सॉल्ट 797 अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं जबकि पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम (755), मोहम्मद रिजवान (746) और जोस बटलर (716) का नंबर उनके बाद आता है। जिंबाब्वे के खिलाफ दूसरे टी20 में भारत की 100 रन की आसान जीत के दौरान 47 गेंद में नाबाद 77 रन की पारी खेलने वाले गायकवाड़ 13 स्थान के फायदे से सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं।

टी20 विश्व कप के लिए भारत के रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल रिंकू सिंह चार स्थान के फायदे से 39वें स्थान पर हैं। उन्होंने दूसरे टी20 में 22 गेंद में नाबाद 48 रन बनाए। पहले मैच में खाता खोलने में नाकाम रहने के बाद ऑलराउंडर अभिषेक ने दूसरे मैच में सिर्फ 47 गेंद में 100 रन की पारी खेली। इस पारी की बदौलत उन्होंने 75वें स्थान के साथ पहली बार रैंकिंग में जगह बनाई।

## अक्षर गेंदबाजों की सूची में नौवें स्थान पर

टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजों की सूची में बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल नौवें स्थान के साथ शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय गेंदबाज हैं। उन्हें दो स्थान का नुकसान हुआ है। उनके 644 अंक हैं। भारत के बाएं हाथ के एक अन्य स्पिनर कुलदीप यादव भी तीन स्थान के नुकसान से 11वें स्थान पर खिसक गए। टी20 विश्व कप के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी जसप्रीत बुमराह भी दो स्थान के नुकसान से 14वें पायदान पर हैं। भारत के उप कप्तान हार्दिक पंड्या को टी20 अंतरराष्ट्रीय ऑलराउंडर की सूची में एक स्थान का नुकसान हुआ है। वह दूसरे स्थान पर हैं। श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा शीर्ष पर हैं। पहले मैच में 27 रन की पारी खेलने के अलावा दो मैच में तीन विकेट चटकाने वाले भारत के वाशिंगटन सुंदर शीर्ष 50 में शामिल हो गए हैं। ऑलराउंडर की सूची में अक्षर 12वें स्थान पर हैं।




दोनो तरफ फंसे यात्री लोगों की बढ़ी मुश्किलें

# बद्रीनाथ हाईवे पर पाताल गंगा के पास भयंकर भूस्खलन, यात्रा मार्ग बंद

*उत्तराखंड में मानसून की बारिश से पहाड़ों में भूस्खलन की घटनाएं सामने आ रही हैं। बद्रीनाथ हाईवे पर दो दिनों में दो बड़ी घटना के वीडियो सामने आए हैं।*

एजेंसी ▶▶ देहरादून

बद्रीनाथ हाईवे एनएच-7 पाताल गंगा के पास पहाड़ी से भारी मात्रा में पहाड़ी का हिस्सा टूटने से बद्रीनाथ हाईवे राष्ट्रीय राजमार्ग बंद हो गया। सुरक्षा की दृष्टि से यात्रियों को चमोली, पीपलकोटी, कर्णप्रयाग में रोके गए हैं। एक दिन पहले मंगलवार को जोशीमठ के पास चट्टान टूटने से बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग बंद हो गया था। बीते 24 घंटे में यात्रा सुचारू नहीं हो पाई है। बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर पातालगंगा लंगसी टनल के पास दोपहर बाद पहाड़ी से भूस्खलन हो गया।





हाईवे पर धूल के गुबार के साथ टूटा पहाड़

मार्ग को खोलने का काम जारी है



## गनीमत रही बड़ा हादसा नहीं हुआ

*गनीमत रही कि उस समय वहां पर कोई यात्री और गाड़ी नहीं थी। नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। बता दें कि बीते तीन दिनों से कोई बारिश नहीं हुई, लेकिन पहाड़ भरभराकर टूट रहे हैं। जिस जगह पर पागल नाला में भूस्खलन हुआ है वो पुराना लैंडस्लाइड जोन है। अभी यहां पर मलबे को हटाया नहीं जा सका है। जोशीमठ में लैंडस्लाइड से दोनों तरफ यात्री फंसे हुए हैं। जिससे लोगों की मुश्किलें बढ़ गई है। मौसम विभाग ने एक बार फिर बुधवार को तेज बारिश की संभावना जताई है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से कुमाऊं मंडल के चम्पावत और नैनीताल जिले के कुछ हिस्सों में भारी से भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।*

## शिमला में लगातार बारिश, भूस्खलन, नाले हुए ओवरफ्लो

*शिमला। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में मॉनसून की बारिश डराने लगी है। यहां पर जमकर पानी बरसा। राजधानी में चार घंटे की बारिश के ओल्ड बस स्टेंड के पास गुरुद्वारा के पास लैंडस्लाइड हो गया। वहीं, टूटू में बारिश के पानी की वजह से नाले ओवर फ्लो हो गए और सड़क किनारे खड़ी गाड़ियों को खतरा पैदा हो गया था। जानकारी के अनुसार, शिमला में बारिश शुरू हुई। इस दौरान लगातार मूसलधार पानी बरसता रहा। यहां पर बारिश की वजह से ठंड भी बढ़ गई हैं।*



## भारत और ऑस्ट्रिया का संयुक्त घोषणा पत्र जारी

# पीएम मोदी ने दोहराया शांति संदेश, चांसलर बोले- रूस-यूक्रेन शांति में भारत का रोल अहम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक दिनी यात्रा पर आस्ट्रिया पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत और ऑस्ट्रिया का संयुक्त घोषणा पत्र जारी करते हुए कहा कि मेरी ये यात्रा विशेष और ऐतिहासिक है। हमने दशकों के सहयोग का खाका तैयार किया है। आज मेरे और चांसलर नेहमर के बीच बहुत सार्थक बातचीत हुई। हमने आपसी सहयोग को और मजबूत करने के लिए नई संभावनाओं की पहचान की है। हमने निर्णय लिया है कि संबंधों को रणनीतिक दिशा प्रदान की जाएगी।

हम दोनों आतंकवाद की कठोर निंदा करते हैं। हम सहमत हैं कि ये किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। इसको किसी तरह भी न्यायोचित नहीं ठहराया जा सकता। पीएम मोदी ने कहा कि मैंने और चांसलर नेहमर ने विश्व में चल रहे विवादों, चाहे यूक्रेन में संघर्ष हो या पश्चिम एशिया की स्थिति, सभी पर विस्तार से बात की है। मैंने पहले भी कहा है कि यह युद्ध का समय नहीं है। हमने दुनिया में चल रहे विवादों पर बात की। हमने यूक्रेन पर भी बात की है। हमने शांति और स्थिरता के लिए बात की है। हम शांति के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। क्लाइमेंट और आतंकवाद भी अहम मुद्दा है।

पीएम मोदी ने कहा कि आज मेरे और चांसलर नेहमर के बीच बहुत सार्थक बातचीत हुई। हमने आपसी सहयोग को और मजबूत करने के लिए नई संभावनाओं की पहचान की है।

ऑस्ट्रिया के चांसलर ने कहा कि भारत एक प्रभावशाली देश है जिसकी रूस-यूक्रेन शांति प्रक्रिया में काफी महत्वपूर्ण भूमिका है

ऑस्ट्रिया के विदेश मंत्री अलेक्जेंडर शालेनबर्ग खुद पीएम मोदी की अगवानी करने के लिए एयरपोर्ट पहुंचे



### शांति के लिए वैश्विक प्रयासों का आह्वान

ऑस्ट्रिया के चांसलर नेहमर और पीएम मोदी ने यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के लिए साझा वैश्विक प्रयासों का आह्वान किया। उन्होंने स्विट्जरलैंड शांति शिखर सम्मेलन में जॉइंट वेस्ट-ग्लोबल साउथ स्ट्रेटेजी की वकालत की। आस्ट्रिया के चांसलर ने कहा कि भारत एक प्रभावशाली देश है।

### सहयोग से स्टार्टअप को देंगे गति

पीएम मोदी ने कहा कि आने वाले दशक के लिए सहयोग का खाका तैयार किया है। यह केवल आर्थिक सहयोग और निवेश तक सीमित नहीं है। ढांचागत विकास, नवाचार, नवीकरणीय ऊर्जा, हाइड्रोजन, जल एवं अपशिष्ट प्रबंधन और क्वांटम जैसे क्षेत्रों में एक दूसरे के सामर्थ्य को जोड़ने का काम किया जाएगा। दोनों देशों की युवा शक्ति और विचारों को जोड़ने के लिए स्टार्ट अप को गति दी जाएगी। गतिशीलका प्रवासन के मामले में साझेदारी पर पहले ही समझौता हुआ है। कानूनी प्रवासनन और कुशल कार्यबल को आगे बढ़ाने में सहयोग दिया जाएगा।

### पीएम ने यात्रा को बताया ऐतिहासिक

पीएम मोदी ने कहा कि मुझे खुशी है कि मेरे तीसरे कार्यकाल की शुरुआत में ही मुझे ऑस्ट्रिया आने का मौका मिला। मेरी यह यात्रा ऐतिहासिक और विशेष है। 41 वर्ष के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने ऑस्ट्रिया का दौरा है। यह भी सुखद संयोग है कि यह यात्रा उस समय हो रही है, जब हमारे आपसी संबंधों के 75 वर्ष पूरे हुए हैं। लोकतंत्र और कानून के शासन जैसे मूल्यों में आपसी विश्वास हमारे संबंधों की नींव हैं। आपसी विश्वास से हमारे रिश्तों को बल मिलता है। आज मेरे और चांसलर नेहमर के बीच बहुत सार्थक बातचीत हुई।

### रूस से ऑस्ट्रिया पहुंचे पीएम मोदी

रूस की यात्रा खत्म कर सीधे यूरोपीय देश ऑस्ट्रिया पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यहां भी भव्य स्वागत हुआ। यूरोपीय देश में प्रधानमंत्री का रेड कार्पेट के साथ वेलकम किया गया। ऑस्ट्रिया के विदेश मंत्री अलेक्जेंडर शालेनबर्ग खुद पीएम मोदी की अगवानी करने के लिए एयरपोर्ट पहुंचे।

ऑस्ट्रिया में पीएम मोदी ने लोगों को संबोधित किया, कहा-

# हम सीना तानकर कह सकते हैं भारत ने युद्ध नहीं, बुद्ध दिए हैं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



ऑस्ट्रिया दौरे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विएना में सामुदायिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने भारतीय मूल के लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज भारत की पूरी दुनिया में बहुत चर्चा हो रही है। हजारों वर्षों से हम दुनिया के साथ ज्ञान और विशेषज्ञता साझा करते रहते हैं। हमें युद्ध नहीं दिया गया। हम सीना तानकर दुनिया को कह सकते हैं कि हमने हमने युद्ध नहीं, बुद्ध दिए हैं। भारत ने हमेशा शांति की बात की है। इसलिए 21वीं सदी की दुनिया में भी भारत अपनी भूमिका को सशक्त करने वाला है। आज दुनिया भारत को विश्व बंधु के रूप में देखती है, ये हमारे लिए गर्व की बात है। आज भारत के बारे में सुनकर आपका सीना भी 56 इंच का हो जाता होगा। इससे पहले पीएम मोदी ने कहा कि ऑस्ट्रिया का ये मेरा पहला दौरा है, जो उत्साह, उमंग मैं यहां देख रहा हूं वो अद्भुत है। ये इंतजार एक ऐतिहासिक अवसर पर खत्म हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भौगोलिक दृष्टि से भारत और ऑस्ट्रिया दो अलग-अलग छोर पर हैं, लेकिन हम दोनों के बीच अनेक समानताएं हैं।

**लोकतंत्र पर्व आन बान शान के साथ मनाया है:** पीएम मोदी ने कहा कि ऑस्ट्रिया में कुछ महीनों के बाद चुनाव होने वाले हैं जबकि भारत में हमने अभी-अभी लोकतंत्र का पर्व आन बान शान के साथ मनाया है। आज भारत में चुनावों के बारे में सुनकर दुनिया भर के लोग हैरान हो जाते हैं। कुछ सप्ताह पहले ही संपन्न हुए चुनावों में 650 मिलियन से अधिक लोगों ने मतदान किया, यानी कि 65 ऑस्ट्रिया के बराबर लोगों ने इसमें हिस्सा लिया। कल्पना कीजिए, इतनी बड़ी चुनावी प्रक्रिया होती है, लेकिन मतदान के परिणाम कुछ ही घंटों के अंदर स्पष्ट हो जाते हैं। यह हमारी चुनावी मशीनरी और हमारे लोकतंत्र की ताकत है।

लोकतंत्र हम दोनों देशों को जोड़ता है: स्वतंत्रता, समानता, बहुलवाद और कानून शासन का आदर हमारी साझा मूल्य हैं। हम दोनों समाज बहु संवर्धित और बहुभाषी हैं।




# आज से राजधानी में शुरू होगा बिम्सटेक के विदेश मंत्रियों का दूसरा सम्मेलन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल (बिम्सटेक) के विदेश मंत्रियों का दूसरा सम्मेलन गुरुवार से राजधानी दिल्ली में शुरू होगा। विदेश मंत्रालय ने एक



बयान जारी कर बताया कि विदेश मंत्री एस.जयशंकर इस सम्मेलन में बिम्सटेक के विदेश मंत्रियों की मेजबानी करेंगे। यह आयोजन मुख्य रूप से बंगाल की खाड़ी और तटीय क्षेत्रों में सुरक्षा, व्यापार-निवेश के क्षेत्रों सहित कई अन्य क्षेत्रों में सहयोग को और अधिक मजबूत बनाने के लिए बिम्सटेक देशों को एक अवसर प्रदान करेगा। सम्मेलन 11 से 12 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा। मंत्रालय ने कहा कि बिम्सटेक के विदेश मंत्रियों का पहला सम्मेलन पिछले साल 2023 के जुलाई महीने में थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में आयोजित किया गया था।

## राष्ट्रपति जेलेंस्की को रास नहीं आई पीएम मोदी की रूस यात्रा

# यूक्रेन संघर्ष को खत्म करने में भूमिका निभा सकता भारतः यूएस

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत और रूस के राष्ट्रप्रमुखों के बीच मॉस्को में बीते दिनों हुई द्विपक्षीय बैठक के बाद अमेरिका का एक बयान सामने आया है। जिसमें उसने कहा है कि भारत के रूस के साथ संबंधों को लेकर बनी हुई चिंताओं के बीच अमेरिका लगातार भारत को अपने सामरिक भागीदार के रूप में देखते हुए उसके साथ व्यापक संवाद के पक्ष में है। साथ ही उसे ये भरोसा है कि नई दिल्ली रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को यूक्रेन युद्ध को खत्म करने के लिए राजी कर सकती है। इसका आधार भारत और रूस के मजबूत संबंध हैं। अमेरिका ने भारत से यह अनुरोध भी किया है कि वो रूस को संयुक्त राष्ट्र (यूएन) चार्टर के और यूक्रेन की संप्रभुता व क्षेत्रीय अखंडता के महत्व के बारे में बताए। भारत के रूस के साथ संबंधों से ये संभव है कि यूक्रेन में युद्ध की समाप्ति हो सकती है। यह जानकारी व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन पियरे ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए दी। उनसे संवाददाताओं ने



पीएम मोदी की रूस यात्रा को लेकर अमेरिका की प्रतिक्रिया पर सवाल किए थे। यहां बता दें कि यूक्रेन विवाद के बीच बीती 9 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच मॉस्को में हुए 22 वें वार्षिक शिखर सम्मेलन पर अमेरिका सहित पश्चिम के सभी देशों की निगाहें टिकी हुई थी। इस बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन से कहा था कि यूक्रेन विवाद का समाधान युद्धक्षेत्र में नहीं निकाला जा सकता है और शांति के प्रयास बम और बारूद के बीच सफल नहीं हो सकते हैं। भारत शांति स्थापित करने के लिए हर तरह से सहयोग करने के लिए तैयार है। अमेरिकी प्रेस सचिव ने भारत के रूस से संबंध और प्रधानमंत्री मोदी की मॉस्को यात्रा को लेकर पूछे गए एक अन्य प्रश्न के जवाब में कहा कि दोनों देशों का काफी लंबे समय से संबंध रहा है। लेकिन अमेरिका के संदर्भ में भारत एक सामरिक भागीदार है। जिसके साथ हम लगातार एक पूर्ण और खुला संवाद करना चाहते हैं। इसमें भारत के रूस के साथ संबंध भी शामिल हैं। जहां तक इस सप्ताह होने वाले नाटो सम्मेलन की बात है तो उसमें भी दुनिया निश्चित ही यूक्रेन संघर्ष पर ही ध्यान केंद्रित करेगी। अमेरिकी विदेश विभाग के एक अन्य प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि अमेरिका की भारत और रूस के संबंधों को लेकर चिंता बनी हुई है। हमने इसे निजी तौर पर सीधे भारत सरकार के साथ साझा भी किया है और लगातार ऐसा करते रहेंगे। इस स्थिति में कोई बदलाव नहीं होगा।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109